

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 01 अंकः 285 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 23 जुलाई 2022 vatankiawaz@gmail.com पेजः12 मूल्य 05 रुपया


## मुस्लिमो के मनाने लिए जेडीयू के एमएलसी डॉ.खालिद अनवर ने मुस्लिमो तक पहुंचाया सरकार संदेश।

समाज जागरण नवादा
(आर्यन मोहन)



नवादा :कारवान-ए-फिक्र व अमल अभियान के 52 दिवसीय दौरे पर सूबे के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे जदयू एमएलसी डॉ. खालिद अनवर शुक्रवार को नवादा जिले के पकरीबरावां पहुंचे। उन्होंने पकरी गांव स्थित पकरीबरावां दक्षिणी के सरपंच दरख्शां इरम के आवास के पास लोगों से मुलाकात की। लोगों से उनकी परेशानियों को जाना।

उन्होंने कहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में अल्पसंख्यकों के लिए कई काम हुए। अल्पसंख्यकों के लिए कई योजनाएं चलाई गई, जिसका सीधा लाभ लोगों को मिला है। उन्होंने लोगों को शिक्षा को लेकर जागरूक किया। कहा लोग जागरूक होकर सामाज में भी जागरूकता लाएं। उन्होंने सामाजिक सौहार्द पर भी बल दिया। मुसलमानों को राजनीति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि मुसलमान वैसे राजनीतिक पार्टियों से जुड़े जो आपके लिए सदा हितैषी रही है।

उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मुसलमानों का सच्चा मसीहा बताया। इससे पहले उन्होंने पकरी स्थित मस्जिद गए, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने मस्जिद में जुमे की नमाज भी अदा की। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि मो. नेयाज अख्तर, मुखिया प्रतिनिधि फारुख आजम, पूर्व जिला पार्षद अनवर भट्ट, हाफिज नौशाद, पूर्व मुखिया मुखिया शकील अहमद, वसीम अहमद खान, मो. जावेद सहित अन्य मौजूद थे।

## पंच-सरपंच संघ की बैठक में धरना- प्रदर्शन को सफल बनाने पर हुई चर्चा



नवादा। नवादा जिला मुख्यालय स्थित वरीय नागरिक संघ भवन में शुक्रवार को पंच-सरपंच संघ के जिला कमेटी की बैठक पंच-सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष विजय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 5 अगस्त को प्रदेश पंच-सरपंच संघ के निर्णयानुसार जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पंच- सरपंच संघ अपने विभिन्न मांगों को लेकर 5 अगस्त को धरना- प्रदर्शन करेगा। तत्पश्चात, जिला पदाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को मांगों के समर्थन में स्मा 'पत्र सौंपा जाएगा।बैठक में जिला उपाध्यक्ष बंदना यादव, जिला महामंत्री राकेश कुमार सिंह, काशीचक के प्रखंड अध्यक्ष दयानंद साव, रोह के गोपाल प्रसाद, सिरदला के प्रखंड उपाध्यक्ष शंभू प्रसाद, पकरीबरावां के दामोदर पासवान, सुनील सिंह, मुकेश कुमार, अशोक कुमार सिंह, उमेश रविदास आदि मौजूद थे।

## पत्रकार को खबर लिखने से रोका नहीं जा सकता- सुप्रीम कोर्ट




नई दिल्ली पत्रकारों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर देश के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड ने एक फैसले में उत्तर प्रदेश सरकार के अधिवक्ता के पत्रकार द्वारा सरकार के खिलाफ भविष्य मे न लिखने की शर्त के साथ जमानत देने का अनुरोध किया था। जिस पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ने पत्रकारों को कुछ कहने या लिखने से नहीं रोकने की व्यवस्था देते हुए कहा कि यह बिल्कुल वैसा होगा कि हम एक वकील से यह कहें कि आपको बहस नहीं करनी चाहिए।

वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव सुमित अवस्थी ने सुप्रीम कोर्ट के इस सुप्रीम फैसले का स्वागत करते हुए सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति को पूरे देश के पत्रकार संगठनों की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया है और कहा है कि पत्रकार को देश का चौथा स्तंभ माना जाता है और वह हमेशा देश को मजबूत करने और स्वस्थ समाज की परिकल्पना की आवाज को अपनी लेखनी से उजागर करता है इसलिए उसके स्वस्थ लेखन पर सर्वोच्च न्यायालय ने रोक ना लगा कर देश की प्रशासनिक अधिकारियों को, एक संदेश दिया।

## नगर सिंगाही से छोटी काशी के लिए प्रथम कंवाड यात्रा कोआशिर्वाद देकर किया रवाना

*चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र एवं नगर के सम्भ्रांत व्यक्तियों ने अपना अपना आशिर्वाद देकर भेजा*

दैनिक समाज जागरण/ ब्यूरो
प्रभाकर गीता त्रिपाठी



सिंगाही खीरी--नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा के वार्ड नंबर 12 हनुमान मंदिर से छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए कोरोना काल के बाद प्रथम कांवड यात्रा रवाना हुई जिसमें कांवड़ियों को ,वेदमन्त्र उच्चारण कर पंडित सुरेश त्रिवेदी ने पूजन कराया और चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र,और नगर के सम्भ्रांत व्यक्तियों ने कांवड़ियों का तिलक, चंदन किया फिर वार्ड नंबर 12 के (सभासद प्रतिनिधि) शिशिर गुप्ता ने चेयरमैन और सभी उपस्थित नगर के सम्भ्रांत व्यक्तियों व (थाना प्रभारी सिंगाही) राज कुमार सरोज सहित का स्वागत करते हुए बेलकम बैज लगाया फिर सभी लोगों ने अपना अपना आशिर्वाद दिया जिसमे चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र, सुनील बत्रा, प्रदीप पुरवार (पूर्व चेयरमैन),कमल जायसवाल (नामित सभासद), जोगेंद्र शाक्य (सभासद प्रतिनिधि), शिशिर गुप्ता (सभासद प्रतिनिधि), उमाकांत कटियार (सभासद प्रतिनिधि), संदीप गुप्ता,दारा सिंह, गिरिजेश ठठेरा(सभासद प्रतिनिधि), हृदयेश गुप्ता (सभासद), राहुल गुप्ता (सभासद प्रतिनिधि), राहुल सोनी, आदि अनेक सम्भ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे इसमे कांवडिया मनीश कुमार, मनोज मौर्य, विजय कुमार,आशीष कुमार, अनिल , संजीव कुमार, प्रदीप कुमार, पंकज, मौर्य, इन्द्र पाल, सहजराम, संजीव , मिथिलेश कुमार, बालगोविंद राजपूत, योगेश कुमार आदि अनेक व्यक्ति कांवड़ियों के साथ हर हर महादेव,बोल बल के जय जयकारो के साथ लोग आगे बढ़ते हुए दिखे जो कि गोला गोकर्णनाथ के लिए चले इस सभी कांवड़ियों को उपरोक्त नगर के सम्भ्रांत व्यक्तियों और (थाना प्रभारी सिंगाही) राज कुमार सरोज अपने सहयोगी पुलिस बल के साथ इस कांवड यात्रा को सिंगाही वार्ड नंबर 12 से छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ जाने के लिए अपना अपना आशिर्वाद देकर प्रस्थान कराया।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया 115वां स्थापना दिवस बैंक कर्मियों ने नौनिहालों को किया सम्मानित

दैनिक समाज जागरण



कछौना (हरदोई)। कछौना कस्बे में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा कछौना में 115 स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। बैंकिंग क्षेत्र में बैंक ऑफ बड़ौदा का कार्य सराहनीय है। बैंक ऑफ बड़ौदा की कार्यशैली पारदर्शी व ग्राहकों के प्रतिबद्ध है। बैंक ऑफ बड़ौदा की ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के आमजन मानस को बैंकिंग सेवाएं दे रही है। छोटी-छोटी बचत के माध्यम में लोगों के जीवन में बदलाव आ रहा हैं। आधी आबादी महिलाएं महिला समूह के माध्यम से छोटे-छोटे कार्यों में माध्यम से सशक्त हो रही हैं। वह भी परिवार के भरण-पोषण में सहायक हो रही हैं। वह पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। शाखा प्रबंधक राकेश कुमार गौतम ने बताया शाखा के अंतर्गत 30 हजार बचत खातों के माध्यम से लोग जुड़े हैं।

इस दौरान ग्राम सभा करौली के परिषदीय स्कूलों में बच्चों को कॉपी, स्टेशनरी, पेन वितरण कर हौसला अफजाई की। सामाजिक क्षेत्र व पर्यावरण की रक्षा के लिए वृक्षारोपण का कार्य भी किया गया। इस अवसर पर बैंक कर्मी उमेश शर्मा, ज्ञानेश्वर कुमार, सम्मानित ग्राहक, ग्राम प्रधान , क्षेत्र पंचायत सदस्य ने प्रतिभाग किया। बैंक कर्मियों के मधुर व्यवहार से ग्राहक काफी खुश हैं।

# केजरीवाल और LG के बीच 'नाराजगी' बढ़ी, उपराज्यपाल की बैठक में नहीं पहुंचे CM

***दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के वीकेंड मीटिंग में नहीं पहुंचे. इसे केजरीवाल और राज्यपाल के बीच बढ़ते हुए तल्खी के रूप में देखा जा रहा है.***





दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बीच तल्खी कम होते नहीं दिख रही है. एलजी द्वारा सीएम के सिंगापुर दौरे की फाइल नामंजूर करने के बाद नाराजगी काफी बढ़ गई थी. ऐसे में बताया जा रहा है कि दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना की साप्ताहिक बैठक में सीएम अरविंद केजरीवाल शामिल नहीं हुए.

### फाइल नामंजूर के बाद बढ़ी तल्खी

वहीं, इससे पहले दिल्ली एलजी भी 8 जुलाई को होने वाली साप्ताहिक बैठक में शामिल नहीं हुए थे. बता दें कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल सिंगापुर के दौरे में जाने वाले थे, लेकिन उपराज्यपाल द्वारा उनके दौरे की फाइल को नामंजूर कर दिया गया. इसके बाद से ही राजभवन और दिल्ली सरकार के बीच तल्खी बढ़नी शुरू हो गई थी.

### सीबीआई जांच की सिफारिश

वहीं, राज्यपाल ने दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति पर सीबीआई जांच की सिफारिश कर दी. ऐसे में दिल्ली के मुख्यमंत्री खफा हो गए. सूत्रों से पता चला है कि इसको देखते हुए सीएम केजरीवाल, एलजी की वीकेंड मीटिंग में शामिल नहीं हुए.

## LNMU में छात्रों ने की जमकर तोड़फोड़, सुरक्षा गार्डों के साथ हुई झड़प

समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा



दरभंगाः बिहार के दरभंगा में मिथिला विश्वविद्यालय में स्नातक प्रथम और तृतीय वर्ष का रिजल्ट घोषित नहीं होने और द्वितीय वर्ष के रिजल्ट में भारी गड़बड़ी के विरोध में मिथिला स्टूडेंट यूनियन के छात्रों ने ललित नारायण मिथिला विवि में प्रदर्शन किया. इस दौरान छात्रों ने कैंपस में जमकर तोड़फोड़ की और हंगामा करते हुए विवि का लोहे का गेट तोड़ दिया. जिसके बाद भारी संख्या में छात्र यूनिवर्सिटी कैंपस में घुस गए और हंगामा करने लगे. एलएनएमयू में छात्रों का हंगामाः प्रदर्शन कर रहे छात्रों की सुरक्षा गार्डों और पुलिस से भी झड़प हुई. विवि के सुरक्षा गार्डों और पुलिस की काफी मशक्कत के बाद भी छात्र काबू में नहीं आए. छात्रों ने विवि के प्रशासनिक भवन और परीक्षा विभाग के पास जमकर हंगामा किया. इस दौरान छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक का पुतला बना कर उसपर कालिख पोत दी. इस दौरान काफी देर तक विवि के प्रशासनिक परिसर में अफरातफरी का माहौल बना रहा. रिजल्ट में देरी होने पर छात्रों में गुस्साः मिथिला स्टूडेंट यूनियन के नेता अमन सक्सेना ने कहा कि विवि ने कई महीने बीत जाने के बाद भी स्नातक प्रथम और तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया गया है. वहीं, द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में भारी गड़बड़ी है. बड़ी संख्या में छात्रों को प्रमोटेड और फेल किया गया है. उन्होंने कहा कि इसी को लेकर वे लोग विवि में आंदोलन कर रहे हैं.

## ईडी द्वारा कांग्रेस अध्यक्षा से पूछताछ करने के विरोध में कांग्रेसी सड़क पर

### *जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में किया पैदल मार्च*

दैनिक समाज जागरण /अखिलेश सिंह ब्यूरो हरदोई

हरदोई। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी हरदोई द्वारा दमनकारी मोदी सरकार के इशारे पर ईडी द्वारा परेशान किये जाने के विरोध में हरदोई कांग्रेस कार्यालय से जिन्दपीर चौराहे तक विरोध मार्च निकाला गया।



विरोध मार्च का नेतृत्व जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने कहा कि त्याग साहस और सत्य की प्रतिमूर्ति हैं सोनिया गाँधी जी। अहंकारी सत्ता की दमनकारी नीति का डटकर मुकाबला किया जाएगा।सोनिया गांधी जी ने तीन बार वो कुर्सी ठुकराई है जिस के लिए साहेब दिन-रात झूठ बोलते रहते हैं।सत्ता के अहंकार में इतना दम नहीं है कि सत्य को डरा सके।कांग्रेस का हर कार्यकर्ता जुमलेबाज, प्रचारजीवी के झूठ फरेब का मुकाबला डटकर करेगा। सत्य के लिए संघर्ष जारी है जारी रहेगा।

शहर अध्यक्ष जमील अहमद अंसारी ने कहा कि जिस परिवार ने इलाहाबाद में सैकड़ों करोड़ की कीमत का "आनंद भवन" देश को दान कर दिया, जिस परिवार ने देश के लिये अपने लहू का कतरा कतरा कुर्बान कर दिया हो, मोदी सरकार उस परिवार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रही है।

जिला उपाध्यक्ष डॉ अजीमुश्शान ने कहा कि ईडी के आगे कांग्रेस की आवाज को प्रचारजीवी सरकार कभी दबा नहीं पाएगी।

इस अवसर पर सांडी विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी आकांक्षा वर्मा, बावन ब्लॉक अध्यक्ष कमल सिंह, संडीला ब्लॉक अध्यक्ष नसीम वारसी, अहिरोरी ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा, हरियावां ब्लॉक अध्यक्ष सुदामा प्रसाद, पिहानी ब्लॉक अध्यक्ष अकील खान, टड़ियावां, टोडरपुर ब्लॉक अध्यक्ष सत्तार खान, गोपमाउ नगर अध्यक्ष शकील खान, शाहाबाद नगर अध्यक्ष मान सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश राठौड़, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष निर्भान सिंह यादव, ब्लॉक उपाध्यक्ष नन्दकिशोर अर्कवंशी, जिला उपाध्यक्ष नेतम भारतीय, जिला उपाध्यक्ष साधू सिंह, जिला उपाध्यक्ष हरि ओम त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अनुपम दीक्षित, पूर्व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राम सिंह, जिला सचिव मंजू मित्रा, जिला सचिव अरविंद शुक्ला, जिला सचिव इसलाम गाजी, गुफरान खान, राम कुमार मौर्या, श्रवण कुमार, अनूप कुमार दीक्षित, महताब अहमद, श्रीप्रकाश मिश्रा, संजय कुमार, अभिषेक वर्मा, गुलजार अहमद, अजय पाल, बृजेश कुमार, आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता साथी मौजूद रहे।






## *द्रौपदी मुर्मू की शानदार जीत पर दैनिक समाज जागरण के सभी पत्रकारों ने बधाई दी है*



दैनिक समाज जागरण के जिला प्रभारी मोहम्मद आबिद खान ने देश की दूसरी प्रथम आदिवासी महिला द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति चुना जाना देश के गरीब पिछड़ों एवं आदिवासियों के हित ने बताया मोहम्मद आबिद ने कहा प्रधानमंत्री दामोदर मोदी गरीबों मजलुमो आदिवासियों के हित के लिए कार्य कर रहे हैं आजादी के पहली बार आदिवासी समाज की महिला को दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का राष्ट्रपति बनाना उनकी बेहतरीन सोच को दशार्ता है और यह कमाल मोदी जी ही कर सकते हैं उन्होंने द्रौपदी मुर्मू की शानदार जीत पर दैनिक समाज जागरण के सभी पत्रकारों ने बधाई दी है बधाई देते हुए सभी पत्रकारों ने यह आशा की है कि वे देश को मजबूत बनाने में अपना योगदान देने के साथ गरीब वह मजलूम और आदिवासियों को योगदान देने में मदद करेंगे



## *कारगिल विजय दिवस महोत्सव 26 जुलाई को*

हरदोई। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल ओपी मिश्रा ने बताया है कि आजादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला के अन्तर्गत कारगिल विजय दिवस का महोत्सव 26 जुलाई को समय 11.40 बजे गांधी भवन हरदोई के सभागार मे किया जायेगा।

## आम दिवस पर बच्चों ने उठाया लुत्फ

### *22 जुलाई का दिन और आम की बात ना हो यह कैसे हो सकता है ?*

दैनिक समाज जागरण /अखिलेश सिंह ब्यूरो हरदोई

हरदोई।शहर के न्यू सिविल लाइन इस्थित बचपन प्ले स्कूल में बच्चों ने प्रत्येक वर्ष 22 जुलाई को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय आम दिवस को बड़ी



धूमधाम के साथ मनाया।बच्चों हरे-पीले रंग के पोशाक के साथ हस्तशिल्प से मनाए गए आम के आकार में नजर आये।बच्चों ने स्कूल में जमकर मैंगो पार्टी का लुफ्त उठाया।स्कूल प्रबंधक द्वारा बच्चों को मैंगो जूस वितरित किया गया।मैंगो जूस पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।पूरा प्ले स्कूल हरे-पीले रंग में सराबोर नजर आया।बच्चों ने अपनी शिक्षिकाओं के साथ आम को प्रदर्शित करते सेल्फी फ्रेम में फोटो खिंचवाई।स्कूल की शिक्षिकाओं ने बच्चो को आम के बारे में जानकारी देते हुए बात की आम फलों का राजा हैं, इसमें कई प्रकार के विटामिन मौजूद रहते है जो हमारे शरीर को मजबूत बनाते हैं।आम कई प्रकार के आते है जैसे दशहरी,चौसा,सफेदा।आम भारत के साथ कई अन्य देशों का भी राष्ट्रीय फल है।

## साधना पथ (भाग 204)



साधकों -- आज समाज में हमें दो प्रकार के विद्वान दिखाई पड़ते हैं । एक स्वयंभू विद्वान होते हैं , दूसरे जिसे देश समाज विद्वान के रूप में स्वीकार करता है ।



पहले विद्वान यह कहने से कभी नहीं चूकता कि मैं विद्वान हूं । वह यत्र तत्र सर्वत्र यह कहता रहता है , जनवाने का प्रयास करता रहता है कि मैं विद्वान हूं । वह अपने आगे दूसरे किसी की नहीं सुनता । अपने सामने , आस पास अगर वह किसी को देखता भी है तो उसे किसी न किसी प्रकार से रास्ते से हटाने का पूरा प्रयास करता है । वह कथित विद्वान अपने आपको श्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए तरह तरह के षड्यंत्र करके , हतोत्साहित करके अपने सामने वाले को नीचा दिखाना चाहता है । ऐसे लोग साम , दाम , दण्ड भेद का प्रयोग करने में नहीं चूकते । ऐसे लोग कभी प्रसन्न नहीं दिखाई पड़ते ।

जबकि दूसरे विद्वान कभी अपने मुख से यह नहीं कहते कि हम भी विद्वान हैं । उनके अन्दर नम्रता कूट कूट कर भरी होती है । वे अपनी प्रशंसा के भूखे नहीं होते । लेकिन वे जहां भी रहते हैं , वहां अपने सद्विचार से , अपने आचरण से , अपने कार्यों से दूसरों को यह कहने पर मजबूर कर देते हैं कि अमुक विद्वान हैं । वह स्वयं अपना ढिंढोरा भले न पीटे परन्तु देश समाज उसका सम्मान करते हैं ।

ऐसे लोगों के लिए मानस में गोस्वामी बाबा कहते हैं -

सुनि पन सकल भूप अभिलाषे ।
भट मानी अतिसय मन माखे ।।

भट मानिअ - हम भी विद्वान है । कौन कहता है तुम विद्वान हो । आगे पंक्ति पर ध्यान देना ।

अतिसय मन माखे -

हमारा मन कहता है कि हम विद्वान हैं
साधकों इसका अर्थ है कि जीवन की समस्या का समाधान मनमुखी ढंग से नही होता ।गुरुमुखी ढंग से होता हैं।

भटभारी अतिसय मनमाखे
हमारा मन कहता हैं । हम बलवान हैं । अपने मन से ही बलवान हैं । बहुत लोग अपने मन से ही विद्वान ,बलवान ,काबिल होते हैं ।

## बाल गंगाधर तिलक

**जीवन परिचय**
बाल गंगाधर तिलक का जन्म 23 जुलाई, सन् 1856 ई. को भारत के रत्नागिरि नामक स्थान पर हुआ था। इनका पूरा नाम 'लोकमान्य श्री बाल गंगाधर तिलक' था। तिलक का जन्म एक सुसंस्कृत, मध्यमवर्गीय ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम 'श्री गंगाधर रामचंद्र तिलक' था। श्री गंगाधर रामचंद्र तिलक पहले रत्नागिरि में सहायक अध्यापक थे और फिर पूना तथा उसके बाद 'ठाणे' में सहायक उपशैक्षिक निरीक्षक हो गए थे। वे अपने समय के अत्यंत लोकप्रिय शिक्षक थे। उन्होंने 'त्रिकोणमिति' और 'व्याकरण' पर पुस्तकें लिखीं जो प्रकाशित हुईं। तथापि, वह अपने पुत्र की शिक्षा-दीक्षा पूरी करने के लिए अधिक समय तक जीवित नहीं रहे। लोकमान्य तिलक के पिता 'श्री गंगाधर रामचंद्र तिलक' का सन् 1872 ई. में निधन हो गया।

**शिक्षा**
बाल गंगाधर तिलक अपने पिता की मृत्यु के बाद 16 वर्ष की उम्र में अनाथ हो गए। उन्होंने तब भी बिना किसी व्यवधान के अपनी शिक्षा जारी रखी और अपने पिता की मृत्यु के चार महीने के अंदर मैट्रिक की परीक्षा पास कर ली।



वे 'डेक्कन कॉलेज' में भर्ती हो गए फिर उन्होंने सन् 1876 ई. में बी.ए. आनर्स की परीक्षा वहीं से पास की सन् 1879 ई. में उन्होंने बंबई विश्वविद्यालय से एल.एल.बी. की परीक्षा पास की और कानून की पढ़ाई करते समय उन्होंने 'आगरकर' से दोस्ती कर ली जो बाद में 'फर्ग्युसन कॉलेज' के प्रिंसिपल हो गए। दोनों दोस्तों ने इस बात पर विचार करते हुए अनेक रातें गुजारीं कि वे देशवासियों की सेवा की कौन-सी सर्वोत्तम योजना बना सकते हैं।

अंत में उन्होंने संकल्प किया कि वे कभी सरकारी नौकरी स्वीकार नहीं करेंगे तथा नई पीढ़ी को सस्ती और अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए एक प्राइवेट हाईस्कूल और कॉलेज चलाएँगे। उनके साथी छात्र इन आदर्शवादी बातों पर उनकी हँसी उड़ाते थे। लेकिन इन उपहासों या बाहरी कठिनाइयों का कोई असर उन दोनों उत्साही युवकों पर नहीं हुआ।

**सार्वजनिक सेवा**
तिलक जी ने स्कूल के भार से स्वयं को मुक्त करने के बाद अपना अधिकांश समय सार्वजनिक सेवा में लगाने का निश्चय किया। अब उन्हें थोड़ी फुरसत मिली थी। इसी समय लड़कियों के विवाह के लिए सहमति की आयु बढ़ाने का विधेयक वाइसराय की परिषद के सामने लाया जा रहा था। तिलक पूरे उत्साह से इस विवाद में कूद पड़े, इसलिए नहीं कि वे समाज-सुधार के सिद्धांतों के विरोधी थे, बल्कि इसलिए कि वे इस क्षेत्र में जोर-जबरदस्ती करने के विरुद्ध थे। सहमति की आयु का विधेयक, चाहे इसके उद्देश्य कितने ही प्रशंसनीय क्यों न रहे हों, वास्तव में हिन्दू समाज में सरकारी हस्तक्षेप से सुधार लाने का प्रयास था। अतः समाज-सुधार के कुछ कट्टर समर्थक इसके विरुद्ध थे। इस विषय में तिलक के दृष्टिकोण से पूना का समाज दो भागों, कट्टरपंथी और सुधारवादियों में बँट गया। दोनों के बीच की खाई नए मतभेदों एवं नए झगड़ों के कारण बढ़ती गई।

**विद्यालय की स्थापना**
उसी समय इन्हीं विचारों के एक बुजुर्ग व्यक्ति 'विष्णु कृष्ण चिपलूनकर' उनसे मिले- जो 'विष्णु शास्त्री' के नाम से जाने जाते थे। उन्होंने उन्हीं दिनों सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे दिया था, क्योंकि अपने अफसरों से उनकी नहीं बनती थी। वे इस निश्चय के साथ पूना आए थे कि वहाँ एक प्राइवेट हाईस्कूल चलाएँगे। वे मराठी के सर्वोत्तम गद्य-लेखक के रूप में प्रसिद्ध हो चुके थे। तिलक और आगरकर ने उनकी योजना को जानने के बाद उनके साथ विचार-विमर्श किया। बाद में इन तीनों के साथ एक और व्यक्ति शामिल हो गया- 'एम.बी. नामजोशी', जो

# महिला सशक्तिकरण की शक्तिशाली प्रतीक, देश की प्रथम महिला आदिवासी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू।

राष्ट्र की जनसंख्या की कुल 8.9 प्रतिशत आदिवासी समुदाय की प्रतिनिधि, एवं महिला सशक्तिकरण की वैश्विक प्रतीक संघर्ष, जिजीविषा की जीती जागती प्रतिमूर्ति देश की 15वीं निर्वाचित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को देश की जनता का अभिवादन, सलाम।
नेशनल डेमोक्रेटिक एलाइंस की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू ने विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को एकतरफा मुकाबले में हराने के साथ ही भारत की पहली आदिवासी राष्ट्रपति बनकर एक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय लिख दिया।
उन्हें यशवंत सिन्हा के खिलाफ 64% वोट प्राप्त हुए और यशवंत सिन्हा को पराजित कर वे राष्ट्रपति निर्वाचित घोषित की गई। द्रौपदी मुर्मू जी को 540 सांसदों सहित 2824 मतदाताओं का साथ मिला जबकि यशवंत सिन्हा को 208 सांसदों सहित 1877 मतदाताओं का समर्थन प्राप्त हुआ था।
यह भारत का सौभाग्य है की द्रौपदी मुर्मू जी देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति एवं प्रथम अनुसूचित जनजाति की राष्ट्रपति निर्वाचित हुई है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व राष्ट्रपति श्री राम कोविंद जी भी दलित समुदाय का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। यह सुखद संयोग है कि भारतीय महिलाओं के लिए 21 जुलाई एक विशेष दिन है इसके पूर्व 15 वर्ष पहले 21 जुलाई को ही श्रीमती प्रतिभा पाटिल देश की 12वीं राष्ट्रपति निर्वाचित हुई थी एवं 25 जुलाई को शपथ ग्रहण किया था। श्रीमती प्रतिभा पाटिल वर्ष 2005 से लेकर 2012 तक देश की राष्ट्रपति रही। इसी तरह श्रीमती द्रौपदी मुर्मू भी 25 जुलाई को शपथ ग्रहण करेंगी। श्रीमती मुर्मू 20 जून 1958 को सुपरबेड़ा जिला मयूरभंज उड़ीसा में जन्मी थी। वे देश की सबसे कम उम्र की राष्ट्रपति होंगी, इसके पूर्व कम उम्र के राष्ट्रपति होने का रिकॉर्ड डॉक्टर नीलम संजीव रेड्डी का 1977 में बना था जब वे निर्विरोध निर्वाचित राष्ट्रपति बने थे।
भारत में जनसंख्या के हिसाब से महिलाओं की आबादी पुरुषों के बराबर ही है यानी कि 50% है। द्रोपदी मुर्मू की जीत से महिला सशक्तिकरण को काफी बल तथा ऊर्जा मिलने वाली है। स्त्री सशक्तिकरण का एक स्पष्ट संदेश न सिर्फ महिलाओं में जाएगा बल्कि आदिवासी क्षेत्र में रहने वाले समूचे आदिवासी जगत में भी यह संदेश राष्ट्रीय एकता के रूप में जाने वाला है। यह आपको बता दूं देश में 47 लोकसभा तथा 487 विधानसभा की सीटों के लिए अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण की सुविधा भारतीय संविधान ने उपलब्ध कराई गई है। देश की महिलाओं के लिए द्रौपदी मुरमू जी संघर्ष का एक बड़ा प्रतीक मानी जाती हैं। स्त्री सशक्तिकरण एवं महिलाओं की समाज में राजनीति में शासकीय सेवाओं में एवं अन्य क्षेत्रों में बराबर की भागीदारी को निश्चित तौर पर बल प्राप्त होने वाला है। यह भी सुखद संयोग है कि वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री एवं नवनिर्वाचित राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का जन्म स्वतंत्रता के बाद ही हुआ है। श्रीमती मुर्मू स्वतंत्रता के बाद पैदा होने वाली प्रथम राष्ट्रपति हैं, वे स्वतंत्रता प्राप्ति के लगभग 11 साल बाद पैदा हुई थी। इनके पूर्व जितने भी राष्ट्रपति थे वे सब स्वतंत्रता के पूर्व यानी 1947 के पूर्व ही जन्मे थे। अपनी राजनीतिक पार्षद पद से शुरू करके राष्ट्रपति तक बनने की गौरवशाली यात्रा करने वाली देश की प्रथम राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ही होंगी। देश में आदिवासी महिलाओं का सशक्त प्रतिनिधित्व करने वाली श्रीमती द्रौपदी मुर्मू तामझाम तथा तड़क-भड़क से दूर सीधे-साधे स्वभाव की महिला है। ब्रह्माकुमारी आश्रम के ध्यान तथा चिंतन की गहन अभ्यासी भी हैं वे मृदुभाषी तथा आध्यात्मिक प्रवृत्ति की महिला हैं, उल्लेखनीय है कि श्रीमती मुर्मू उपरबेड़ा जैसे छोटे गांव में जन्म लेकर पार्षद से लेकर रायरंगपुर कि 2 बार विधायक रह कर उड़ीसा में दो बार मंत्री पद भी संभाला है, उसके पश्चात वे झारखंड में राज्यपाल भी रही पर अपने व्यक्तिगत जीवन में उन्होंने काफी अवसाद भी झेले हैं। उन्होंने गंभीर अध्यात्म एवं चिंतन उस समय शुरू किया जब 2009 से लेकर 2015 तक 6 वर्षों की अवधि में अपने दो पुत्रों, पति, माता तथा अपने भाई को खोया था। व्यक्तिगत क्षति होने के बाद उन्होंने अध्यात्म और चिंतन के दम पर अपने आप को संभाला एवं सार्वजनिक जीवन में प्रवेश कर महिला सशक्तिकरण की आवाज को बुलंद किया। इसके पश्चात दो बार मंत्री रह कर झारखंड की राज्यपाल भी बनी, उसके पश्चात अब वे राष्ट्र का सर्वोच्च पद महामहिम राष्ट्रपति का गरिमामय पद संभालेंगीं, यह राष्ट्र के लिए अत्यंत गौरव का विषय है की एक दलित आदिवासी संघर्षशील महिला छोटे गांव से उठ कर राष्ट्र के सर्वोच्च पद को संभालने का गौरव प्राप्त कर रही हैं। निसंदेह देश की करोड़ों महिलाओं के लिए वे एक बड़े ही प्रेरणा एवं ऊर्जा का स्रोत होंगी, एवं युवा वर्ग की महिलाओं बेटियों के लिए वह एक आदर्श महिला की तरह भी स्थापित हो चुकी हैं।
उन्हें हम सबका विनम्र अभिवादन एवं शुभकामनाएं।



संजीव ठाकुर, लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़

## चंद्रशेखर आजाद

पंडित चंद्रशेखर आजाद (जन्म- 23 जुलाई, 1906; मृत्यु- 27 फरवरी, 1931) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रसिद्ध क्रांतिकारी थे। 17 वर्ष के चंद्रशेखर आजाद क्रांतिकारी दल ह्यहिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशनह्न में सम्मिलित हो गए। दल में उनका नाम ह्यक्विक सिल्वरह्न (पारा) तय पाया गया। पार्टी की ओर से धन एकत्र करने के लिए जितने भी कार्य हुए, चंद्रशेखर उन सबमें आगे रहे। सांडर्स वध, सेण्ट्रल असेम्बली में भगत सिंह द्वारा बम फेंकना, वाइसराय को ट्रेन बम से उड़ाने की चेष्टा, सबके नेता वही थे। इससे पूर्व उन्होंने प्रसिद्ध ह्यकाकोरी कांडह्न में सक्रिय भाग लिया और पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार हो गए। एक बार दल के लिये धन प्राप्त करने के उद्देश्य से वे गाजीपुर के एक महंत के शिष्य भी बने। इरादा था कि महंत के मरने के बाद मरु की सारी संपत्ति दल को दे देंगे।

**जीवन परिचय**
पंडित चंद्रशेखर आजाद का जन्म एक आदिवासी ग्राम भावरा में 23 जुलाई, 1906 को हुआ था। उनके पिता पंडित सीताराम तिवारी उत्तर प्रदेश के उन्नाव ज़िले के बदर गाँव के रहने वाले थे। भीषण अकाल पड़ने के कारण वे अपने एक रिश्तेदार का सहारा लेकर 'अलीराजपुर रियासत' के ग्राम भावरा में जा बसे थे। इस समय भावरा मध्य प्रदेश के झाबुआ ज़िले का एक गाँव है। चन्द्रशेखर जब बड़े हुए तो वह अपने माताझपिता को छोड़कर भाग गये और बनारस जा पहुँचे। उनके फूफा जी पंडित शिवविनायक मिश्र बनारस में ही रहते थे। कुछ उनका सहारा लिया और कुछ खुद भी जुगाड़ बिठाया तथा 'संस्कृत विद्यापीठ' में भर्ती होकर संस्कृत का अध्ययन करने लगे। उन दिनों बनारस में असहयोग आंदोलन की लहर चल रही थी। विदेशी माल न बेचा जाए, इसके लिए लोग दुकानों के सामने लेटकर धरना देते थे। 1919 में हुए जलियाँवाला बाग नरसंहार ने उन्हें काफी व्यथित किया।

**बचपन का दृढ़निश्चय**
एक आदिवासी ग्राम भावरा के अधनंगे आदिवासी बालक मिलकर दीपावली की खुशियाँ मना रहे थे। किसी बालक के पास फुलझड़ियाँ थीं, किसी के पास पटाखे थे और किसी के पास मेहताब की माचिस। बालक चन्द्रशेखर के पास इनमें से कुछ भी नहीं था। वह खड़ाझखड़ा अपने साथियों को खुशियाँ मनाते हुए देख रहा था। जिस बालक के पास मेहताब की माचिस थी, वह उसमें से एक तीली निकालता और उसके छोर को पकड़कर डरतेझडरते उसे माचिस से रगड़ता और जब रंगीन रौशनी निकलती तो डरकर उस तीली को जमीन पर फेंक देता था।
बालक चन्द्रशेखर से यह देखा नहीं गया, वह बोले-
"तुम डर के मारे एक तीली जलाकर भी अपने हाथ में पकड़े नहीं रह सकते। मैं सारी तीलियाँ एक साथ जलाकर उन्हें हाथ में पकड़े रह सकता हूँ।"
जिस बालक के पास मेहताब की माचिस थी, उसने वह चन्द्रशेखर के हाथ में दे दी और कहा-
"जो कुछ भी कहा है, वह करके दिखाओ तब जानूँ।"
बालक चन्द्रशेखर ने माचिस की सारी तीलियाँ निकालकर अपने हाथ में ले लीं। वे तीलियाँ उल्टीझसीधी रखी हुई थीं, अर्थात कुछ तीलियों का रोगन चन्द्रशेखर की हथेली की तरफ भी था। उसने तीलियों की गड्डी माचिस से रगड़ दी। भक्क करके सारी तीलियाँ जल उठीं। जिन तीलियों का रोगन चन्द्रशेखर की हथेली की ओर था, वे भी जलकर चन्द्रशेखर की हथेली को जलाने लगीं। असह्य जलन होने पर भी चन्द्रशेखर ने तीलियों को उस समय तक नहीं छोड़ा, जब तक की उनकी रंगीन रौशनी समाप्त नहीं हो गई। जब उन्होंने तीलियाँ फेंक दीं तो साथियों से बोले-
"देखो हथेली जल जाने पर भी मैंने तीलियाँ नहीं छोड़ीं।"
उनके साथियों ने देखा कि चन्द्रशेखर की हथेली काफी जल गई थी और बड़ेझबड़े फफोले उठ आए थे। कुछ लड़के दौड़ते हुए उनकी माँ के पास घटना की खबर देने के लिए जा पहुँचे। उनकी माँ घर के अन्दर कुछ काम कर रही थीं। चन्द्रशेखर के पिता पंडित सीताराम तिवारी बाहर के कमरे में थे। उन्होंने बालकों से घटना का ब्योरा सुना और वे घटनास्थल की ओर लपके। बालक चन्द्रशेखर ने अपने पिताजी को आते हुए देखा तो वह जंगल की तरफ भाग गये। सोचा कि पिताजी अब उनकी पिटाई करेंगे। तीन दिन तक वह जंगल में ही रहे। एक दिन खोजती हुई उनकी माँ उन्हें घर ले आईं। उन्होंने यह आश्वासन दिया था कि तेरे पिताजी तेरे से कुछ भी नहीं कहेंगे।




**'आजाद'**
1921 में जब महात्मा गाँधी के असहयोग आन्दोलन प्रारंभ किया तो उन्होंने उसमे सक्रिय योगदान किया। चन्द्रशेखर भी एक दिन धरना देते हुए पकड़े गये। उन्हें पारसी मजिस्ट्रेट मि. खरेघाट के अदालत में पेश किया गया। मि. खरेघाट बहुत कड़ी सजाएँ देते थे। उन्होंने बालक चन्द्रशेखर से उसकी व्यक्तिगत जानकारियों के बारे में पूछना शुरू किया -

**"तुम्हारा नाम क्या है?"**
**"मेरा नाम आजाद है।"**
**"तुम्हारे पिता का क्या नाम है?"**
**"मेरे पिता का नाम स्वाधीन है।"**
**"तुम्हारा घर कहाँ पर है?"**
**"मेरा घर जेलखाना है।"**

मजिस्ट्रेट मि. खरेघाट इन उत्तरों से चिढ़ गए। उन्होंने चन्द्रशेखर को पन्द्रह बेंतों की सजा सुना दी। उस समय चन्द्रशेखर की उम्र केवल चौदह वर्ष की थी। जल्लाद ने अपनी पूरी शक्ति के साथ बालक चन्द्रशेखर की निर्वसन देह पर बेंतों के प्रहार किए। प्रत्येक बेंत के साथ कुछ खाल उधड़कर बाहर आ जाती थी। पीड़ा सहन कर लेने का अभ्यास चन्द्रशेखर को बचपन से ही था। वह हर बेंत के साथ "महात्मा गांधी की जय" या "भारत माता की जय" बोलते जाते था। जब पूरे बेंत लगाए जा चुके तो जेल के नियमानुसार जेलर ने उसकी हथेली पर तीन आने पैसे रख दिए। बालक चन्द्रशेखर ने वे पैसे जेलर के मुँह पर दे मारे और भागकर जेल के बाहर हो गया। इस पहली अग्नि परीक्षा में सम्मानरहित उत्तीर्ण होने के फलस्वरूप बालक चन्द्रशेखर का बनारस के ज्ञानवापी मोहल्ले में नागरिक अभिनन्दन किया गया। अब वह चन्द्रशेखर आजाद कहलाने लगा। बालक चन्द्रशेखर आजाद का मन अब देश को आजाद कराने के अहिंसात्मक उपायों से हटकर सशस्त्र क्रान्ति की ओर मुड़ गया। उस समय बनारस क्रान्तिकारियों का गढ़ था। वह मन्मथनाथ गुप्त और प्रणवेश चटर्जी के सम्पर्क में आये और क्रान्तिकारी दल के सदस्य बन गये। क्रान्तिकारियों का वह दल "हिन्दुस्तान प्रजातंत्र संघ" के नाम से जाना जाता था।

**काकोरी काण्ड**
**मुख्य लेख : काकोरी काण्ड**
किसी बड़े अभियान में चन्द्रशेखर आजाद सबसे पहले "काकोरी डकैती" में सम्मिलित हुए। इस अभियान के नेता रामप्रसाद बिस्मिल थे। उस समय चन्द्रशेखर आजाद की आयु कम थी और उनका स्वभाव भी बहुत चंचल था। इसलिए रामप्रसाद बिस्मिल उसे क्विक सिल्वर (पारा) कहकर पुकारते थे। 9 अगस्त, 1925 को क्रान्तिकारियों ने लखनऊ के निकट काकोरी नामक स्थान पर सहारनपुर - लखनऊ सवारी गाड़ी को रोककर उसमें रखा अंगेजी खजाना लूट लिया। बाद में एकझएक करके सभी क्रान्तिकारी पकड़े गए; पर चन्द्रशेखर आजाद कभी भी पुलिस के हाथ में नहीं आए। यद्यपि वे झाँसी में पुलिस थाने पर जाकर पुलिस वालों से गपशप लड़ाते थे, पर पुलिस वालों को कभी भी उन पर संदेह नहीं हुआ कि वह व्यक्ति महान् क्रान्तिकारी चन्द्रशेखर आजाद हो सकता है। काकोरी कांड के बाद उन्होंने दल का नये सिरे से संगठन किया। अब उसका नाम ह्यहिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन एण्ड आर्मीह्न रखा गया। चंद्रशेखर इस नये दल के कमांडर थे। वे घूम-घूम कर गुप्त रूप से दल का कार्य बढ़ाते रहे। फरारी के दिनों में झाँसी के पास एक नदी के किनारे साधु के रूप में भी उन्होंने कुछ समय बिताया।

झांसी प्रवास
काकोरी काण्ड के कई क्रान्तिकारियों को फाँसी के दंड और कई को लम्बेझलम्बे कारावास की सजाएँ मिलीं। चन्द्रशेखर आजाद ने खिसककर झाँसी में अपना अड्डा जमा लिया। झाँसी में चन्द्रशेखर आजाद को एक क्रान्तिकारी साथी मास्टर रुद्रनारायण सिंह का अच्छा संरक्षण मिला। झाँसी में ही सदाशिव राव मलकापुरकर, भगवानदास माहौर और विश्वनाथ वैशंपायन के रूप में उन्हें अच्छे साथी मिल गए। झाँसी की 'बुंदेलखण्ड मोटर कम्पनी' में कुछ दिन उन्होंने मोटर मैकेनिक के रूप में काम किया, मोटर चलाना सीखा और पुलिस अधीक्षक की कार चलाकर उनसे मोटर चलाने का लाइसेंस भी ले आए। बुंदेलखण्ड मोटर कम्पनी के एक ड्राइवर रामानन्द ने चन्द्रशेखर आजाद के रहने के लिए अपने ही मोहल्ले में एक कोठरी किराए पर दिला दी। सब काम ठीकझठीक चल रहा था; पर कभीझकभी कुछ घटनाएँ मोहल्ले की शान्ति भंग कर देती थीं। आजाद की कोठरी के पास रामदयाल नाम का एक अन्य ड्राइवर सपरिवार रहता था। वैसे तो रामदयाल भला आदमी था, पर रात को जब वह शराब पीकर पहुँचता तो बहुत हंगामा करता और अपनी पत्नी को बहुत पीटता था। उस महिला का रुदन सुनकर मोहल्ले वालों को बहुत ही बुरा लगता था; पर वे किसी के घरेलू मामले में दखल देना उचित नहीं समझते थे। एक दिन सुबहझसुबह चन्द्रशेखर आजाद कारखाने जाने के लिए अपनी कोठरी से बाहर निकले तो रामदयाल से उनकी भेंट हो गई। रामदयाल ने ही बात छेड़ी-

"क्यों हरीशंकर जी ! (आजाद ने अपना नाम हरिशंकर घोषित कर रखा था) आजकल आप बहुत रात जागकर कुछ ठोंकाझपीटी किया करते हैं। आपकी ठुकझठुक से हमारी नींद हराम हो जाती है।
वैसे तो आजाद स्थिति को टाल देना चाहते थे, पर रामदयाल ने जिस ढंग से बात कही थी, वह उत्तर देने के लिए बहुत अच्छी लगी और आजाद ने ईंट का जवाब पत्थर से दिया -
"रामदयाल भाई ! मैं तो कलझपुरजों की ही ठोंकाझपीटी करता हूँ, पर तुम तो शराब के नशे में अपनी गऊ जैसी पत्नी की ही ठोंकाझपीटी करके मोहल्ले भर की नींद हराम

## गणेश गीता (गीता भाग 121)

# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

अतिवादोऽभिमानश्च,
दर्पोऽज्ञानम् सकोपता`
आसुर्या एवमाद्यानि,
चिन्हानि प्रकृतेर्नृप`

हे राजन् ! अतिवाद ,अभिमान,दर्प( घमंड ) अज्ञान,क्रोध ए सब आसुरी प्रकृति के चिन्ह हैं`

निष्ठुरत्वं मदोमोहो,
अहंकारो गर्व एवं च`
द्वेषों हिंसादया क्रोध,
औद्धत्यं
दुर्विनीततो
अभिचारककर्तृत्वं
क्रूर कर्म
रतिस्तथा

राजन्! निष्ठुरथा,मद मोह अहंकार गर्व द्वेष हिंसा क्रूरता क्रोध उदंडता,किसी के नाश के लिये अभिचार कर्म और क्रूर कर्मों में प्रीति करना आसुरी प्रकृति हैं`




अविश्वासः संतां वाक्ये ,
अशुचित्वं
कर्महीनतो
निंदकत्वं च वेदानां,
भक्तानां असुरद्विषां`

श्रेष्ठ पुरुषों के वाक्यों में अविश्वास करना ,अपिवित्रता ,कर्मों के प्रति अरुचि ,वेदों। पुराणों आदि की निंदा करना ,आसुरी प्रवृत्ति के लोगों से प्रीति करना ये सब आसुरी लक्षण हैं`

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# संक्षिप्त न्यूज

## दिल्ली कांग्रेस उपराज्यपाल के नई शराब नीति की सीबीआई जांच के स्वागत करती है। – चौ0 अनिल कुमार

(हरेश उपाध्याय, नीरज अवस्थी) दिल्लीः- दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली को नशे की राजधानी बनाने वाली अरविन्द केजरीवाल की दिल्ली की सरकार की शराब नीति को लागू करने में हुए घोटाले और भ्रष्टाचार की जांच करने की दिल्ली के उपराज्यपाल की सिफारिश का प्रदेश कांग्रेस स्वागत करती है, जबकि कांग्रेस कार्यकर्ता पहले दिन से ही शराब नीति का विरोध कर रहे हैं।जिसके लिए कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने



केजरीवाल की शराब नीति में हुए भ्रष्टाचार की जांच कराने के लिए दिल्ली पुलिस आयुक्त को लिखित शिकायत भी की थी। उन्होंने कहा कि सच को छुपाया नहीं जा सकता। सच यही है कि दिल्ली सरकार पूरी तरीके से भ्रष्टाचार में लिप्त है।चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि शराब नीति में हुए भ्रष्टाचार पर भाजपा की केन्द्र सरकार और दिल्ली की केजरीवाल सरकार आमने सामने है। जबकि दोनो एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप की राजनीति से प्रेरित होकर करते है। उन्होंने कहा कि आबकारी नीति में शराब पीने की कानूनी उम्र 25 से 21 करना, इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इंडिपेंडेंट दुकानों और होटलों को 24 घंटे शराब बेचने की अनुमति, शराब की दुकानों के साईज 150 स्कवायर फिट की जगह 500 स्क्वायर फिट करना, शराब की होम डिलिवरी और शराब की दुकाने खोलने के तय दूरी के नियम की धज्जियां उड़ाने आदि भी जांच के दायरे के विषय है। उन्होंने कहा कि शराब नीति की सीबीआई जांच यदि तय समय और निष्पक्षता से होती है तो वह दिन दूर नही जब केजरीवाल भी जेल में होंगे।

## आदेश गुप्ता ने दिल्लीवासियों के कल्याणार्थ किशनगढ़ स्थित बाबा लटूरिया मंदिर में रुद्राभिषेक किया

(हरेश उपाध्याय) दिल्ली :- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अनुराधा गुप्ता के साथ आज दक्षिणी दिल्ली के किशनगढ़ स्थित बाबा लटूरिया प्राचीन मंदिर में दिल्लीवासियों के कल्याणार्थ रुद्राभिषेक किया। गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि भगवान शिव के प्रार्थना मात्र से ही सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और सावन का यह



पावन महीना विशेष रुप से भगवान शिव को समर्पित हैं। इसलिए मैं भगवान शिव से यही प्रार्थना करुंगा कि दिल्लीवासियों को हमेशा सुख, समृद्धि और संपन्नता के साथ आगे बढ़ते रहने की राह प्रदान करें। गुप्ता ने दिल्लीवासियों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि भगवान शिव दुनिया के कष्टों को हरने वाले है। सावन महीने में भोलेनाथ के पूजा का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि मां पार्वती ने इसी महीने में निराहार रहकर भगवान शिव को पाने के लिए तप किया था। इस अवसर पर महरौली जिलाध्यक्ष जगमोहन महलावत सपत्नीक सहित कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहें।

## सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने से उत्साहित हूं : अजय देवगन

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-सर्वश्रेष्ठ अभिनय के लिए अपने करियर का तीसरा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने पर अजय देवगन ने कहा, 'मैं 'तन्हाजी-द अनसंग वॉरियर' के लिए 68वें राष्ट्रीय पुरस्कारों में सूर्या के साथ सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीतने पर उत्साहित हूं। सूर्या को 'सोरारई पोट्रु' के लिए यह पुरस्कार मिला है। मैं सभी को



धन्यवाद देता हूं। सबसे बढ़कर मेरी क्रिएटिव टीम, दर्शकों और मेरे प्रशंसकों का शुक्रिया करना चाहूंगा। साथ ही अपने माता-पिता और ईश्वर को उनके आशीर्वाद के लिए भी आभार व्यक्त करता हूं। मेरी ओर से अन्य सभी विजेताओं को भी उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई।'

### सीबीएसई बोर्ड का 12 वीं एवं 10 वीं का परिणाम घोषित

## गौरी बिसेन एवं रिशांक तुरकर ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल किया

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा लंबे इंतजार के बाद कक्षा बारहवी एवं दसवी के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। केंद्रीय विद्यालय बालाघाट के विज्ञान संकाय के दो छात्रों गौरी बिसेन एवं रिशांक तुरकर ने बाजी मारी और जिले में प्रथम और द्वितीय स्थान अर्जित किया। कक्षा दसवीं में समर्थ नेमा 96 % के साथ प्रथम स्थान पर रहे।

सत्र 2021-22 में केंद्रीय विद्यालय बालाघाट में कक्षा बारहवीं में विज्ञान संकाय में कुल 43 विद्यार्थी एवं वाणिज्य संकाय में कुल 40 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए । जिनमें से शत प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विज्ञान संकाय में कक्षा बारहवीं में गौरी बिसेन ने 95.8 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान , रिशांक तुरकर ने 95% के साथ द्वितीय स्थान, अंश अमूले ने 93% के साथ तृतीय स्थान ,प्रियांशी ठाकरे ने 89.8 % के साथ चौथा स्थान और विनायक जायसवाल 89.2 % के साथ पांचवा स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में भूमिका राजपूत 91% के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पीयूष चिमनानी ने 89.8% के साथ द्वितीय स्थान, प्रांजल राहतगांवकर ने 88.4% के साथ तृतीय स्थान, प्रांजल बत्रा ने 87.2 % के साथ चौथा स्थान, निधि मंगलानी 86.2 %के साथ पांचवा स्थान प्राप्त किया।

कक्षा दसवीं में केंद्रीय विद्यालय बालाघाट में कुल 102 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए ,जिसमें 99 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। 3 विद्यार्थियों को पूरक आई। दसवीं का परीक्षा परिणाम 97.05% रहा। समर्थ नेमा ने 96% के साथ प्रथम स्थान, कोपल पालेवार ने 94% के साथ द्वितीय स्थान, अमयपुरी गोस्वामी ने 93.8% के साथ तृतीय स्थान, तुषार चौधरी ने 93.6% के साथ चौथा स्थान और आयुष कोरी ने 93% के साथ पांचवा स्थान अर्जित किया ।102 छात्रों में से 12 छात्रों ने 90 के ऊपर प्रतिशत प्राप्त किए।

बालाघाट जिले में तमाम सीबीएसई विद्यालयों में केंद्रीय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय द्वारा बारहवीं का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्रदान किया गया। इस बात की प्रसन्नता विद्यालय के प्राचार्य श्री पी के जैन एवं सभी शिक्षकों के चेहरे पर दिखी। सभी ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# फिर आमने-सामने केजरीवाल और एलजी, एक्साइज पॉलिसी की होगी सी बीआई जांच

(हरेश उपाध्याय, सुनिल मिश्रा) दिल्लीः-दिल्ली के उपराज्यपाल ने केजरीवाल सरकार के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। एलजी विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली सरकार की एक्साइज पॉलिसी के खिलाफ सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं।दिल्ली में मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल के बीच छत्तीस का आंकड़ा है। एक बार फिर दोनों आमने सामने हैं।शुक्रवार को दिल्ली के उपराज्यपाल ने केजरीवाल सरकार के खिलाफ कड़ा कदम उठाया ।एलजी विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली सरकार की एक्साइज पॉलिसी के खिलाफ सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं।केजरीवाल सरकार पर नई आबकारी नीति के तहत शराब की दुकानों के टेंडर में गड़बड़ी का आरोप है। आरोप है कि नई आबकारी नीति में नियमों की अनदेखी करते हुए शराब की दुकानों के टेंडर दिए गए। एलजी ने दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी की रिपोर्ट के बाद सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। इसी महीने की शुरूआत में तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार केजरीवाल सरकार पर जीएनसीटीडी एक्ट 1991, व्यापार लेनदेन नियम 1993, दिल्ली आबकारी नीति 2009 और दिल्ली आबकारी नियम 2010 के उल्लंघन का आरोप है।उन्होंने शराब की नीति जल्दीबाजी में लागू कर,दिल्ली के वार्डों में जगह जगह शराब की दुकानें खोल दी थीं।शराब कंपनियों को कमीशन में गड़बड़झाला कर सरकारी राजस्व का नुकसान किया है।

## टीबी रोगियों के परिजनों को दें टीपीटी– सीएमओ

### राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पब्लिक क्षेत्र चिकित्सकों की आयोजित हुई सीएमई

आगरा (वीएन मिश्र)

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत होटल भावना क्लार्क इन में पब्लिक क्षेत्र के चिकित्सकों की सीएमई आयोजित हुई। इसमें टीबी रोगियों के नोटिफिकेशन करने के बाद उनका उपचार करने और साथ में रोगी के परिवार के सदस्यों को क्षय रोग से बचाने के लिए टीबी प्रिवेंटिव थेरपी (टीपीटी) देने को लेकर चर्चा हुई। इसमें पब्लिक क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने सभी चिकित्सकों को संबोधित करते हुए बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए विभाग की ओर से विभिन्न पहलुओं पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में टीबी रोगी के संपर्क में आने वाले परिवार के लोगों को भी टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी (टीपीटी) दी जा रही है।

सीएमओ ने बताया कि टीबी (ट्यूबरक्लोसिस)रोग माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस जीवाणु से होता है। इसके दो प्रकार हैं। पहला, पल्मोनरी टीबी, दूसरा एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी। पल्मोनरी टीबी में फेफड़े संक्रमित होते हैं। इसकी फैलने की आशंका रहती है। एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी में फेफड़ों के बजाय शरीर के अन्य अंगों पर असर होता है। यह नहीं फैलती है। पल्मोनरी टीबी रोगियों के संपर्क में आए लोगों को टीपीटी दी जा रही है। इसके तहत क्षय रोगी के परिवार के लोगों को छह महीने तक क्षय रोग की प्रतिरोधी दवाएं मौजूद परिवार के सदस्यों के आयु के हिसाब से दी जाएं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शहरी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. पीके शर्मा, शहरी स्वास्थ्य समन्वयक आकाश गौतम, जिला पीपीएम समन्वयक कमल सिंह, अरविंद कुमार यादव, शशीकांत पोरवाल, पंकज सिंह उपस्थित रहे।

## राज्य कर विभाग खण्ड -9 ने जीएसटी अवेयरनेस महाअभियान के अंतर्गत सेमिनार का आयोजन किया

- सेमिनार में अपंजीकृत व्यापारियों पंजीयन के लिये किया प्रोत्साहित
- व्यापारियों पंजीयन के फायदे भी बताए



आगरा। राज्य कर विभाग खंड -9 ने राजस्व वृद्धि हेतु नैनाना जाट में पंजीयन अभियान के अंतर्गत मेगा सेमिनार का आयोजने किया । जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारी व छात्र उपस्थित होकर जीएसटी मे पंजीयन के लाभ के बारे में जानकारी ली। इस बारे में जानकारी देते हुए राज्य कर विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर संदीप रत्न ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निदेर्शों के अनुपालन में वाणिज्यकर खंड- 9 ने आगरा नैनाना जाट में पंजीयन जागरूकता अभियान 2022 के अंतर्गत सेमिनार का आयोजन कराया ।

उन्होंने बताया कि इस सेमिनार में छोटे व्यापारियों को जीएसटी के अंतर्गत निशुल्क रजिस्ट्रेशन के लाभ से अवगत कराया गया। उन्होंने जीएसटी रजिस्ट्रेशन से छोटे व्यापारियों को होने वाले फायदे भी गिनाए ।जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराने पर बिना किसी प्रीमियम भुगतान के 10 लाख के एक्सीडेंटल बीमा योजना के बारे में भी के जानकारी दी । इस सेमिनार में पंजीकृत व्यापारियों द्वारा भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया।

## जल संरक्षण अभियान के अन्तर्गत निकाली रैली

संवाददाता विवेक कुमार
समाज जागरण

लखनऊ/मोहानलालगंज राजधानी लखनऊ मे जनपद स्तर पर 16 से



22 जुलाई के मध्य भूजल सप्ताह का आयोजन किए जाने के क्रम में जिला विकास अधिकारी लखनऊ अजीत कुमार सिंह , परियोजना निदेशक राजेश त्रिपाठी सहित, विकास भवन के कर्मचारियों की मौजूदगी मे सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई जनपद लखनऊ के मार्ग निर्देशन में समस्त विकास खण्डो के अवर अभियन्ता, बोरिंग टेक्नीशियन /सहायक बोरिंग टेक्नीशियन लघु सिचाई लखनऊ एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को भूजल सप्ताह का आयोजन विकास भवन से लेखराज मेट्रो स्टेशन तक रैली का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

रैली में भूगर्भ के गिरते जल स्तर से जन सामान्य को जल बचाने हेतु प्रेरित किया गया।

## श्रमिकों के गोल्डन कार्ड बनाए जाने के उद्देश्य से 25 जुलाई से 14 अगस्त तक चलेगा विशेष अभियान

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप एवं जिलाधिकारी सुहास एलवाई के नेतृत्व में सहायक श्रम आयुक्त गौतम बुद्ध नगर सुभाष चंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि "उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड" द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए साचीज के माध्यम से प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना लागू किये जाने का निर्णय उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लिया गया है, जिसके अन्तर्गत आयुष्मान भारत- प्रधामंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाये जाने के लिए दिनाँक 25.07.2022 से दिनाँक 14.08.2022 तक विशेष अभियान चलाकर श्रमिकों के गोल्डन कार्ड बनाए जाने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह कार्ड बनने के बाद श्रमिकों को 5,00,000/ (पाँच लाख रुपए मात्र) तक के ईलाज की सुविधा निःशुल्क मिल सकेगी। जिले मे लगभग 22827 श्रमिकों के गोल्डन कार्ड बनाया जाने है। गोल्डन कार्ड बनाये जाने के उपरान्त अब श्रमिकों को अपने व स्वजनों के स्वास्थ की चिन्ता नही होगी। इस योजना के अन्तर्गत श्रमिकों को रू0 5,00,000/ (पाँच लाख रुपए मात्र) तक के इलाज की सुविधा निःशुल्क मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि गोल्डन कार्ड बनाये जाने के लिए ब्लॉक एवं नगर पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर निर्माण श्रमिकों के गोल्डन कार्ड बनाये जायेंगें। इस कार्य में कोटदारों, आरोग्य मित्रों एवं नगर निकाय/ नगर पंचायत अधिकारियों की सहायता ली जायेगी।

### शाला त्यागी बच्चों की पढ़ाई निरंतर रखने के निर्देश जारी

## जिला शिक्षा अधिकारियों को बनाया गया नोडल

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।राज्य शासन ने शाला त्यागने वाले ऐसे बच्चे, जिनके अभिभावक में से कोई एक या दोनों की मृत्यु मार्च 2020 के बाद हुई है की शिक्षा निरंतर रखने के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। माननीय उच्चतम न्यायालय के निदेर्शों के पालन में लोक शिक्षण संचालनालय ने इस कार्य के लिए सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

सभी नोडल अधिकारी राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के 25 जून 2021 को जारी आदेश का पालन किया जाना सुनिश्चित करेंगे। जो विद्यार्थी अभिभावक की मृत्यु के कारण किसी अन्य स्थान पर जाकर शिक्षा पूरी करना चाहते हैं उनके स्थानांतरण प्रमाण-पत्र जारी करना सुनिश्चित किए जाएंगे। विद्यार्थियों के हित में सभी नोडल अधिकारी शाला




त्यागी विद्यार्थियों को उन्हीं स्कूलों में वापस प्रवेश दिलाने का प्रयास करेंगे जहाँ अभिभावक की मृत्यु के पहले वे पढ़ते थे। शाला त्यागी वे बच्चे माने जायेंगे जो नियमित रूप से 30 दिनों से शाला से अनुपस्थित रहे, जिन्होंने शालाओं में कभी प्रवेश ही नहीं लिया, शाला में एक बार प्रवेश लेने के बाद 8 वर्ष की अनिवार्य शिक्षा ग्रहण नहीं की और 14 वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे विद्यार्थी, जो शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत तो नहीं आते हैं परंतु अभिभावक की मृत्यु के कारण जिन्होंने पढ़ाई छोड़ दी है। सभी जिला शिक्षा अधिकारी ऐसे विद्यार्थियों की मैपिंग करते हुए और उनके शाला त्यागी होने के कारणों का विश्लेषण करते हुए उनकी शिक्षा पूरी कराएंगे। कोविड काल में अभिभावक की मृत्यु होने पर प्राइवेट स्कूल में पढ़ रहे विद्यार्थियों की पढ़ाई निरंतर रखने के लिए मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना में व्यवस्था की जा रही है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय के निदेर्शों के पालन की नियमित समीक्षा करने के लिए एक पोर्टल बनाया जा रहा है। सभी नोडल अधिकारी इस पोर्टल पर शाला त्यागी बच्चों की पढ़ाई की निरंतरता के बारे में जानकारी अपडेट करेंगे।

## मोदी @ 20 पुस्तक पर जिलास्तर पर संवाद करेगी भाजपा

आगरा 22 जुलाई। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में 20 वर्ष के सफलतम कार्यकाल व प्रशासनिक दक्षता पर प्रकाशित पुस्तक Modi@20 पर संवाद के लिए भारतीय जनता पार्टी जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करेगी।

भाजपा नेता के के भारद्वाज ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 20 वर्षों का कार्यकाल विश्व कीर्तिमान है। Modi@20 पुस्तक में देश के प्रतिष्ठित सामाजिक व राजनैतिक क्षेत्र के उन व्यक्तियों के लेख संकलित है जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ कार्य करने या उनके प्रशासनिक कार्यों को समझने का अवसर मिला है। पुस्तक की प्रस्तावना भारत रत्न, स्वर कोकिला स्व. लता मंगेशकर द्वारा लिखी गई है। Modi@20 पुस्तक पर जिला स्तर पर आयोजित संवाद कार्यक्रमों के प्रथम चरण में 23 जुलाई से 28 जुलाई तक प्रदेश के महानगरों में संवाद के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जबकि 1 अगस्त से प्रदेश के अन्य नगरों व कस्बों तक Modi@20 संवाद के कार्यक्रम व प्रचार-प्रसार प्रारम्भ होगा।

भाजपा नेता के के भारद्वाज ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक सहित केन्द्रीय मंत्री तथा प्रदेश सरकार के मंत्री Modi@20 पुस्तक पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में संवाद करेंगे। इसके साथ ही सामाजिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र के विशेषज्ञ एवं प्रबुद्ध जन भी वक्ता के रूप उपस्थित रहेगें। संवाद कार्यक्रम बुद्धजीवी, जनप्रतिनिधि, व्यापारी, सामाजिक कार्यकताओं, विशिष्ठ जनों, सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारियों व शिक्षक, अधिवक्ता, चिकित्सक, सीए, इंजीनियर आदि प्रोफेसनल्स के बीच आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर 3 सदस्यों की समिति गठित की है।

## महिला सिपाही से छेड़छाड़ में कानपुर का व्यापारी लखनऊ में गिरफ्तार

सुनील बाजपेई

कानपुर। एक महिला सिपाही से छेड़छाड़ में कानपुर का व्यापारी लखनऊ में गिरफ्तार कर लिया गया। विक्रान्त नामक इस व्यापारी के कानपुर में होटल और अन्य व्यवसाय है। पुलिस ने उसके खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

यहां मिली जानकारी के मुताबिक महिला सिपाही के साथ यह घटना तब हुई जब व्यापारी विक्रान्त सिंह (45) विभूतिखंड स्थित समिट बिल्डिंग में देर रात कार अंदर ले कर जा रहा था। उसे जाने से मना करने पर उसने महिला सिपाही से खुद को डिप्टी कमिश्नर बताया। फिर उससे छेड़छाड़ भी की। यही नहीं विरोध करने पर उसके कंधे पर हाथ रख कर और अभद्रता करने लगा। इस पर सिपाही ने चौकी प्रभारी को बताया और व्यापारी विक्रान्त सिंह (45) को पकड़ लिया। आरोपित ने पकड़े जाने पर रौब गांठा पर पुलिस के सामने एक नहीं चली।

घटना क्रम के मुताबिक समिट बिल्डिंग में सिपाही मौजूद थी। इसी दौरान रात 11:15 बजे विक्रान्त वहां कार अंदर ले जाने लगा। मना करने पर उसने किनारे कार खड़ी की तो सिपाही ने दूसरी तरफ गाड़ी लगाने को कहा। इस पर विक्रान्त गाड़ी से उतरा और उसने सिपाही से अपना परिचय डिप्टी कमिश्नर के रूप में दिया। यह सुनते ही सिपाही स्कूटी से उतरकर खड़ी हो गई और उनसे अदब से बात करने लगी। इस बीच ही विक्रान्त ने उसके कंधे पर हाथ रख दिया। उसने अभद्रता भी शुरू कर दी। इससे सकपकायी सिपाही ने कुछ दूरी पर खड़े चौकी प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मियों को सूचना दी। पुलिस ने तुरन्त ही विक्रान्त को पकड़ लिया। घटना से कानपुर के उसके साथी व्यापारी दोस्तों में भी हड़कंप मचा है।

## गांव में गंदगी का साम्राज्य , ब्लॉक मुख्यालय का गांव होने के बाद भी नहीं बदली तस्वीर

### – दबंग ग्राम प्रधान को नहीं है कार्यवाही का डर

अजय दुबे कन्नौज /समाज जागरण

कन्नौज। विकासखंड जलालाबाद मुख्यालय के ग्राम पंचायत जलालाबाद का हाल यह हो सकता है । तो आप अंदाजा लगाइए के दूरदराज ग्रामीण इलाकों में गंदगी और विकास कार्यों का क्या हश्र होगा। जी हां हम बात कर रहे हैं जलालाबाद की जहां कुछ दिन पूर्व जिला पंचायत राज अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी सदर ने पानी की समस्या गंदगी को लेकर मौके पर जा पहुंचे 2 दिन तक तो अधिकारियों के आने का असर साफ दिखाई पड़ पानी की व्यवस्था में जल निगम लग गया एवं एक दो जगह नालियों की साफ-सफाई शुरू करा दी गई। लेकिन मजे की बात तो यह है कि 2 दिन के बाद स्थितियां जस की तस है किस जगह सफाई हुई उसकी सिल्ट तक नहीं हटाई गई । सिल्ट हटाने के लिए ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत से शिकायत की उसके बाद गांव में मुख्य सड़क का हाल जो है उसे जिले का अधिकारी बखूबी परिचित है कि लोग पैदल तक नहीं निकल पा रहे है।

एक और जहां सरकार सावन के महीने में भी साफ सफाई एवं पेयजल की व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं कर रही है वहीं दूसरी तरफ जिले के आला अधिकारियों की उदासीनता के चलते कस्बा के दबंग प्रधान की मनमानी के आगे असहाय से साबित हो रहे हैं।

लोग मंदिरों में जाने के लिए बज बजाती नालियों के गंदे पानी से होकर जा रहे हैं इन सारी परिस्थितियों से कस्बा के संभ्रांत नागरिकों द्वारा अवगत कराया जा चुका है बावजूद इसके अधिकारी चुप्पी साधे हुए । आखिर कब तक कस्बा के लोग गंदा पानी नालियों से परेशान होते रहेंगे। जनपद में नए जिलाधिकारी के आने के बाद भी लापरवाह कर्मचारियों की मनमानी साफ दिखाई पड़ रही है और तो और खंड विकास अधिकारी की बात सुनने को तैयार नहीं है दबंग प्रधान।

दबंग प्रधान के आगे ग्रामीण शिकायत करने से डरते हैं इनकी दबंगई से कस्बा में एक तरह का भय व्याप्त है। अब देखना यह होगा कि आखिर कब तक कस्बा की साफ-सफाई व स्वच्छ पेयजल ग्रामीणों को मिल पाता है। बोले जिम्मेदार - खंड विकास अधिकारी आर के वर्मा ने कहा कि मामला संज्ञान में है तत्काल कस्बा के लोगो को गंदगी से निजात दिलाई जाए।

## कलेक्टर ने उकवा के छात्रावास का किया निरीक्षण,शिक्षक विजेंद्र मेश्राम निलंबित

### एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य एवं माध्यमिक शिक्षक के विरूद्ध विभागीय जांच के निर्देश

समाज जागरण/
शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने 22 जुलाई को उकवा के सीनियर बालक छात्रावास एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने एकलव्य विद्यालय की छात्राओं से चर्चा भी की। इस दौरान बैहर एसडीएम तन्मय वशिष्ट शर्मा एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राहुल नायक भी उपस्थित थे।



कलेक्टर डॉ मिश्रा सबसे पहले उकवा के सीनियर बालक छात्रावास पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं को देखा। छात्रावास में अधीक्षक एस के कावड़े उपस्थित पाये गये। छात्रावास के सभी छात्र उकवा के स्कूल गये थे। छात्रावास में नये शिक्षण सत्र के लिए 60 बच्चों को प्रवेश दिया गया है। छात्रावास में 31 बेड लगे हुए पाये गये। छात्रावास के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गई। अधीक्षक के पास बुखार एवं सामान्य बीमारी के उपचार के लिए दवायें उपलब्ध पायी गई। भोजन तैयार करने वाले कक्ष के निरीक्षण के दौरान वहां की साफ-सफाई ठीक पाई गई। अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि भोजन तैयार करने वाले कक्ष में खाद्य सामग्री खुली न रखें, बल्कि ढक कर रखें।

### छात्रावासों में एएनएम 15 दिन में एक बार करेगी स्वास्थ्य परीक्षण

कलेक्टर डॉ मिश्रा ने छात्रावास अधीक्षक को निर्देशित किया कि वे छात्रावास के पास उपलब्ध राशि का उपयोग छात्रावास में बल्व, पंखे, पलंग एवं अन्य सुधार कार्य के लिए करें। छात्रावास में जो कोई भी छात्र प्रवेश के लिए आता है तो उसे वापस नहीं किया जाये। जिन छात्रों के आवेदन छात्रावास में प्रवेश के लिए प्राप्त हुए थे उनके पालकों से कलेक्टर डॉ मिश्रा ने फोन कर जानकारी ली कि उनके बच्चे को प्रवेश मिला या नहीं। इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि वे जिले के प्रत्येक छात्रावास में रहने वाले छात्र-छात्राओं के 15 दिन में कम से कम एक बार स्वास्थ्य परीक्षण के लिए उस क्षेत्र की एएनएम की ड्यूटी लगायें। एएनएम को अपने क्षेत्र के छात्रावास में हर 15 दिन में एक बार जाकर छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करना होगा और छात्रावास के रजिस्टर में इसकी एंट्री करना होगा।

### भोजन की गुणवत्ता परखने कलेक्टर ने किया मेस में भोजन

कलेक्टर डॉ मिश्रा उकवा के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के निरीक्षण के लिए पहुंचे तो उस समय छात्र-छात्राओं का भोजन अवकाश हो गया था। छात्र-छात्रायें अपने अपने छात्रावास में भोजन करने गये हुए थे। कलेक्टर डॉ मिश्रा भी अधिकारियों के साथ छात्रवास की मेस में पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से उन्हें मिल रहे भोजन की गुणवत्ता, पानी की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। छात्राओं ने बताया कि वे भोजन की गुणवत्ता से संतुष्ट है। कलेक्टर डॉ मिश्रा ने भोजन की गुणवत्ता परखने के लिए भोजन तैयार करने वाले समूह की महिलाओं से कहा कि उन्हें भी भोजन कराया जाये। इसके बाद कलेक्टर डॉ मिश्रा, एसडीएम श्री शर्मा एवं सहायक आयुक्त श्री नायक ने छात्रावास में बच्चों के लिए तैयार किया गया भोजन किया।

इस दौरान कलेक्टर डॉ मिश्रा ने छात्र-छात्राओं के लिए भोजन तैयार करने वाली स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना। महिलाओं ने शिकायत करते हुए बताया कि विद्यालय के प्राचार्य द्वारा उनसे 10 प्रतिशत कमीशन मांगा जाता है। भोजन तैयार करने के लिए गैस सिलेंडर भी प्राचार्य द्वारा लाकर दिया जाता है। छात्रावास के पूर्व में अधीक्षक रहे माध्यमिक शिक्षक विजेन्द्र मेश्राम का व्यवहार ठीक नहीं है। उचित मूल्य दुकान से मिलने वाला खाद्यान्न भी सीधे समूह को नहीं मिलता है।

### प्राचार्य एवं शिक्षक के विरूद्ध विभागीय जांच एवं शिक्षक मेश्राम को निलंबित करने के निर्देश

एकलव्य विद्यालय के निरीक्षण में पाया गया कि वहां पर 05 नियमित शिक्षक है और 14 अतिथि शिक्षक है। अतिथि शिक्षक रखने में भी आवेदकों के क्रम का ध्यान नहीं रखा गया है। विद्यालय में सोलर बिजली का सिस्टम लगा है, इसके बाद भी 14 हजार रुपये का बिल आ रहा है। कलेक्टर डॉ मिश्रा ने एकलव्य विद्यालय के निरीक्षण के बाद वहां के छात्रावासों के बच्चों के भोजन संबंधी पिछले एक वर्ष के सभी रिकार्ड की जांच करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रभारी प्राचार्य ए.के.एस. सोलंकी एवं माध्यमिक शिक्षक विजेन्द्र मेश्राम के विरूद्ध विभागीय जांच शुरू करने एवं माध्यमिक शिक्षक विजेन्द्र मेश्राम को निलंबित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता को मौके पर बुलाकर निर्देशित किया कि वे सोलर सिस्टम से तैयार हो रही बिजली की भी बिलिंग करें और विद्यालय को बिजली का बिल नहीं आना चाहिए। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया वे विद्यालय की पेयजल व्यवस्था की जांच कर लें और सुनिश्चित करें कि बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे।

### समनापुर स्कूल में सभी पुस्तकें नहीं मिली मिली

कलेक्टर डॉ मिश्रा ने समनापुर की प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया तो पाया कि वहां पर बच्चों को सभी पुस्तकें नहीं मिली है। उन्होंने बीआरसी को शेष पुस्तकों का शीघ्र वितरण कराने के निर्देश दिये। एकलव्य विद्यालय रौंदाटोला बैहर के निरीक्षण के दौरान छात्रावास में सामग्री कमी होना एवं पानी की समस्या बताई गई। कलेक्टर डॉ इन समस्याओं को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिये।

## पोधा रोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए:-अभिषेक त्यागी

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**नजीबाबाद** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई नजीबाबाद ने आज रमा जैन कन्या महा विद्यालय में पौधा रोपण किया कार्यकर्म का संचालन अभिषेक त्यागी प्रांत सह संयोजक फार्मा विजन और नगर मंत्री विनायक जी के नेतृत्व में कॉलेज परबंधक केसी मठपाल जी की अध्यक्षता में 100 पोधो का रोपण किया गया अभिषेक त्यागी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद इकाई नजीबाबाद ने मूर्ति देवी सरस्वती इंटर कॉलेज, विजन कॉलेज, स्प्रिंग फील्ड एकेडमी, गुरु राम राय स्कूल, साहू जैन डिग्री कॉलेज मे 1300 पौधे 5 दिन में लगा दिए हैं और एबीवीपी नजीबाबाद ईकाई निरंतर विद्यालयों में कार्यरत हैं विनायक ने बताया है कि अब लगातार विधायलो में कार्यकर्म करती रहेगी कार्यकर्म मे एनसीसी मेजर सबिता सक्सेना, विनायक गुप्ता, नीरज राठौड़, बंटी कुमार, शानू त्यागी ,और विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं और अध्यापकों का मुख्य रुप से सहयोग रहा



## देश के सर्वोच्च पद पर राष्ट्रपति के आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू जीत दर्ज कर इतिहास रचा रालोजपा कार्यकताओं में हर्ष-अजय मालाकार

झारखंड के पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति चुनाव में भारी बहुमत से जीत दर्ज होने पर वैशाली जिला रालोजपा कार्यकताओं ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।और कहा है कि इनके मार्गदर्शन में देश एक नई ऊंचाई को हासिल करेगा। साथ ही साथ देश ने पहला आदिवासी महिला राष्ट्रपति होने का गौरव प्राप्त होता है। इनका जीत स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। इसके लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं एनडीए के शीर्ष नेताओं को आभार व्यक्त करते हुए उन्हें भी बधाई एवं शुभकामना दिया है। द्रौपदी मुर्मू को देश के 15 में राष्ट्रपति के रूप में चुना गया है इनके लेकर लोगों में काफी खुशी का माहौल है। हर्ष व्यक्त करने में रालोजपा के प्रदेश संगठन सचिव अजय मालाकार,शिवनाथ पासवान,प्रदेश सचिव कामेश्वर सिंह,सतनारायण शर्मा,वरिष्ठ नेता नगेंद्र सिंह,गौरीशंकर पास्वान,इंद्र भूषण ठाकुर,प्रखंड अध्यक्ष सुनील सिंह,सच्चिदानंद सिंह, विमल ठाकुर,शैलेंद्र गुप्ता,मनोज कुमार,विवेक भारती सहित अनेक रालोजपा कार्यकताओं ने बधाई दी है।



## पत्रकार के साथ अभद्र व्यवहार करना चौकी इंचार्ज को पड़ा महंगा

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**नजीबाबाद** आदर्श नगर चौकी इंचार्ज धनवान सिंह ने पत्रकार राजपाल सिंह के साथ अभद्र व्यवहार किया जिसकी वजह से पत्रकारो मे रोष हो गया सभी पत्रकार बंधुओं ने वहां पर इकट्ठा होकर धरना दिया और मांग की आदर्श नगर चौकी इंचार्ज धनवान सिंह को यहां से हटाया जाए उसी को लेकर नजीबाबाद थाना इंचार्ज रविंद्र कुमार वर्मा ने तत्काल आदर्श नगर चौकी पहुंच कर पत्रकारो को आश्वासन दिया धनवान सिंह को आदर्श नगर चौकी से हटाकर उनकी जगह उपनिरीक्षक ओमपाल सिंह को आदर्श नगर चौकी का चार्ज दिया जाएगा पत्रकारो ने उनकी बात से सहमत होकर धरने को समाप्त किया



## शौच के लिए गई नाबालिग लड़की गायब

दैनिक समाज जागरण, बलिया

**रतसर** गड़वार थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बा स्थित बारी भटवलिया में एक नाबालिग लड़की के संदेहास्पद परिस्थिति में गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्थानीय कस्बा के बारी भटवलिया मुहल्ले के श्री किसुन यादव ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री 28 अगस्त 2021 को सुबह 4 बजे शौचादि के लिए बाहर आई थी लेकिन जब कुछ देर तक वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसे ढुंढना शुरू किया लेकिन लड़की का कोई पता नही लगा है। परिजनों ने अज्ञात लोगों की ओर से लड़की को अगवा करने की शिकायत पुलिस में दर्ज करवाई है। चौकी प्रभारी गिरिजेश सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है तथा पुलिस लड़की की खोजबीन कर रही है।

## विश्व कल्याण की कामना के लिए भगवान शिव का हुआ रुद्राभिषेक

दैनिक समाज जागरण, बलिया ।

**रतसर** कस्बा क्षेत्र के मसहां गांव में शुक्रवार को शिव मन्दिर में रुद्राभिषेक समागम का आयोजन किया गया। इस दौरान आचार्य पं० मनोज मिश्रा की अध्यक्षता में ब्राह्मण सेवक संघ के प्रदेश महासचिव राजेश मिश्र ने परिवार सहित भगवान भोलेनाथ का पूजन कर रुद्राभिषेक किया। इस अवसर पर पं० अजीत शुक्ला ने बताया कि सावन के सारे दिन बेहद शुभ होते हैं। इन दिनों में आप किसी भी दिन शिवजी का अभिषेक कर सकते है करुद्राभिषेक को भगवान शिव को प्रसन्न करने का रामबाण कहा जाता है। माना जाता है कि इससे प्रसन्न होकर महादेव कोई भी इच्छा शीघ्र पूरी करते हैं।वर्षभर में श्रावण माह का बड़ा महत्व माना गया है।उन्होंने बताया कि इस महीने में रुद्राभिषेक कराने से सभी प्रकार के कष्ट एवं पीड़ा दूर होती है। रुद्राष्टाध्यायी में ग्यारह रुद्र भगवान की पूजा की जाती है। रुद्री पाठ यजुर्वेद के मंत्रों का संग्रह है। जिसका पांचवां अध्याय शतरूद्री के रूप में व्याख्यायित हो चुका है। इस अवसर पर ओम प्रकाश पाण्डेय,जितेन्द्र तिवारी,सत्यप्रकाश ओझा,रत्नाकर दूबे, सत्येन्द्र पाण्डेय,सोनी तिवारी,प्रीति पाण्डेय,अर्चना मिश्रा, अतुल पाण्डेय,अनिल सिंह,रामलखन सिंह एवं नीलाक्षी मिश्रा आदि मौजूद रहे।



## खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने पकडा दुग्ध से लदा छोटा हाथी सैंपल जांच के लिए भेजे

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर** । नगर में आज खाद्य सुरक्षाधिकारी ने दुध से लदे वाहन को पकड़ पर दुध का सैंपल लिया ।आपको बताते चलें की सोनू कुमार पुत्र तेजवीर सिंह अलीपुरा खेड़ी मुजफ्फरनगर अपनी गाड़ी महिंद्रा छोटा हाथी जिसका नंबर यू.पी 23 ए.टी 3101 नगीना से दूध लेकर स्योहारा जा रहा था इसी बीच खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश कुमार ने उनको रोकना चाहा लेकिन वह जल्दी में सुन नहीं पाए इस पश्चात खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश कुमार ने गाड़ी का पीछा कर छोटे हाथी के ड्राइवर सोनू कुमार को पकड़ लिया और उससे दूध के बारे में जानकारी ली पूछताछ से संतुष्ट ने होने पर खाद्य अधिकारी कमलेश कुमार ने दूध का सैंपल लिया और दूध को बोतलों में सील कर दिया जिसको उन्होंने जांच के लिए लैब भेज दिया गया है। उधर बताया जाता है कि नगर में सपरेटा दूध की धड़ल्ले से बिक्री हो रही है50 लीटर के हिसाब से बेचा जाता है 1 किलो दूध के अंदर अगर मावा निकाला जाए 40 ग्राम वाला निकलता है अगर संबंधित विभाग नगर में बनी डेरियो की जांच करें और बाहर से लाकर दूध की सप्लाई करने वाले लोगों की दूध की जांच की जाए तो संबंधित विभाग को बहुत बड़ी सफलता प्राप्त होगी।



# गंगा दूत प्रशिक्षण में गंगा दूतों को दी आपदा प्रबंधन की जानकारी

दैनिक समाज जागरण / जसवीर सिंह

दिनांक 22 जुलाई 2022 को नेहरू युवा केंद्र बिजनौर के तत्वाधान में नमामि गंगे कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता परियोजना अंतर्गत दो दिवसीय पंचायत स्तरीय गंगा दूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकास खंड नजीबाबाद के ग्राम तिसोतरा स्थान पर किया गया, प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सभी 50 गंगा दूतों को गंगा नदी की स्वच्छता एवं निर्मलता को बनाए रखने के लिए हमारा क्या प्रयास हो सकता है या हम गंगा नदी को स्वच्छ बनाने के लिए क्या क्या कदम उठा सकते हैं निम्न विषयों के संबंध में मास्टर ट्रेनर व अन्य शिक्षकों गणों ने अपने संबोधन में बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित मास्टर ट्रेनर ने आपदा पर प्रबंधन के विषय मे विस्तृत जानकारी देते हुए आपदा से कैसे बचाव कर सकते है व आपदा में फंसे व्यक्ति को कैसे प्राथमिक चिकित्सा दी जा सकती है निम्न विषयो के सम्बंध में पूर्ण जानकारी दी। गंगा दूतों को गंगा नदी में निवास करने वाले अनेक सूक्ष्म जीवों व डॉल्फिन इत्यादि के सम्बंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि डॉल्फिन एक स्तनधारी प्राणी है जो कि गंगा नदी की शुद्धता को प्रकट करती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिन में उपस्थित गंगा दूतो को चार्ट पेपर के माध्यम से गतिविधियां कराई गई जिसमें गंगा दूतो ने गंगा नदी को स्वच्छ करने के लिए अपने-अपने मत प्रस्तुत किए प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित नमामि गंगे जिला परियोजना अधिकारी पुलकित जाग्रवाल ने सभी गंगा दूतो को नमामि गंगे परियोजना के उद्देश्यों को सफल बनाने हेतु आह्वान किया साथ ही गंगा नदी में कूड़ा कचरा इत्यादि नहीं फेंकने हेतु भी प्रेरित किया व प्लास्टिक पॉलीथिन के प्रयोग नही करने हेतू भी प्रेरित किया क्योकि पर्यावरण सुरक्षा हेतू इन सभी का प्रयोग वर्जित करना होगा व कपड़े के बने थैलों का ही प्रयोग करना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक गण ने गंगा दूतो को जलीय जीव व अन्य सूक्ष्मजीवों तथा गंगा नदी में निवास करने वाली राष्ट्रीय जलीय जीव डाल्फिन व अन्य पक्षियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि गंगा नदी को स्वच्छ करने में जैव विविधता का महत्वपूर्ण स्थान होता है प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित नमामि गंगे जिला परियोजना अधिकारी पुलकित जाग्रवाल ने सभी गंगा दूतो को प्रमाण पत्र, डायरी,पेन,फाइल देते हुए शुभकामनाएं दी व सभी से आग्रह किया कि इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने के बाद हम गंगा नदी को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान अवश्य देंगे व साथ ही अन्य दूसरों को भी जागरूक करेंगे कि गंगा नदी में कूड़ा कचरा नहीं डालेंगे व हमेशा गंगा नदी को स्वच्छ व अविरल बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे कार्यक्रम का समापन गंगा स्वच्छता शपथ के साथ हुआ व कार्यक्रम का सफल संचालन समाज सेवी धर्मेंद्र राजपूत द्वारा किया गया कार्यक्रम के सफल आयोजन में तैयबपुर गोरवा ,पिरथीपुर, गौसपुर के गंगा दूतों का सराहनीय योगदान रहा।



## सपा नेता तनवीर उल इस्लाम व तारिक नियाजी ने समाज सेवा की मिसाल पेश की धौरा टांडा मार्ग पर निजी खर्चे से डलवाया रोड़ा व पत्थर क्योंकि कावड़ यात्रा को देखते हुआ एकता की मिसाल पेश की

**धौरा टांडा/ भोजीपुरा( बरेली)** भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र का प्रमुख कस्बा धौरा टांडा जो कि एक व्यापारिक क्षेत्र है फिर भी जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते यहां के बाशिंदों की जिंदगी नरक बन गई है जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली प्रमुख सड़क आटामांडा धौरा मार्ग की स्थिति बेहद दयनीय है पूर्ण रूप से गड्ढों में तब्दील हो चुकी यह सड़क जिसका मुद्दा लगातार समाचार अखबारों की सुर्खियां बना हुआ है यहां तक कि विधानसभा चुनाव में क्षेत्र में ये रोड प्रमुख मुद्दा था कई बार शासन प्रशासन को भी यहां के जागरुक लोगों ने अवगत कराया धरना प्रदर्शन हुआ मगर नतीजा अब तक शून्य है चुनाव में वादे करके जाने वाले लौट कर वापस ना आने वाले जनप्रतिनिधियों की घोर अनदेखी के चलते कस्बे के समाजसेवी व सपा जिला उपाध्यक्ष तनवीरुल इस्लाम के प्रयास से युवा नेता नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार तारिक नियाजी के विशेष योगदान से अपने निजी खर्चे से रोड पर रोड़ा पत्थर डलवा कर गड्ढों को पाटा जा रहा है ताकि रोड पर चलते राहगीरों को असुविधा से बचा या जा सके उधर कावड़ यात्रा का भी का यही रूट है इसलिए उनको यात्रा करते समय असुविधा ना हो और एकता की मिसाल पेश करते हुए यह पुण्य कार्य इन समाजसेवियों की तरफ से कराया जा रहा है इसमें कस्बे के जागरूक लोगों में प्रमुख रूप से युवा सपा नेता फरहान नूर, मुजीब उर रहमान, जमशेद अहमद नियाजी, तालिब नियाजी, मोहम्मद अमजद उर्फ अन्ना आदि लोग भी उनके साथ रहे





# सजनपद बिजनौर-चार शातिर मोबाइल चोर गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण मोहम्मद आबिद /नसीम उस्मानी

**बिजनौर** । पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी स्वाट सर्विलांस टीम व थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चार शातिर चोर, चोरी किये गये भिन्न भिन्न कंपनी के बावन फोन, दो लैपटॉप कुल कीमत 10 लाख रुपये व अवैध शस्त्रों सहित गिरफ्तार किया गया है। आपको बता दें कि पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह द्वारा जनपद में मोबाइल चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे हैं अभियान में स्वाट टीम व थाना कोतवाली शहर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान बाईपास रोड रेलवे फाटक के पास ग्राम बक्शीवाला से चार शातिर चोरो शविज,आदिल,कासिफ व खालिद को गिरफ्तार कर लिया है, पकड़े गए चोरों से पुलिस ने 52 मोबाइल दो लैपटॉप व 2 तमंचे 315 बोर दो जिंदा कारतूस दो चाकू बरामद किये है,करीबन दस लाख का सामान पुलिस बरामद करने का भी दावा किया है। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने प्रेस वार्ता कर घटना का खुलासा किया है, पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि वह सभी मेरठ बिजनौर तथा आसपास के जनपदों में घूम-घूम कर रेकी कर के अलग-अलग जगहों से मोबाइल में लैपटॉप चोरी करते हैं चोरी किए गए मोबाइल लैपटॉप को उनका साथी खालिद जिसकी धामपुर में स्मार्ट मोबाइल के नाम से दुकान है उनको खरीदने व बेचने का काम करता है अभियुक्त खालिद चोरी के मोबाइल फोन में लैपटॉप दुकान पर आने वाले ग्राहकों को सस्ते दामों पर बेच देता है करीब 2 महीने पहले उन्होंने बिजनौर के मोहल्ला ज्ञान बिहार में एक घर से एक लैपटॉप तथा चार मोबाइल फोन चोरी किए थे वह चोरी के तीन मोबाइल में एक लैपटॉप उन्होंने राह चलते अनजान व्यक्ति को भेज दिए बरामद मोबाइल फोन में से एक मोबाइल उसी चोरी का है जिसे वह भेज नहीं पाए थे।



## सीबीएसई की छात्रा पिंकी राजपूत ने 97.8 अंक प्राप्त कर बनी प्रियंका स्कूल की टॉपर

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर** ।सीबीएसई का कक्षा 12 वीं का रिजल्ट घोषित किया गया। करीब सभी स्कूलों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। अच्छे अंक हासिल कर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी की लहर। लड़कियों ने फिर बाजी मारी है। प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल की पिंकी राजपूत ने 97,8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल टॉपर रही। प्रियंका मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डीएस नेगी के अनुसार कर्मस वर्ग की पिंकी राजपूत ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर कर प्रथम विज्ञान वर्ग की सुभि ने 9618 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दितीय विज्ञान वर्ग की विनयमत्रा सिंह ने 96,4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उधर प्रधानाचार्य पी एस नेगी एस के देवरा ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## सहसपुर चौकी में कावड़ यात्रा व कांवड शिविर की सुरक्षा का निरीक्षण किया

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर । बृस्पतिवार की दोपहर एसपी देहात मुरादाबाद विद्या सागर मिश्रा एसपी पूर्वी बिजनौर ओमवीर सिंह सीओ धामपुर इन्दु सिद्धार्थ व थानाध्यक्ष राजीव चौधरी व चौकी सहसपुर इंचार्ज सुभाष बालियान ने मुरादाबाद बिजनौर सीमा की चौकी सहसपुर में कांवड़ यात्रा व कांवड़ शिविर की सुरक्षा का निरीक्षण किया इस दौरान एसपी देहात विद्या सागर मिश्रा ने कहा कि किसी सहसपुर मुस्लिम बाहुल्य नगर है चौराहा भीड़भाड़ वाला स्थान है सभी को एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखना है उन्होंने कहा की शिव भक्तों को कोई परेशानी न हो इसके लिए सीमा पर तैनात पुलिस फोर्स सीमा विवाद में न पड़ कर शिव भक्तों की समस्या का समाधान करें एसपी पूर्वी ओमवीर सिंह व सीओ इन्दु सिद्धार्थ ने स्योहारा थाना क्षेत्र में लगे सभी कांवड़ शिविर व पुलिस बैरियर पर तैनात पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए



## एसपी ने राजघाट गंगा घाट का किया निरीक्षण कांवड़ियों की सुरक्षा हेतु पुलिस को दिए सख्त निर्देश

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह बबराला

गुन्नौर। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के राजघाट गंगा तट पहुंचकर जलस्तर तथा कांवड़ मेला क्षेत्र का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने कांवड़ मेला के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश। शुक्रवार को एसपी ने गुन्नौर क्षेत्र के राजघाट गंगा घाट पर पहुंचकर जलस्तर एवं कांवड़ मेला के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं को लेकर राजघाट गंगा तट का निरीक्षण किया। 23 जुलाई से लगने वाले शिवरात्रि मेले की जानकारी लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के साथ साफ- लाइट सीसीटीवी कैमरे, श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए पार्किंग स्वास्थ्य व्यवस्था आदि को लेकर निर्देश दिए। वही गुन्नौर क्षेत्रअधिकारी व अपराध निरीक्षक प्रभारी को सख्त निर्देश देते हुए पार्किंग व्यवस्था से लेकर आने जाने वाले वाहनों की व्यवस्था गंगा से 1 किलोमीटर दूरी पर की है वही पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने श्रद्धालुओं से सकुशल संपन्न कराने की मनौती भी मांगी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार पीआरओ संजय सिंह अपराध निरीक्षक वीरेंद्र पाल पुनिया उप निरीक्षक आकाश यादव सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।



## सावन मास में हरिद्वार से पैदल कांवर लेकर लोट रहे शिवभक्तों की सेवा, के लिए शिविर लगाया गया

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर** । सावन मास में हरिद्वार से पैदल कावर लेकर लौट रहे शिव भक्तों की सेवा भोजन चाय नाश्ता आदि की व्यवस्था के लिए पिछले तीन सालों से मुरादाबाद मार्ग पर लग रहे कावर्ती सेवा शिविर का आज पंडित सुजीत भारद्वाज द्वारा हुई पूजा पाठ के सथ हुआ। बताते चले कि हर साल आयोजित होने वाले इस सेवा शिविर में शिवभक्तो के लिए भोजन,आराम, दवाई,जलपान आदि की व्यवस्था दुरुस्त रहती है जो अब सावन मास के अंतिम दिन तक चलता रहेगा। आज हुए शुभारंभ के मौके पर डॉ.मनोज कुमार वर्मा,व्यापारी नेता अरुण कुमार वर्मा, मनोज भटनागर,रजत उर्फ शेंकी रस्तोगी,हरीश चौहान,पंकुल रस्तोगी,संजय जैन,प्यारे लाल सैनी, डा सौरभ वर्मा, कुश रस्तोगी,पप्पू कश्यप,सुरेंद्र सैनी, बलवंत,दीपक,मोहन,अजीत भंडारी,राजपाल सिंह प्रजापति,धर्मवीर सिंह प्रजापति,अंकुर,कोमल,पवन ,पुष्पेंद्र चौहान आदि उपस्थित रहे ।



## कोटद्वार जा रही पिक अप पलटी एक बड़ा हादसा कई लोग घायल

दैनिक समाज जागरण नसीम उस्मानी

नजीबाबाद। जानकारी के अनुसार बिजनौर नजीबाबाद कोटद्वार रोड पर हुआ एक बड़ा हादसा बताया जाता है कि पिकअप संख्या यूपी 78 डी टी 9073 नजीबाबाद की ओर से कोटद्वार की ओर जा रही थी। जिसमें कुछ लोग मंडी से सब्जी कोटद्वार ले जा रहे थे और कुछ मजदूर तबके के लोग भी मजदूरी के लिए पिकअप से उत्तराखंड कोटद्वार जा रहे थे।बताया जाता है कि उत्तराखंड कोटद्वार से लगभग 100 मीटर दूरी पहले ही रोड पर पिक अप कोटद्वार मार्ग पर पलट गया जिससे कई लोग घायल हो गए मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई ।घटना की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराएं।



## कावड़ यात्रा को लेकर एसपी ने हाईवे से रोडी बदरपुर हटवाने के दिए सख्त निर्देश बुलडोजर लेकर पहुंचे सी0ओ

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह बबराला

**गुन्नौर** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बबराला के चंदौसी रोड पर कावड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पाल सिंह पूनिया को कड़े निर्देश दिए हैं, एसपी ने कहा की रोड़ी बदरपुर विक्रेताओं ने रोड पर कब्जा कर रखा है जिसे जेसीबी से हटवा दिया जाए, वही निर्देश पाते ही क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक योगी का बुलडोजर लेकर रोड़ी बदरपुर विक्रेताओं के सामने पहुंचे तो रोड़ी बदरपुर विक्रेताओं में हड़कंप मच गया, दुकानदारों ने शाम तक का समय मांग लिया है,वहीं पुलिस ने दुकानदारों को शाम तक रोड़ी बदरपुर हटाने की चेतावनी दी है,अगर नहीं हटाया तो सीधे तौर पर रोड़ी बदरपुर को प्रशासन बुलडोजर से ध्वस्त कर देगा एवं विक्रेताओं पर कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जा सकती है।



# फुटओवर ब्रिज के बजट के लिए शासन ने जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी

दैनिक समाज जागरण नसीम उस्मानी

**नजीबाबाद** रेलवे स्टेशन के माल गोदाम पर फुटओवर ब्रिज के बजट के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय ने जिला प्रशासन को लिखा है आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने बीते दिनों मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराया कि नजीबाबाद के माल गोदाम पर फुटओवर ब्रिज ना होने से आमजन को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा आए दिन कोई न कोई घटना होती रहती है जिस कारण कई लोगों की जान पूर्व में जा चुकी है तथा स्कूली बच्चों शहर की जनता तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को एक सिरे से दूसरे सिरे को जाने के लिए बस कर जाना पड़ता है जिस कारण उनका जीवन हर समय असुरक्षित रहता है आरटीआई कार्यकर्ता ने बताया कि इस संबंध में जब पूर्व में रेलवे को अवगत कराया गया तो रेलवे ने फुट ओवर ब्रिज निर्माण के लिए नक्शा तथा अन्य समस्त कागज जिला प्रशासन बिजनौर को भेजे थे ताकि राज्य सरकार फुटओवर ब्रिज के निर्माण के लिए बजट उपलब्ध करा सके आरटीआई कार्यकर्ता का कहना है कि काफी समय निकलने के बाद भी अभी तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई है इसी परिपेक्ष में आरटीआई कार्यकर्ता ने मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराया जिस पर मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसचिव कुंवर भगवती शरण सिंह ने इस संबंध में जिलाअधिकारी बिजनौर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश जारी किए हैं।

## दिव्य सेवा संस्थान नगीना के द्वारा कावड़ियों के लिए निशुल्क भंडारे का आयोजन

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**नगीना** । दिव्य सेवा संस्थान नगीना की ओर से नगीना से हरेवली रोड पर कांवड़ियों की सेवा के लिए लिए एक भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें दूरदराज से आए कांवड़ियों ने प्रसाद ग्रहण किया दिव्य सेवा संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा ने बताया की यह भंडारा रोज 22 जुलाई से प्रारंभ होकर 25 जुलाई तक निशुल्क भंडारा आयोजित किया जाएगा।जिसमे नगीना शहर के कुछ महान हस्तियों ने भी अपना भरपूर योगदान दिया ।आज उड़द चावल का प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे में संजीव अग्रवाल विक्की भाई संजय शर्मा प्रबंधक दिव्य सेवा संस्थान मनोज आडती सुनील सैनी एडवोकेट शरद कंसल राजेश सैनी महेश सैनी रमेश मिस्त्री आदि का भरपूर सहयोग रहा।



## सीबीएससी बोर्ड में धौरा टांडा की जैफी काजी ने किया कस्बे का नाम रोशन इंटरमीडिएट में 94 .2% नंबर से किया पास

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

**धौरा टांडा /भोजीपुरा (बरेली)** कस्बे के पूर्व रिटायर्ड फौजी अलीम अहमद की पुत्री जैफी काजी ने आज घोषित हुए सीबीएसई बोर्ड के इम्तिहान में एस जी आर एम स्कूल बिथरी चैनपुर केंद्र के माध्यम से साइंस साइड से 94 .2 % नंबर लाकर विद्यालय का कस्बे का नाम रोशन किया बताते चलें जैफी काजी के पिता समाजवादी पार्टी के नेता भी हैं और पिछला नगर पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव भी सपा के टिकट पर लड़ा था वह समाज सेवा का जज्बा रखते हैं उनकी पुत्री से हुई बातचीत में उसने बताया कि मैं डॉक्टर बन देश सेवा करना चाहती हूं कस्बे के लोगों ने अच्छे नंबर लाने पर उस को बधाई दी और उसकी हौसला अफजाई करते हुए अच्छी से अच्छी तालीम हासिल कर देश सेवा की उम्मीद जाहिर की है जैफी काजी की मां रूबी सहित घर में खुशी का माहौल है और घर वालों ने उसकी सफलता पर बधाई दी है बच्ची ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता स्कूल के अध्यापकों को दिया है



## राष्ट्रपति की जीत पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**नगीना** भाजपा गठबंधन की प्रत्याशी द्रौपदी मुरमू की राष्ट्रपति चुनाव में हुई प्रचंड जीत पर नगीना भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में एकत्रित होकर सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई। इस अवसर पर उपस्थित रोहित रवि ने कहा की एक आदिवासी महिला को भारत के राष्ट्रपति पद हेतु आगे लाना भारतीय जनता पार्टी एवं माननीय नरेंद्र मोदी जी के सबका साथ सबका विकास विचारधारा की पुष्टि करती है। प्रमोद चौहान ने कहा एक महिला को राष्ट्रपति प्रत्याशी बनाना महिला को भी समान अवसर देने का एक उदाहरण है। कृष्ण बलदेव सिंह ने कहा यह अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे लाने का काम है।इस अवसर पर प्रमोद चौहान,पूर्व विधायक सतीश गौतम,भाजपा नेता रोहित रवि, कु. कृष्ण बलदेव सिंह,नीरज विश्नोई, अमित गुप्ता,अजीत अग्रवाल,सौरव मित्तल,शिव शंकर सक्सेना, विशाल अग्रवाल,अरुण शर्मा, महावीर सैनी,शीशराम ,नीरज सिंह,मनोज टंडन,अमिचंद एडवोकेट, लवी मित्तल, शुभम विश्नोई,संदीप सिंह, टिकेंद्र सिंह, केशव दीक्षित व तमाम भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य कर्मियों के सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई

दैनिक समाज जागरण बलिया।

**रतसर** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में शुक्रवार को सेवानिवृत कर्मियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अधीक्षक डा०राकिफ अख्तर की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त स्वास्थ्यकर्मी जे.पी.सिंह,बृजमोहन सिंह,शैल कुमारी, सुमन सिंह,शकुन्तला सिंह, चन्द्रकला उपाध्याय एवं शिव कुमारी सिंह को उपहार स्वरूप गीता,अंगवस्त्रम,छाता,बैग आदि भेंट कर सम्मान के साथ विदाई दी गई। इस अवसर पर डा० अख्तर ने कहा कि स्थानान्तरण एक सेवा की प्रक्रिया है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों के कार्यों की सराहना की और उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी। इस मौके पर वरिष्ठ पर्यवेक्षक गोपाल जी पाण्डेय ने कहा कि सेवा में रहते जो सेवा आमजनों को दिया खासकर कोरोना काल के दौरान अत्यन्त ही सराहनीय व प्रशंसनीय है। कोरोना काल में आप सभी कर्मियों ने सेवा देकर एक मिशाल कायम की सदैव याद रखी जाएगी व अन्य चिकित्सकों व कर्मियों को प्रेरित करती रहेगी। इस अवसर पर डा०अमित वर्मा,डा०आर.के.सिंह,डा. अब्दूल कादिर,बीपीएम आशुतोष सिंह,अनिल कुमार,पियुष बाबू, अरुण शर्मा,साधुसरण,शिवजी यादव,हरिकृष्ण, सुमित सिन्हा,अमित, शिवम सिंह आदि मौजूद रहे।






## रूद्रगढ़नौसी गौशाला व सीएचसी मुजेहना का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट विपिन कुमार श्रीवास्तव**

जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने विकासखंड मुजेहना के अंतर्गत रूद्रगढ़नौसी के गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में संरक्षित सभी गायों को मिलने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही गौशाला के भूसा बैंक, रोटी बैंक, चारा मैदान, पेयजल, विद्युत व्यवस्था तथा संक्षिप्त गायों के रहने के स्थानों का भी निरीक्षण किया, तथा वहां पर उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी मुजेहना एवं मुख्य पशु



चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि गौशाला में संरक्षित गायों के हरे चारे की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था एवं टैगिंग आदि सभी व्यवस्थायें ठीक होनी चाहिए।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सीएचसी मुजेहना का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां पर सायंकाल में तैनात कर्मियों के संबंध में जानकारी ली तथा सीएचसी के सभी वार्डों का जायजा लिया। इसके साथ ही डिलीवरी वार्ड में जाकर वहां आने वाली गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली सभी सुविधाओं के बारे में जानकारी करते सीएचसी अधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि सीएचसी पर आने वाले मरीजों को सभी सुविधाएं मुहैया कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी रविंद्र सिंह राठौर, खंड विकास अधिकारी मुजेहना, थानाध्यक्ष धानेपुर, ग्राम पंचायत अधिकारी, संबंधित गांव के लेखपाल, ग्राम प्रधान सहित अन्य सभी लोग उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक हुई संपन्न, एक्सईएन जल निगम को लगाई कड़ी फटकार

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट विपिन कुमार श्रीवास्तव**

जिलाधिकारी डॉक्टर उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जल जीवन मिशन से चल रही समस्त परियोजनाओं पर विस्तृत रूप से गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन के कार्यदायी संस्था एलएनटी व आईएसए को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिये हैं कि कार्यों में प्रगति लायी जाय। अन्यथा संबंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा है कि सभी परियोजनाओं को समय से पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चल रही निमार्णाधीन परियोजनाओं के प्रगति के संबंध में समय-समय पर उन्हें भी अवगत कराएं। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था एवं संबंधित विभाग को निर्देशित किये हैं कि योजना का प्रचार प्रसार, बाउंड्रीवाल, ओवरहेड टैंक, ट्रयूवेल, पाइपलाइन आदि के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय।उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर संबंधित की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ने जनपद में जल जीवन मिशन का कार्य शत-प्रतिशत समय से पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सरकार की महात्वाकांक्षी योजना है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही सभी कार्यदायी संस्था को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं का कार्य गुणवत्तापूर्ण समय से कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, एक्सईएन जल निगम, एई जल जीवन मिशन, एलएनटी व आईएसए, विंग्स आदि कार्यदायी संस्था, एवं अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मोबाइल ट्रांसफार्मर सेवा रुपईडीहा कस्बे के लिए प्रदान किया गया

रुपईडीहा बहराइच । माल गोदाम रोड के कस्बा वासियों के लिए धर्मशाला के पास लगा ट्रांसफार्मर जलने के लगभग 10 घंटे के पश्चात एसडीओ नानपारा विद्युत तथा जेई रुपईडीहा के निर्देश पर पहली बार ग्रामीण क्षेत्र के लिए मोबाइल ट्रांसफार्मर सेवा रुपईडीहा कस्बे के लिए प्रदान किया गया । जिससे



लोगों में विद्युत सप्लाई के प्रति सरकार की संवेदना को सराहा इतना ही नहीं उमस भरी गर्मी एवं अति आवश्यक विद्युत सेवा को त्वरित बहाल करने के लिए स्थानीय लाइनमैन सगीर अहमद संदिप वर्मा, जियालाल तथा रूद्र सेन नायक के प्रयास को कस्बावासियों ने भूरी भूरी प्रशंसा की । क्योंकि स्थानीय लाइनमैन की कड़ी मेहनत के पश्चात विद्युत सप्लाई में आने वाली दिक्कतों को अपनी सुविधा को ध्यान में रखते हुए जनता की सुविधा को सर्वोपरि मानते हुए अपने कर्तव्य का पालन कर रहे हैं सभी ने स्थानीय लाइनमैन की एक स्वर से प्रशंसा किया क्योंकि निचले स्तर के कर्मचारी ही अपने उपभोक्ताओं को अच्छी सुविधा प्रदान कर सकते हैं जो आज रुपईडीहा कस्बे में अस्थाई विद्युत कर्मियों द्वारा कस्बा में अपनी जान हथेली पर लेकर दिन-रात नागरिकों की सेवा करते हैं स्थानीय पत्रकारों समाजसेवियों ग्राम प्रधान आदि ने इन विद्युत कर्मचारियों के प्रयास को सराहा है।

## *मिशन शक्ति अभियान के तहत दुष्कर्म करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट विपिन कुमार श्रीवास्तव

पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कटराबाजार



पुलिस ने दुष्कर्म करने के वांछित अभियुक्त सोनू को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने थाना कटराबाजार क्षेत्र की रहने वाली नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता की माता द्वारा थाना कटराबाजार में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना कटराबाजार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

## सामान्य वर्ग में खुशी को मिला प्रथम स्थान

बहराइच 22 जुलाई। आल इण्डिया अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) द्वारा आयोजित बीएससी पैरा मेडिकल प्रवेश परीक्षा 2022 में कु. खुशी गुप्ता ने ओवर आल रैंकिंग में 10वॉ तथा सामान्य वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कलेक्ट्रेट में जिला संख्यिकी अधिकारी के पद पर तैनात नरेन्द्र गुप्ता की पुत्री खुशी गुप्ता डाक्टर बनकर देश की सेवा करना चाहती है। इण्टर मीडिएट के उपरान्त कोटा राजस्थान में नीट परीक्ष की तैयारी कर रही खुशी गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरूजन एवं भाई सार्थक गुप्ता को दिया है।



## डीएम की अध्यक्षता में आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक हुई सम्पन्न

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट विपिन कुमार श्रीवास्तव

जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के अंतर्गत आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रचार- प्रसार एवं योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों/ प्रगतिशील किसानों तक अनिवार्य पहुंचायें। ताकि किसी पात्र व्यक्तियों/प्रगतिशील किसानों को योजना का लाभ मिलने में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने कहा है कि विकासखंड स्तर पर तैनात कर्मचारियों के द्वारा योजनाओं का प्रचार प्रसार कराते हुए सभी पात्र किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचायें। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की मानिटरिंग करते हुए जनपद के सभी पात्र किसानों तक योजना का लाभ जरूर दिलाएं। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रचार प्रसार कराया जाय। जिससे जनपद के किसानों को यह पता चल सके कि सरकार द्वारा कृषि विभाग में कौन-कौन सी योजनाएं चलाई जा रही है।




इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, उप निदेशक कृषि शैलेंद्र कुमार शाही, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी रविंद्र सिंह राठौर, जिला उद्योग अधिकारी, एलडीएम, डीसीओ ओ.पी सिंह, जिला कृषि अधिकारी, महेंद्र सिंह सहित जनपद के प्रगतिशील किसान बंधु एवं विभाग से संबंधित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नामकरण के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

बहराइच। इंन्दिरा गांधी स्पोट्र्स स्टेडियम में निर्मित बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल एवं जनपद में स्थित रोडवेज बस स्टैण्डों के नामकरण के सम्बन्ध में एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी बलहा श्रीमती सरोज सोनकर की मौजूदगी में जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।



बैठक में इन्दिरा गांधी स्पोट्र्स स्टेडियम में निर्मित बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल का नामकरण स्वतत्रंता सेनानी पं0 भगवानदीन मिश्र ह्लह्लवैद्यह्लह्ल पुत्र स्व0 चक्रदीन मिश्र, ब्राम्हणीपुरा बहराइच जिन्होने जनपद बहराइच के स्वतत्रंता संग्राम अंदोलन में वर्ष 1930 से 1942 तक आजादी के सत्याग्रह आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई है के नाम पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसी प्रकार रोडवेज बस स्टैण्ड बहराइच का नामकरण राजा बलभद्र सिंह ग्राम मुरौवा तहसील महसी बहराइच ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में वर्ष 1858 में बेगम हजरत महल के नेतृत्व में उबरी ग्राम जनपद बाराबंकी में अंग्रेज सेनापति होपग्रान्ट से संघर्ष करते हुये चहलारी में लगभग 600 सैनिको के साथ शहीद हुए थे के नाम पर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। इसके अलावा रूपैडिहा बस स्टैण्ड का नाम स्थानीय स्वत्रंता सेनानी रामहर्ष विद्रोही पुत्र स्व0 रामशंकर, ग्राम रामपुर निगहा थाना रूपैडिहा जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन वर्ष 1942 के दौरान एक वर्ष का कारावास हुआ था के नाम पर सर्व सम्मति निर्णय लिया गया।

बैठक के अन्त में आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत ह्यह्यहर घर तिरंगाह्लह्ल कार्यक्रम के सफल आयोजन के उद्देश्य से सभागार में मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व मीडिया प्रतिनिधियों के साथ डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र ने देश भक्ति गीत ह्यह्यविजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झण्डा ऊँचा रहे हमाराह्लह्ल के सामूहिक गान से प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सुभाष सिंह धामी, जिला क्रीड़ाधिकारी नीरज मिश्रा, नवांगतुक क्षेत्रीय प्रबन्धक रोडवेज डी.के. तिवारी उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, मीडिया प्रतिनिधि मुकेश पाण्डेय, अजय शर्मा, दिवाकर सिंह, प्रभन्जन शुक्ला, मोहित सोनी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## गर्भवती महिला के साथ हुई थी मार पीट तो इलाज के दौरान महिला ने मृत्यु शिशु को दिया जन्म

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट गौतम सिंह चौहान**

रेउसा सीतापुर ।थाना थानगांव क्षेत्र में हुई मारपीट के दौरान चोटिल गर्भवती महिला ने इलाज के दौरान मृत शिशु को जन्म दिया ।पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस दूसरे पक्ष से मिली हुई है जिससे आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं कर रही है ।वहीं पुलिस का कहना है कि संबंधित प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज है ।मृत शिशु का पीएम कराया जा रहा है ,पीएम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी ।



क्षेत्र के लोनियन पुरवा मजरा सीपतपुर में तीन जुलाई को किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी जिसको लेकर गीता देवी पत्नी श्रीपाल ने गांव के ही कुंज बिहारी, सालिक राम, सुरेश और गुम्मा के विरुद्ध स्थानीय पुलिस को शिकायती पत्र दिया था ।गीता देवी का आरोप है कि मारपीट के दौरान वह गंभीर चोटिल हो गई थी । इक्कीस जुलाई को सीतापुर के एक निजी अस्पताल में उसने मृत शिशु को जन्म दिया ।परिजन मृत शिशु को लेकर 21 जुलाई को ही थाने पर पहुंचे लेकिन पुलिस द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई ।जिसके बाबत उसने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रेउसा अवधेश चौहान से गुहार लगायी ।ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा घटना के बाबत उच्चाधिकारियों को अवगत कराने पर स्थानीय पुलिस ने परिजनों को धमकाते हुए मृत शिशु को जबरदस्ती छीन कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया ।जबकि पीएम के लिए भेजे जाने के दौरान किसी भी परिजन को साथ जाने से मना कर दिया ।इस बाबत थानाध्यक्ष फूलचंद सरोज ने बताया कि पीड़ित को धमकाने की बात निराधार है पूर्व में हुई मारपीट को लेकर अभियोग पंजीकृत है ।मृत शिशु को पीएम के लिए भेजा गया है, पीएम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी ।

## क्षेत्र पंचायत सदस्य वार्ड न 29 से डॉक्टर अनवारूल रहमान खान निर्विरोध निर्वाचित

बहराइच। ब्लांक रिसिया क्षेत्र पंचायत सदस्य संख्या 29 के उपचुनाव में डॉक्टर अनवारुल रहमान खान को निर्विरोध निर्वाचित किया गया जिसमें वार्ड न 18 के ज़िला पंचायत सदस्य गुलाम जाकिर खान , आरिफ मेडिकल प्रधान , कैलाश वर्माप्रधान , अच्छु भई , रियासत अली , रमजान शाह, इसरार दर्जिन पुरवा , मेहंदी हसन और खलिकननिशा राजू आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा।



## चिकित्सक व फर्मासिस्ट ले रहे बिना ड्यूटी किए वेतन

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़ जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी में लापरवाही चरम सीमा पर है ।यहां चिकित्सक और फर्मासिस मौजूद नही रहते हैं ।जिससे क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है। क्षेत्र के लोग निजी चिकित्सकों से इलाज कराने के लिए मजबूर है ।बिना ड्यूटी किए स्थायी नियुक्त चिकित्सक और फर्मासिस वेतन ले रहे हैं। आपको बता दे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी पर स्थायी नियुक्त चिकित्सक कभी नही आते हैं,लेकिन रजिस्टर पर हाजिरी लगती रहती है ।यही हाल फर्मासिस का है। फर्मासिस की कुर्शी पर वार्ड बॉय राम लखन विराजमान रहते हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संग्रामगढ़ अधीक्षक द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना के आयुष चिकित्सक डॉ नलेश त्रिपाठी से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी का संचालन करवा रहे हैं ।जिससे भारत सरकार की योजना राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य को प्रभावित करने का कार्य किया जा रहा है।

डॉ नलेस त्रिपाठी से हाजिरी रजिस्टर,ओपीडी दिखाने के लिए कहा गया तो दिखाने से मना कर दिया गया।

स्थायी नियुक्त चिकित्सक के अस्पताल में मौजूद न रहने के कारण क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है।

## शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा कस्बा गौरीगंज में किया गया पैदल गस्त

**समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी**

पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा शांति सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा ह्लमिशन शक्तिह्व नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से थानाक्षेत्र गौरीगंज के कस्बाक्षेत्र में आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया गया तथा आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन तथा नई उम्र के लड़को की चेकिंग व पूछताछ की गई तथा वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई ।



## सावन में करें पंचाक्षर मंत्र से शिव की साधना

**विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़**

नमः शिवाय मंत्र बहुत ही सीधा, सरल एवं सर्वसुलभ है शिव जी का यह मंत्र जितना सरल है उससे अधिक प्रभावशाली भी है यह मंत्र तेजस्वी एवं अत्यधिक प्रभावयुक्त क्रम में है। हमारे पूर्वज मंत्रों व साधारण बोलचाल में आने वाले शब्दों में भेद नहीं कर पाए, इसी का परिणाम है कि इन मंत्रों के रहस्य से हम हीन होकर क्षीण हो गए। कुछ जो हमारे उदात्त ऋषि हुए हैं, अपने मंत्रमय स्वरूप को पहचानकर अद्वितीय कहे गए, वे सभी इस पंचाक्षर मंत्र की विशेषता से प्रभावित थे।

यह पंचाक्षर मंत्र अल्प होते हुए भी अपनेमे गहनतम अर्थों को समाहित किए हुए हैं। जो जन्म-मृत्यु से रहित है जिसका कभी भी क्षय नहीं होता, सभी देव जिसे नमन करते हैं। गहनतम ध्यान में मग्न सभी पापों को हरण करने वाले, जिससे परे और कुछ भी नहीं है, सभी शास्त्रों का एक मात्र विषय, सवार्भूषण, नीलकंठ जो सर्वत्र व्याप्त हैं, जो सर्वगुरु हैं वह शिव हैं।

पुराणों के अनुसार पुण्य-काल में वेदों एवं शास्त्रों की समस्त शक्ति इस पंचाक्षर मंत्र में समाहित होकर रहती है। पुनः सृष्टि-क्रम की दशा में नाभि-कमल से उत्पन्न ब्रह्मा ने सृष्टि रचना काल, जिज्ञासावश भगवान नारायण से प्रार्थना की तो उन्होंने इस ह्यपन्चक्षरी मंत्रह्ल का उपदेश दिया गया तथा भगवान ने इस मंत्र के विशेष रहस्यों से ब्रह्मा को अवगत कराया फिर ब्रह्मा ने विशेष सिद्धि लाभ के लिए इसी मंत्र के द्वारा घोर तपस्या की तथा सृष्टि निर्माण में समर्थ हुए। तदन्तर अन्य ऋषिगण भी इस मंत्र की महत्ता को ब्रह्मा से प्राप्त करके प्रभावित हुए। पंचाक्षर मंत्र की सिद्धता के बाद और किसी मंत्र या साधना की आवश्यकता शेष नहीं रह जाती, क्योंकि शिव ही साक्षात परब्रह्म हैं, वही परमानंद हैं, वही ज्ञान स्वरूप हैं। भगवान शंकर को प्रसन्न करने का यह पंचाक्षर मंत्र उत्तम साधन बताया गया है। इस प्रकार ह्यनम शिवायह्ल इस पंचाक्षर मंत्र की साधना प्रत्येक मनुष्य को यथानुकूल करनी ही चाहिए।

इस साधना के लिए सवा लाख मंत्र जाप करना चाहिए। जब भी साधना करनी हो साधक प्रातःकाल उठकर स्नानादि नित्य कर्मों से निवृत होकर सात्विक एवं श्रद्धामय होकर साधना कक्ष में प्रवेश करें तथा सफेद या पीले रंग की धोती पहनकर, पीले आसन पर पूर्व या उत्तर की ओर मुख करके बैठ जाएं। अपने सामने तांबे या स्टील की थाली में ह्यपारदेश्वर शिवलिंगह्ल स्थापित करें। गंगाजल या शुद्ध जल के छींटे देकर किसी साफ वस्त्र से पोंछ दें तथा बाद में चंदन का तिलक लगाकर पुष्प चढ़ाएं। धूप, दीप, दिखाकर मिठाई का भोग लगाऐं मंत्र पूजा के बाद विनियाग करें, दाहिने हाथ में जल लेकर निम्न संदर्भ पढ़ें बाद में इस जल को भूमि पर छोड़ दें।

अस्य श्री शिव मंत्रस्य ब्रह्मा ऋषि अनुष्टुप छंदः श्री सदाशिव देव शक्तिम ह्यमह्ल कीलकम ह्यशिवायह्ल बीजम्‌ सदाशिव प्रीत्यर्थ जपे विनियोग।

इसके बाद साशक करन्यास तथा हृदयादिन्यास करें।

करन्यास
ङ्कङ्क
(न) अंगुष्ठाभ्यां नमः
(मः) तर्जनीभ्यां स्वाहा
(शि) मध्यामाभ्यां वषट
(वा) अमामिकाभ्यां हूं
(य) कनिष्ठिकाभ्यां वौषट

हृदयशक्ति न्यास

(न) हृदयाय नमः
(मः) शिरसे स्वाहा
(शि) शिखायै वषट
(वा) कवचाय हूं
(या) नेत्रत्रयाय वौषट

ह्यॐ नमः शिवायह्ल अनादि शक्तये अस्त्राय फट।

ध्यान
ङ्क
कर्पूरगौरं करुणावतारं संसारं सारं भुजगेंद्रहारं।
सदावसन्तं हृदयारविंदे भवं भवानी सहितं नमामि।

इसके बाद स्फटिक माला से जाप प्रारम्भ करें। सवा लाख मंत्र जप पूर्ण होने के बाद दशांश हवन करके साधना पूरी करें। इस साधना की पूर्णता पर साधक को रोगनिवृत्ति, सौभाग्य की प्राप्ति तथा सुख एवं सम्पत्ति का लाभ होगा। साधना की समाप्ति पर शिवलिंग पूजा स्थान स्थापित कर दें। और माला शिव मंदिर में शिवलिंग पर चढ़ा दें

## राष्ट्रीय छात्रबृत्ति योजना में हुआ छात्रा का चयन

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी मुसाफिरखाना। मुसाफिरखाना विकास क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय जमुवारी की छात्रा राखी विश्वकर्मा का चयन राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2022 में होने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी। वीते 24 अप्रैल को सम्पन्न हुई राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में परिषदीय कम्पोजिट विद्यालय जमुवारी में कक्षा 8 में पढ़ने वाली छात्रा राखी विश्वकर्मा पुत्री विजय कुमार सहित तीन छात्राएं शामिल हुई थी। इस परीक्षा में राखी का चयन हो गया है। राखी विश्वकर्मा ने जिले में पांचवीं रैंक हासिल की है। राखी की उपलब्धि पर बीईओ राम ललित ने छात्रा और स्कूल के शिक्षकों को बधाई दी।



## संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत ससुरालियों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप।

गुन्नौर थाना कोतवाली क्षेत्र के गांव मैं संदिग्ध परिस्थितियों में हुई नवविवाहिता की मौत, मृतक महिला के परिजनों ने ससुरालियों पर लगाया दहेज के लिए गला दबाकर हत्या करने का आरोप, पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर किया मुकदमा दर्ज, पुलिस ने मृतक महिला का शव पोस्टमार्टम को भेजा।



गांव सिकंदरपुर खागी निवासी महेंद्र पुत्र रूपराम ने गुन्नौर कोतवाली में पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन प्रीति की शादी लगभग 15 महीने पूर्व कोतवाली क्षेत्र के गांव गोठना निवासी ओमपाल पुत्र नानक के साथ की थी। कुछ दिन तक उसकी बहन सही सलामत रही। परंतु कुछ दिन बाद उसकी बहन से पति ओमपाल,सास चंद्रवती,ससुर नानक आये दिन दहेज की मांग करते थे। जब उसकी बहिन ने दहेज न देने की असमर्थता जताई तो इन लोगों ने उसके साथ मारपीट की। शादी के कुछ दिन बाद से ही यह लोग दहेज का आये दिन ताना देते थे। 21 जुलाई की रात्रि 11 बजे उसकी बहिन को गला दबाकर मार दिया। उसे उसके बहिन की मौत की सूचना रिश्तेदार से प्राप्त हुयी। उसके बाद वह पुलिस को सूचना कर स्वजन के साथ गोठना पहुंच गया। जहां इन लोगों ने उसके साथ गाली गलौच भी की और कहा कि यहां से जाओ। सूचना पर क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक अपराध वीरेंद्र पाल सिंह पूनिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। वही मायके वाले व परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हैं, तहरीर मिलने के बाद पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

थाना गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव गोठना में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हुई है, मृतक महिला के परिजनों द्वारा बताया जा रहा है कि उसकी शादी 15 महीने पूर्व हुई थी, महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है ।

(संतोष कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी

## आर आर के स्कूल मे इंटर के बच्चों ने किया टॉप 3 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

दैनिक समाज जागरण चंदौसी । चंदौसी नगर में आरआरके स्कूल में सीबीएसई बोर्ड का आज परिणाम घोषित हुआ जिसमे इंटर के बच्चों ने काफी खुशी जाहिर की जिसमें प्रथम स्थान पाने वाले 3 बच्चे रहे ।अंश पाठक पुत्र मोहन पाठक निवासी अक्रुरजी पुरम चंदौसी, मान्या वार्ष्णेय पुत्री गौरव वार्ष्णेय निवासी आवास विकास चंदौसी ,यश कुमार पुत्र पवन कुआर निवासी ग्राम गुमथल चंदौसी के,तीनो ही बच्चों की 98.2% रही। द्वितीय स्थान पाने वाले देवांश वार्ष्णेय पुत्र अमित कुमार वार्ष्णेय निवासी कैथल गेट चंदौसी 97.4 % रही ।तृतीय स्थान पाने वाले क्रिश चौधरी पुत्र राजीव सिंह शक्ति नगर चंदौसी,की 97% रही।टॉपर बच्चों का कहना है की हमारी सफलता के पीछे हमारे माता पिता और टीचर्स का बहुत बड़ा योगदान है।कोई डॉक्टर तो कोई चार्टेड अकाउंटेंट बनना चाहता



## एबीसी किड्स मोंटसरी स्कूल में देश की स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के बारे मे बच्चों को बताया ।

दैनिक समाज जागरण चंदौसी । एबीसी किड्स मोंटसरी स्कूल में देश की स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के पावन पर्व पर बच्चों द्वारा देश के तिरंगे को अपने छोटे छोटे हाथों से बनाकर सुंदर रंग भरे संचालिका संगीता भार्गव ने बच्चों को बताया कि इस वर्ष हमारे देश की स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है पूरे देश में यह महा उत्सव मनाया जाएगा 15 अगस्त 2022 को देश की आजादी के 75 साल पूरे होने जा रहे हैं इसी बात को ध्यान में रखते हुए 75 वी वर्षगांठ से 1 साल पहले यानी 15 अगस्त 2021 से इन कार्यक्रमों की शुरूआत की गई इसी शुभ अवसर पर एबीसी मोंटसरी स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने भी अपना योगदान दिया प्रियांशी मैम द्वारा बच्चों को तिरंगे के रंगों के बारे में बताया गया उन्होंने बच्चों को बताया कि सबसे ऊपर केसरिया बीच में सफेद और सबसे नीचे हरे रंग की पट्टी होती है। केसरिया रंग त्याग और बलिदान का सफेद शांति और एकता और सच्चाई तथा हरा रंग विश्वास ।अशोक चक्र में 24 तिलिया होती हैं इसी के साथ बच्चों द्वारा तिरंगे का सम्मान करने का प्रण लिया गया इसके साथ कार्यक्रम समापन हुआ कार्यक्रम में दिव्या ,शालू, निशा ,मोहिता, यशी, छवि ,मुस्कान ,बुशरा ,रूपाली, नेहा ,अंकिता, पायल,प्रियांशी ,प्रिया ,अर्चना आदि शिक्षकाओ का सहयोग रहा।



## जिलाधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवांसा का किया गया निरीक्षण

# अस्पतालों में दवाई की उपलब्धता रहे पूर्ण...... जिलाधिकारी अस्पतालों में साफ सफाई पर दिया जाए विशेष ध्यान...... जिलाधिकारी

### प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए प्रत्येक चिकित्सा कर्मी अपना पहचान पत्र अपने पास रखें ...... जिलाधिकारी

दैनिक समाज जागरण बहजोई । आज जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवांसा का निरीक्षण किया। जिसमें डाट्स कक्ष का निरीक्षण करते हुए डाट्स कक्ष में रखे यंत्रों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की एवं चिकित्सकों को निर्देशित करते हुए कहा कि सैंपल की जांच सही तरीके से की जाए। चिकित्सा कर्मियों के पहचान



पत्र ना मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की एवं निर्देशित करते हुए कहा कि सभी चिकित्सा कर्मी अपना पहचान पत्र प्रत्येक दशा में अपने पास रखें। जिलाधिकारी ने दवाई वितरण सेंटर का निरीक्षण करते हुए वहां की आधारभूत सुविधाओं को चेक किया। एवं औषधि चार्ट को दीवार पर चस्पा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो दवा स्टॉक में उपलब्ध ना हो औषधि चार्ट पर उस दवा के नाम के आगे क्रॉस चिन्ह लगाया जाए। और उन्होंने कहा कि डॉक्टर द्वारा रोगी के पंजीकरण के पर्चे पर चिकित्सक दवाई लिखने के उपरांत अपने हस्ताक्षर स्टांप मोहर के साथ करना सुनिश्चित करें। फार्मेसिस्ट को निर्देशित करते हुए कहा कि दवाई वितरण का एक रजिस्टर बना होना चाहिए। और उसमें रोगी की पंजीकरण संख्या एवं डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवा प्रत्येक दशा में अंकित होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने दवाई की उपलब्धता को चेक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा कोल्ड चेन का भी निरीक्षण किया गया। एवं उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जो यंत्र खराब अवस्था में है उनको प्रत्येक दशा में ठीक करा लिया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा ओपीडी, प्रसव कक्ष, लेबर रूम, बीपी जांच कक्ष, आदि का निरीक्षण किया गया। एवं आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक दशा में अस्पताल की साफ सफाई एवं दवाई की उपलब्धता बनी रहे। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी पंकज कुमार विश्नोई, चिकित्सा अधीक्षक मनोज कुमार चौधरी, एवं संबंधित चिकित्सक सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भविष्य में आईआईटी कर इंजीनियर बनना चाहता है विनायक।

दैनिक समाज जागरण विजेंदर सिंह बबराला

बबराला । डीएवी फर्टिलाइजर स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र विनायक वार्ष्णेय ने 99.4 %अंक प्राप्त कर टॉप किया है। उसने अंग्रेजी और मैथ में 100-100 अंक एवं तीन विषयों में 99-99 अंक प्राप्त किए हैं।



सीबीएसई बोर्ड दिल्ली के 10वीं कक्षा के परिणाम घोषित किए गए। जिसमें डीएवी फर्टिलाइजर स्कूल के छात्र विनायक वार्ष्णेय ने 99.4%अंक प्राप्त कर टॉप किया है। बबराला के लेखपाल कॉलोनी निवासी मुनीश वार्ष्णेय जो कि बीमा का कार्य करते हैं। उनके पुत्र विनायक वार्ष्णेय ने बताया कि उसके अंग्रेजी में 100, हिंदी में 99, मैथ में 100, साइंस में 99 सोशल साइंस में 99 अंक प्राप्त किए हैं। उसका छोटा भाई मधुर वार्ष्णेय डीएवी फर्टिलाइजर स्कूल में ही अध्ययनरत है। विनायक वार्ष्णेय ने बताया कि आईआईटी करके इंजीनियर बनना चाहता है। परीक्षा के दौरान 6 से 8 घंटे की पढ़ाई की। एवं अन्य दिनों में उसने प्रत्येक विषय को एक-एक घंटे का समय देकर यह सफलता हासिल की है।

## आयोग के आदेश का अनुपालन न करना एक्सिस बैंक के मैनेजर को पड़ा भारी

## आयोग ने जारी किए गिरफ्तारी वारंट

**दैनिक समाज जागरण बहजोई** । चंदौसी निवासी रामेश्वरी देवी का पुत्र गौरव सिंह अमरोहा में एक प्राइवेट नौकरी करता था जोकि कलेक्शन के लिए जगह जगह जाता था नोगवा सादाब गांव जाते समय अज्ञात बदमाशों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी क्योंकि कंपनी द्वारा उसका सैलेरी अकाउंट एक्सिस बैंक मुरादाबाद में था जिस पर उसने एटीएम की सुविधा प्राप्त कर रखी थी वह एटीएम का प्रयोग करता था क्योंकि



उसकी मृत्यु हो जाने के उपरांत उसकी मां रामेश्वरी देवी ने समस्त औपचारिकता पूर्ण कर एटीएम पर मिलने वाले बीमित धनराशि रुपए 200000 दिए जाने का आग्रह एक्सिस बैंक के प्रबंधक मुरादाबाद एक्सिस बैंक के प्रबंधक चंदौसी से की तथा उसकी समस्त औपचारिकताएं पूर्ण भी की गई परंतु उसकी कहीं भी कोई सुनवाई नहीं हुई जिसके लिए उसने अपने अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय के माध्यम से एक परिवाद माननीय जिला उपभोक्ता आयोग जनपद संभल में आयोजित किया जहां आयोग द्वारा सुनवाई कर एक्सिस बैंक को आदेशित किया गया कि वह एटीएम पर मिलने वाले ₹200000 की धनराशि मय ब्याज सहित एवं परिवाद खर्च आदि आदेश से 2 माह के अंदर उपलब्ध कराएं जिस पर संबंधित एक्सिस बैंक के मैनेजर द्वारा कोई भी सुनवाई नहीं की गई तब रामेश्वरी देवी ने पुनः अपने अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय के माध्यम से आयोग का दरवाजा खटखटाया आयोग द्वारा नोटिस जारी कर बैंक प्रबंधक से आदेश का अनुपालन किये जाने के सम्बंध मे पूछा गया कि क्यों एवं किस कारण से आयोग के आदेश का पालन नहीं किया गया जिस पर बैंक की तरफ से कोई भी उपस्थित नहीं आया और आयोग के अध्यक्ष राम अचल यादव व सदस्य आशुतोष ने सुनवाई करते हुए अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय की विशेष पैरवी पर एक्सेस बैंक शाखा प्रबंधक मुरादाबाद तथा एक्सिस बैंक शाखा प्रबंधक चंदौसी के ₹50000 के जमानती वारंट जारी कर पुलिस अधीक्षक जनपद संभल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद को भेजे हैं।

# स्कूल टॉप कर कुमोदनी यादव ने किया मां बाप का नाम रोशन

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह गुन्नौर

गुन्नौर के गांव दौलतपुर निवासी कुमुदिनी यादव इंजीनियर बनना चाहती है कुमोदनी ने सीबीएसई बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल की छात्रा कुमोदनी ने 98.4 % अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
शुक्रवार को सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम में कुमोदनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।वह इंजीनियर बनना चाहती है। उसका एक भाई और



है।भाई सुधांशु डीएवी फर्टिलाइजर स्कूल में कक्षा 7 का विद्यार्थी है। उसके पिता नवल किशोर यादव बेसिक प्राइमरी स्कूल में कादरचौक बदायूं में कार्यरत हैं। जबकि कुमोदनी की मां रूमा यादव ग्रहणी हैं।उसने बताया कि वह 6 से 7 घंटे के बीच अपने पढ़ाई किया करती थी। जिसके फलस्वरूप उसने यह 98.4% अंक प्राप्त किए हैं। इस सफलता का श्रेय माता-पिता के अलावा समस्त गुरुजनों का भी है।जिन्होंने विद्या अध्ययन में मदद की। कुमोदनी द्वारा स्कूल टॉप करने पर परिजनों में खुशी का माहौल है।

# अनियंत्रित ट्रक ने शरदा बैराज पर बनी थाना धौराहरा क्षेत्र की पुलिस चौकी मे मारी जोरदार टक्कर

## बाल– बाल बचे दीवान अनिल तिवारी और पुलिस कर्मी संदीप कुमार

दैनिक समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी

धौराहरा खीरी --शारदा बैराज पर बनी धौराहरा कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले पुलिस चौकी में सुबह लगभग 5:00बजे के करीब एक अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार भारी टक्कर मार दिया टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पुलिस चौकी के साथ -साथ पड़ोस बनी दुकानों को उडाते हुए घर की बाउंड्री से ट्रक जा टकराया चौकी में मौजूद अनिल तिवारी (दीवान), संदीप कुमार (कांस्टेबल),बाल -बाल बच गये सूचना मिलते



ही मौके पर पहुंची धौराहरा पुलिस ने अनिल तिवारी (दीवान), संदीप कुमार (कांस्टेबल)और ग्रामीणो के सहयोग से ट्रक चालक को अपने कब्जे में लेकर घटना की पूंछ -ताछ में जुट गई आस -पास के रहने वाले व्यक्तियो ने बताया की इस हादसे से कोई ज्यादा नुक्सान नहीं हुआ है न तो किसी की जान मान की हानि हुई है प्रभारी निरीक्षक धौराहरा धर्म प्रकाश शुक्ला ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों की स्थिति सामान्य है।और पूर्णतया ठीक है। चालक को मौके पर पकड़ कर ट्रक अपने कब्जे में ले लिया गया है उसके साथ कार्यवाही की जा रही है

## द्रोपदी मुर्मू के मार्गदशन में देश नई उंचाइयों को छुएगा : कैप्टन भूपेन्द्र

# जिलेभर में भाजपा कार्यकर्ताओ ने लड्डू बांटकर खुशी जताई

हिसार। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने द्रोपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर खुशी जताई है। पार्टीजनों ने लड्डू बांटकर खुशी जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं वरिष्ठ केन्द्रीय नेताओं ने इस पद के लिए द्रोपदी मुर्मू का चयन करके महिला वर्ग का सम्मान किया है।
भाजपा जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने कहा कि द्रोपदी मुर्मू देश की पहली नागरिक के रूप में देश को नया नेतृत्व देगी। उनसे देशवासियों को काफी कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश की पहली महिला की जीवन की कहानी काफी संघर्षपूर्ण रही है लेकिन इस पद तक पहुंचने में उनके संघर्ष व मेहनत से हर किसी को प्रेरणा



मिलेगी। उन्होंने कहा कि द्रौपदी मुर्मू ने अपना जीवन समाज की सेवा और गरीबों दलितों के साथ-साथ हाशिए के लोगों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित किया है। उनके पास समृद्ध प्रशासनिक अनुभव है और उनका कार्यकाल उत्कृष्ट रहा है। उनका राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में भाजपा द्वारा चयन करना दशार्ता है को पार्टी महिला सशक्तिकरण को लेकर कितनी प्रबल है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने कहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद द्रोपदी मुर्मू देश में महिला सशक्तिकरण के लिए उदाहरण स्थापित करेंगी। उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर नयी ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने कहा कि देश को मजबूत करने में महामहिम राष्ट्रपति का योगदान अमूल्य होगा और पूरा विश्वास है की वे देश को सदैव आगे बढ़ाने का काम करेंगी। जिला मीडिया प्रभारी ने बताया कि नये राष्ट्रपति के चयन से पार्टी के हर पदाधिकारी व कार्यकर्ता में खुशी है और जिलेभर में लड्डू बांटकर खुशी जताई गई है।

## पाली एवं शाहाबाद थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने अंतर्राज्यीय बाइक चोर को किया गिरफ्तार

# चोरी की 5 बाइक बरामद

दैनिक समाज जागरण / अखिलेश सिंह ब्यूरो हरदोई

पाली, हरदोई। थाना पाली एवं शाहबाद पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई में पुलिस ने कस्बा



पाली निवासी एक शातिर चोर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया, साथ ही उसकी निशानदेही पर चार अन्य बाइकें भी कस्बा पाली किनारे गर्रा नदी के पास एक खेत से बरामद की हैं। गिरफ्तार अंतराज्यीय बाइक चोर को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।
पाली थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर सुनील दत्त कौल ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र द्वारा चलाए जा रहे वाहन चोरों के विरुद्ध विशेष अभियान के अनुपालन में पाली थाना पुलिस एवं शाहाबाद थाना पुलिस की टीम संयुक्त टीम पाली शाहबाद रोड पर आगमपुर चौराहे पर तैनात थी। तभी पाली कस्बे के मोहल्ला पटियानीम निवासी राजीव कश्यप पुत्र रामशंकर कश्यप को एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। इंस्पेक्टर श्री कौल ने बताया कि अभियुक्त राजीव से कड़ाई से पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह अपने साथी रवि व दो-तीन अन्य व्यक्तियों के साथ राजस्थान व उत्तर प्रदेश से मोटरसाइकिल की चोरी करके सस्ते दामों में क्षेत्र में बेचता है। अभियुक्त राजीव की निशानदेही पर पाली एवं शाहाबाद थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने पाली एवं गर्रा नदी के किनारे एक खेत से चार मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस ने अभियुक्त राजीव के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करके उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कुल 5 चोरी की बाइक बरामद की गई हैं।

## दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण हेतु ब्लॉक सभागार में कैम्प का हुआ आयोजन

दैनिक समाज जागरण/अखिलेश सिंह ब्यूरो हरदोई

कछौना ,हरदोई।दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की तरफ से दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण हेतु आवेदन के लिए कछौना के ब्लॉक सभागार में कैंप का आयोजन किया गया जिसमें दिव्यांगजनों ने उपकरण, कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण, ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैशाखी, श्रवण सहायक यंत्र, छड़ी, वाकर हेतु दूरदराज ग्रामीण क्षेत्र के दिव्यांगजनों



ने आवेदन किए। कनिष्ठ सहायक रेखा पटेल ने बताया कि आवेदक को अपनी एक फोटो, दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ आवेदन करना है। दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए आधार द्वारा महत्वपूर्ण दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन योजना, दिव्यांगजन से शादी करने पर पुरस्कार, दुकान निर्माण संचालन व दिव्यांग जनों के विशिष्ट पहचान पत्र यूआईडी का अवश्य बना लें जिससे वह भारत में सरकारी बसों में निशुल्क यात्रा कर सकते हैं। प्रचार-प्रसार के अभाव में कछौना क्षेत्र के काफी दिव्यांग जनों को कैंप की जानकारी नहीं मिल सकी जिससे काफी दिव्यांगजन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए, जिस पर सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताई व विभागीय अधिकारियों की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। कैंप में आवेदन करने में दिव्यांग सामाजिक कार्यकर्ता मोहित शुक्ला ने दिव्यांग जनों का काफी सहयोग किया।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में कछौना ने फिर लहराया परचम

दैनिक समाज जागरण /रामेंद्र सैनी

हरदोई।संविलयन विद्यालय कछौना की छात्रा प्रीति सुपुत्री श्री तुलसी राम, गांव भारतखेड़ा ने किया जिला टॉप

कछौना, हरदोई।

ब्लॉक कछौना के शिक्षकों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रों के लिए विशेष अभियान चलाया था। जिसके परिणाम स्वरूप कछौना ब्लॉक के सर्वाधिक 87 बच्चे इस छात्रवृत्ति परीक्षा को पास करने में सफल रहे। बेसिक में उप्रावि शाहपुर बिनौरा के अध्यापक नीतेश कुमार के प्रयास के कारण विकास क्षेत्र हरियावां ने 22 बच्चों को पास कराकर दुसरा स्थान पाया।
राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा वर्ष में जिले का लक्ष्य 321 का है। जिसमें 999 आवेदन किए गए थे। कुल 233 परीक्षार्थी सफल रहे। जिसमें कछौना के 87 बच्चे हैं। कछौना की कंपोजिट विद्यालय की छात्रा प्रीती पुत्री तुलसीराम, निवासी भारतखेड़ा टॉपर रहीं। पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी मनोज बोस व उनके शिक्षकों की टीम के विशेष प्रयास के परिणामस्वरुप विगत तीन साल से जिले मे. सर्वाधिक सफलता इसी ब्लाक के बच्चों को मिलती है। पिछले साल भी सर्वाधिक पचास बच्चे इस परीक्षा को पास करने में सफल रहे थे। फार्म के साथ आवश्यक अभिलेख आय प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। जिसमें लगभग एक माह का समय लग जाता है। यहाँ के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में संबंधित बच्चों की जुलाई 2021 से ही कोचिंग की व्यवस्था कराई गयी थी।
खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने पूरे प्रदेश में इस मुहिम को चलाया है। जिससे उप्र छः गुणा ज्यादा फार्म भरा गया और चयन ढाई गुणा बढ़कर साढ़े छः हजार हो गया है।
इस परीक्षा को पास होने वाले बच्चों को कक्षा 9 से 12 के बीच कुछ 1000ड्ड/माह कुल 48000ड्ड मिलता है।
जिससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की पढ़ाई आर्थिक कारण से बीच में न छूटे।
वे यह अभियान में अन्य राज्यों बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ में भी चला रहे हैं। इस अभियान में मेहनती जनूनी शिक्षक साथी शैलेंद्र कुमार शंख धर, संतोष खरे कंधे से कंधा मिलाकर नया आयाम दिया।
मनोज बोस के आग्रह पर उप्र सरकार के कॉलेज ऑफ टीचर एडुकेशन के प्राचार्य श्री अजय सिंह



जी ने इसे और विस्तृत रूप देकर इसे मिशन 2500 के का नाम दिया गया। अब इस अभियान का लक्ष्य 2.5 लाख फार्म भरवाकर 15143 बच्चों का चयन हर साल इस छात्रवृत्ति हेतु कराना है।
इससे न केवल हर साल 15143 कमजोर बच्चों को छात्रवृत्ति मिलेगी, बल्कि हर साल ढाई लाख फार्म भरने वाले बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता में क्रांतिकारी बदलाव आयेगा। कछौना में इस परीक्षा की तैयारी के लिए परिषदीय स्कूलों में अवकाश के दिन रविवार को स्कूल खोलकर तैयारी कराई गई थी, क्योंकि लक्ष्य के बहुत कम परीक्षार्थी आवेदन करते थे। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को आगे की पढ़ाई हेतु कक्षा 9 से कक्षा 12 तक की पढ़ाई के लिए एक हजार रुपये मासिक छात्रवृत्ति मिलती है। इस परीक्षा में सभी राज्यों और जिलों के लिए सीटें निर्धारित हैं। संपूर्ण भारत के लिए एक साल एक लाख बच्चों को पास कराया जाता है। इसमें शिक्षकों के रुचि न लेने व जागरूकता के अभाव में बड़े पैमाने पर छात्र प्रतिभाग करने व अच्छी तैयारी के अभाव में हजारों छात्र छात्रवृत्ति से वंचित हो जाते हैं। खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस के नवाचार से सैकड़ों छात्रों को लाभ मिल रहा है।

### राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में छात्रों ने काटा हंगामा

मौके पर पहुंची एसडीएम ने छात्रों की समस्याओं का एक हफ्ते में निस्तारण कराने का दिया आश्वासन

समाज जागरण

हरदोई। कछौना में स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में छात्रों ने शुक्रवार को जमकर हंगामा काटा। खानपान व्यवस्था सुदृढ़ न होने व विज्ञान वर्ग के शिक्षक न होने जैसी कई अन्य समस्याओं को लेकर छात्रों ने हंगामा काट दिया जिसके बाद छात्र हरदोई जिला अधिकारी को विद्यालय की शिकायत करने जा रहे थे, तभी विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों को समझा-बुझाकर विद्यालय ले जाने की काफी कोशिश की लेकिन छात्र विद्यालय को जाने के लिए राजी नहीं हुए। रेलवे फाटक पर ही छात्र खड़े रहे, चूंकि बात डीएम तक पहुंच चुकी थी जिस पर

## 26 जुलाई तक ''सांस्कृतिक प्रतिभा खोज'' का आयोजन किया जायेगा-एडीएम

दैनिक समाज जागरण/ अखिलेश सिंह ब्यूरो हरदोई

हरदोई। अपर जिलाधिकारी वन्दना त्रिवेदी ने अवगत कराया है कि आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत संस्कृति विभाग उप्र, द्वारा अपनी विधिक स्वायतत्तशासी संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न प्रदर्शनकारी कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य निरन्तर किया जाता है।




उन्होने बताया कि ऐसी सांस्कृतिक विधाओं जैसे लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वादन, आदिवासी नृत्य, आल्हा गायन, लोक नाट्य, भजन, ललित कला के प्रतिभावान कलाकारों के चयन हेतु 26 जुलाई 2022 तक ह्यह्यसांस्कृतिक प्रतिभा खोजह्यह्य का आयोजन जिला स्तर पर किया जायेगा। एडीएम ने कहा है कि सांस्कृतिक प्रतिभा खोज में भाग लेने के इच्छुक कलाकार अपने आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर भरकर निर्धारित तिथि तक जिला सूचना कार्यालय, हरदोई को उपलब्ध करायें। अधिक जानकारी हेतु कमलेश कुमार पाठक कार्यक्रम अधिशासी, संस्कृति निदेशालय, उप्र लखनऊ मोबाईल नं0-9335201465 पर सम्पर्क कर सकते है।

## पाली पुलिस ने चोरी की एक कुंटल सरिया के साथ 3 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण/अखिलेश सिंह ब्यूरो हरदोई

पाली, हरदोई। पाली थाना पुलिस ने क्षेत्र के भाहपुर गांव से चोरी के माल सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनको पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पाली थाने के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर सुनील दत्त कौल ने बताया कि अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पाली



थाने की रूपापुर पुलिस चौकी के इंचार्ज सुरेंद्र मिश्रा और उनकी टीम द्वारा थाने में दर्ज चोरी के एक मामले से संबंधित तीन अभियुक्तों को भाहपुर गांव से चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया गया है।
थाना क्षेत्र के रहतौरा गांव निवासी प्रमोद पुत्र रामफेरे ने बृहस्पतिवार को दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि पाली रुपापुर मार्ग पर हरियाली पेट्रोल पंप के निकट उसका मकान बन रहा है जहां उसने मौरंग, गिट्टी सरिया समेत निर्माण सामग्री को को डाल रखा है। जहां से अरविंद पुत्र रामस्वरूप, रवेद्र पुत्र सुरेंद्र निवासीगण ग्राम रहतौरा, अतीश सूत्र सूबेदार निवासी ग्राम भाहपुर थाना पाली रोहे की सरिया बजन एक कुंटल लगभग साईकिल से चुरा ले गए। प्रमोद कुमार द्वारा उपरोक्त तीनों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराने के चंद घण्टे बाद पुलिस ने भाहपुर गांव में अतीश के घर से चोरी की एक कुंटल लोहे की सरिया के साथ तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त साईकिल भी बरामद की है। गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में रूपापुर पुलिस चौकी इंचार्ज सुरेंद्र मिश्रा के अलावा कांस्टेबल अनुज कुमार आलोक कुमार शामिल रहे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर इस तरह की कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी।

## निवर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी के अथक प्रयास से राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले में कछौना रहा प्रथम

दैनिक समाचार, अखिलेश सिंह /रामेंद्र सिंह

कछौना, हरदोई। पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रों के लिए विशेष अभियान चलाया था। जिसके परिणाम स्वरूप कछौना प्रथम स्थान पर रहा। प्रतिभागियों ने सफलता अर्जित की। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा वर्ष 2021-22 में जिले का लक्ष्य 321 का था। जिसमें 999 आवेदन किए गए थे। कुल 223 परीक्षार्थी सफल रहे। जिसमें कछौना के 85 छात्रों ने सफलता अर्जित की। कछौना ब्लॉक प्रथम स्थान पर रहा। जिसमें कछौना की कंपोजिट विद्यालय की छात्रा प्रीति पुत्र तुलसीराम टॉपर रहीं। सफल छात्र काफी उत्साहित हैं। खंड शिक्षा अधिकारी की शिक्षक टीम ने सितंबर माह से तैयारी शुरू कर दी थी। फार्म के साथ आवश्यक अभिलेख आय प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। जिसमें लगभग एक माह का समय लग जाता है। आवेदन प्रक्रिया पूरी करने के बाद शिक्षक पूरी इमानदारी से छात्रों की तैयारी कराते हैं। खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने पूरे प्रदेश में इस मुहिम को चलाया है। जिससे प्रेरित होकर शिक्षक आवेदन भरवा रहे हैं। जिससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की पढ़ाई आर्थिक कारण से बीच में न छूटे। उनका यह अभियान में अन्य राज्यों बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ के लोग भी शामिल हो रहे हैं। इस अभियान में मेहनती जनूनी शिक्षक साथी शैलेंद्र कुमार शंख धर, संतोष खरे कंधे से कंधा मिलाकर नया आयाम दिया। इस मिशन को मिशन 250 के रूप में नाम दिया गया। इस अभियान से बच्चों को आगे की शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ। शिक्षा की गुणवत्ता के लिए मार्ग खुल गया। कछौना में इस परीक्षा की तैयारी के लिए परिषदीय स्कूलों में अवकाश के दिन रविवार को स्कूल खोलकर तैयारी कराई गई थी, क्योंकि लक्ष्य के बहुत कम परीक्षार्थी आवेदन करते थे। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को आगे की पढ़ाई हेतु कक्षा 9 से कक्षा 12 तक की पढ़ाई के लिए एक हजार रुपये मासिक छात्रवृत्ति मिलती है। इस परीक्षा में सभी राज्यों और जिलों के लिए सीटें निर्धारित हैं। संपूर्ण भारत के लिए एक साल एक लाख बच्चों को पास कराया जाता है। इसमें शिक्षकों के रुचि न लेने व जागरूकता के अभाव में बड़े पैमाने पर छात्र प्रतिभाग करने व अच्छी तैयारी के अभाव में हजारों छात्र छात्रवृत्ति से वंचित हो जाते हैं। खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस के नवाचार से सैकड़ों छात्रों को लाभ मिल रहा है।

## जीएसटी के विरोध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

दैनिक समाज जागरण /अखिलेश सिंह ब्यूरो हरदोई

हरदोई।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि केंद्रीय वित्त मंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन में आटा मैदा बेसन दूध दही पेपर पेंसिल एलईडी लाइट सहित विभिन्न वस्तुओं में जीएसटी वृद्धि का व्यापारियों ने विरोध करते हुए कहां है कि सरकार ने जीएसटी की दरें बढ़ाकर बच्चों के मुंह से दूध दही छीनने का काम किया है इस जीएसटी वृद्धि की जितनी भी निंदा की जाए कम है इससे देश की गरीब जनता लहूलुहान और परेशान होगी। इसके अलावा पढ़ने वाले बच्चों के पेपर सपना पेंसिल आदि पर जीएसटी लगाने से इसका बोझ छात्रों कम पर



पड़ेगा और गरीबों के बच्चों में पढ़ने के प्रति कम होगी। इंद्रिय वित्त मंत्री को भेजे गए सात सूत्रीय ज्ञापन में मांग की गई है कि वृद्धि पर पुनर्विचार कर इसे तत्काल वापस लिया जाए ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता के अलावा महामंत्री अतुल कुमार गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष विशाल गुप्ता, मीडिया प्रभारी अंकित गुप्ता ,ज्योति गुप्ता ,वीरेंद्र कुमार, हरिओम शर्मा, मुकेश गुप्ता ,अमन कुमार गुप्ता, अवधेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### बिजली का करंट लगने से कावड़ को जा रहे यात्री की मौत

# एक गंभीर रूप से घायल, नलहड मेडिकल कॉलेज में हो रहा है उपचार।

**समाज जागरण जुबैर खान नूंह**

नूंह। नूंह खंड के गांव उजीना से हरिद्वार के लिए डाक कावड को जा रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी शुक्रवार को बिजली के तारों से भिड़ गई। जिसमें कई श्रद्धालुओं को बिजली का करंट लग गया। इस दौरान उजीना निवासी श्रद्धालु कृष्ण पुत्र गिर्राज की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनके साथ कावड़ को जा रहे तावडू निवासी रोहित बिजली करंट से गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उनको नलहड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां पर उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को उजीना गांव से करीब 25 युवा डाक कावड के लिए जा रहे थे। इस दौरान वह गांव की परिक्रमा गाड़ी से लगा रहे थे। गांव के पानी के चैंबर के पास 11 हजार वाल्ट की बिजली लाइन परिक्रमा मार्ग में बहुत नीचे झुकी हुई थी। जिसका अंदाजा कावडिड़ा नहीं लगा पाए। जिससे कृष्ण श्रद्धालु की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल हुए रोहित को इलाज के लिए नलहड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

कावड़ श्रद्धालुओं के साथ छेड़छाड़ का वीडियो वायरल :

नूंह क्षेत्र में बृहस्पतिवार की देर रात कावड़ लाने वाले श्रद्धालुओं के साथ अज्ञात लोगों द्वारा पथराव करने का मामले सामने आया है। मामले के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद नूंह सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कावड यात्रियों को जाकर शांत कराया। इसके बाद ही मामले को शांत कराया।

## डी.एम सी.डी.ओ ने संयुक्त रूप से मॉडल गौ आश्रय केंद्र का किया निरीक्षण।

**समाज जागरण मुजेहना, गोंडा**

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रुद्रगढ़ नौसी में बना प्रदेश का प्रथम मॉडल गौ आश्रय केंद्र का जिलाधिकारी उज्ज्वल कुमार व मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया, आश्रय केंद्र में रह रहे पशुओं को बारिश से बचाने के इंतजाम से ले कर हरे चारे पानी की ब्यवस्था के बारे में खण्ड विकास अधिकारी विकास मिश्रा से जानकारी ली तथा आश्रय केंद्र के सामने स्थित दूसरे भाग में मवेशियों के लिए कौन सी ब्यवस्था संचालित की जा रही है इसका निरीक्षण किया जिस पर जानकारी देते हुए सचिव जय चन्द वर्मा ने बताया की आश्रय केंद्र के पार्ट टू में लगा सोलर वाटर पम्प चोरी ही गया था जिसकी प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी, जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी से वार्ता के दौरान कहा है की आश्रय केंद्र की काफी जमीन है अच्छे लोकेशन पर है इसे आदर्श गौ शाला की तर्ज पर विकसित करें।

साथ सचिव को वहां जो भी समस्या है उस पर कार्य करने का निर्देश दिया है निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, डॉक्टर मनोज वर्मा सहित चिकित्सकीय टीम मौजूद रही।

## डीएम की अध्यक्षता में आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक हुई सम्पन्न*

गोण्डा। जिलाधिकारी डॉ0 उज्वल कुमार की अध्यक्षता में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के अंतर्गत *आत्मा गवर्निंग बोर्ड* की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार



द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रचार- प्रसार एवं योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों/ प्रगतिशील किसानों तक अनिवार्य पहुंचायें। ताकि किसी पात्र व्यक्तियों/प्रगतिशील किसानों को योजना का लाभ मिलने में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने कहा है कि विकासखंड स्तर पर तैनात कर्मचारियों के द्वारा योजनाओं का प्रचार प्रसार कराते हुए सभी पात्र किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचायें। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की मानिटरिंग करते हुए जनपद के सभी पात्र किसानों तक योजना का लाभ जरूर दिलाएं। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रचार प्रसार कराया जाय। जिससे जनपद के किसानों को यह पता चल सके कि सरकार द्वारा कृषि विभाग में कौन-कौन सी योजनाएं चलाई जा रही है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, उप निदेशक कृषि शैलेंद्र कुमार शाही, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी रविंद्र सिंह राठौर, जिला उद्योग अधिकारी, एलडीएम, डीसीओ ओ.पी सिंह, जिला कृषि अधिकारी, महेंद्र सिंह सहित जनपद के प्रगतिशील किसान बंधु एवं विभाग से संबंधित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भूजल सप्ताह का रामकृष्ण विद्या मंदिर में हुआ समापन*

गोण्डा। भूजल सप्ताह समापन पर भूगर्भ जल विभाग द्वारा रामकृष्ण विद्या मंदिर विकास खण्ड झंझरी में जल संरक्षण के महत्व को समझाने के लिए जन जागरुकता अभियान चलाया गया जिसकी अध्यक्षता भूगर्भ




जल विभाग के हाइड्रोलॉजिस्ट अजीत कुमार कन्नौजिया ने की। बच्चों को जल संरक्षण के लिए आसान तरीके बताए गए और वर्षा जल संचयन तकनीक से जल संचयन करने के तरीके बताए और हाईड्रोलॉजिस्ट ने जल की बबार्दी करने से जल की समस्या उत्पन्न हो जायेगी। इस कार्यक्रम में भूगर्भ जल विभाग के अवर अभियंता अखिलेश कुमार, कर्मचारी एवं विद्यालय के अध्यापक भी मौजूद रहे।




# मेवात में तीनों कांग्रेस विधायक सैंकडों कार्यकताओं के साथ भाजपा की तानाशाही के खिलाफ सडकों पर उतरे

**समाज जागरण नूंह जुबैर खान**

नूंह कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ को लेकर मेवात जिला कांग्रेस ने जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने और संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए धरना दिया व शांतिपूर्णमार्च किया। ईडी की कार्रवाई के विरोध में मेवात जिला कांग्रेस कमेटी ने एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया। मेवात कांग्रेस के कार्यकर्ता कांग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद के नेतृत्व में सोनिया गांधी के समर्थन और मोदी सरकार द्वारा एजेंसियों के गलत इस्तेमाल को लेकर सड़कों पर है। पुन्हाना विधायक व पूर्व मंत्री चौधरी मौहम्मद इल्यास, फिरोजपुर झिरका विधायक चौधरी मामन खान, पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद, इब्राहिम इंजीनियर सहित सैंकडों कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी रोष प्रदर्शन में शामिल रहे। कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने रोष प्रदर्शन करते हुए शांतिपूर्ण मार्च किया और भाजपा की केंद्र सरकार, ईडी पर राजनैतिक स्वार्थ के लिए काम करने के आरोप जडे। इस दौरान प्रधानमंत्री का पुतला फूंक कर सांकेतिक विरोध व्यक्त किया गया। कांग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार कांग्रेस नेताओं के साथ बदले की भावना के साथ काम कर रही है। पहले पार्टी के पूर्व



राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को 5 दिन तक 54 घंटे ईडी दफ्तार में बुलाकर आतंकियों की तरह पूछताछ की गई। अब कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को परेशान किया जा रहा है जबकि सोनिया गांधी को गंभीर बीमारी के चलते डाक्टरों ने आराम की सलाह दी है। केंद्र सरकार अपने विरोधियों को डराने, फंसाने के लिए जांच एजेंसियों जैसे ईडी, सीबीआई, आई टी, चुनाव आयोग सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओ का इस्तेमाल कर रही है। मेवात कांग्रेस इसका विरोध करती है और आगे भी करेगी। बता दें कि इसके पहले राहुल गांधी से पूछताछ के समय में मेवात कांग्रेस ने आफताब अहमद के नेतृत्व में विरोध जाहिर किया था। आफताब अहमद ने कहा कि यह बदले की भावना से की गई कार्रवाई है। सरकारी एजेंसी का दुरुपयोग स्वीकार्य नहीं है। सरकार दुरुपयोग कर रही है तो हम उसका शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे हैं। यह हमारा अधिकार है, लेकिन सरकार को यह भी बर्दाशत नहीं है कि विपक्ष आवाज उठाए। कल भी दिल्ली में हमें गिरफ्तार करके घंटों तक बिठाए रखा गया जो अलोकतांत्रिक है। आफताब अहमद के अनुसार भाजपा संवैधानिक संस्थाओ का गलत इस्तेमाल अपने विपक्षी नेताओं पर इसलिए कर रही है ताकि महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था, नफरत भरी राजनीती और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाया जा सके। इसी नीती के तहत विपक्षी कांग्रेस नेताओं को लोकसभा, राज्यसभा में इन मुद्दों पर बोलने नहीं दिया जा रहा है। लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है, हम सडक से लेकर विधान सभा में इसके खिलाफ संघर्ष करेंगे। पुन्हाना विधायक पूर्व मंत्री चौधरी मौहम्मद इल्यास व फिरोजपुर झिरका विधायक चौधरी मामन खान ने कहा कि सोनिया गांधी सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार हैं। लोकतंत्र में एजेंसी का दुरुपयोग हो रहा है। उसके जवाब में हम अहिंसक तरीके से विरोध कर रहे हैं ये हमारा अधिकार है। हमारे अधिकार को छीना जा रहा है। लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को दबाने का काम हो रहा है लेकिन विपक्ष दबेगा नहीं और निर्णायक संघर्ष करेगा। भाजपा की मोदी सरकार को राजधर्म निभाना चाहिए लेकिन वो ऐसा नहीं कर रहे हैं। जनता सब देख रही है और इस विफल सरकार को सबक सिखाने का काम करेगी। पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद ने कहा कि भाजपा पार्टी चाहती है कि देश में विपक्ष ही न रहे। अगर कोई बोलने का प्रयास करे तो उसके पीछे केंद्रीय जांच एजेंसी लगा दो, सीबीआई, आई टी लगा दो, ये शर्मनाक और निंदनीय है, हम इसे बर्दाशत नहीं करेंगे। आज मेवात कांग्रेस की सभी इकाईयों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता आफताब अहमद के नेतृत्व में भाजपा के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। इस दौरान कांग्रेस के सभी अग्रणी इकाईयों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## ईंट भट्ठे से बाइक चोरी के मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

कर्नलगंज/परसपुर, गोण्डा। थाना क्षेत्र के अंतर्गत परसपुर नगर पंचायत निवासी राकेश कुमार रस्तोगी ने बाइक चोरी के मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परसपुर नगर पंचायत निवासी पीड़ित राकेश कुमार रस्तोगी ने थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि ग्राम बसंतपुर नकटी में पिछले काफी समय से उनका ईंट भट्ठा संचालित है। जहां भट्ठा कार्यालय पर उसके छोटे भाई राजेश कुमार रस्तोगी की मोटरसाइकिल हीरो होंडा खड़ी थी। बीते 19 जुलाई की देर रात्रि में किसी अज्ञात चोर ने उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। प्रार्थी दूसरे दिन 20 जुलाई को अपने भट्ठे पर गया, तब उसे चोरी के मामले की जानकारी हो पाई। पीड़ित




के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष परसपुर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित के तहरीर के आधार पर बाइक चोरी मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच उपनिरीक्षक चंद्रसेन को सौंपी गयी है।

## बारिश से कर्नलगंज कस्बे की तहसील रोड तालाब की शक्ल में तब्दील

**(भारी जलभराव की समस्या से जूझ रहे वाहन चालक एवं राहगीर, आवागमन दूभर)**

**(जिम्मेदार जान बूझकर बने अंजान, साधे मौन)**



कर्नलगंज, गोण्डा। बुधवार को मौसम में आये बदलाव से हुई हल्की बारिश के कारण जहाँ लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली तो वहीं यह बारिश किसानों की फैसलों के लिए भी संजीवनी साबित होने के साथ ही मुसीबत भी लग रही है। बारिश के चलते क्षेत्र की कई गलियां व नाले जहाँ गंदगी से बजबजा रहे हैं तो वहीं स्थानीय तहसील मुख्यालय स्थित कस्बा कर्नलगंज की तहसील रोड जो कि विभागीय अनदेखी का शिकार होने से तालाब की शक्ल में तब्दील हो चुकी है। तहसील कार्यालय से कस्बे व हाईवे को जोड़ने वाले इस मार्ग की हालत बद से बदतर हो गई है। जिससे जलभराव एवं कीचड़ से लबालब इस मार्ग से राहगीरों,वाहन चालकों को निकलने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मालूम हो कि पूरे दिन और रात्रि इस मार्ग पर लोगों की आवाजाही बनी रहती है और बड़ी संख्या में पैदल एवं दोपहिया, चौपहिया वाहनों का आवागमन भी होता है। जहाँ हल्की सी बारिश भी कस्बे वासियों के साथ ही राहगीरों और वाहन चालकों की समस्या बढ़ा देती है। वहीं जल भराव के कारण इस सड़क पर चलना दूभर है। लेकिन जिम्मेदार लोगों को शायद यह समस्या नजर नही आती या वह जानबूझकर मौन

## *"सच्चा गुरू कौन" पर आर्य गोष्ठी संपन्न*

## *सच्चा गुरु धर्मज्ञ व निस्वार्थी होता है -अतुल सहगल*

गाजियाबाद,शुक्रवार 21 जुलाई 2022,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में "सच्चा गुरू कौन" विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल में 420 वां वेबिनार था।




वैदिक प्रवक्ता अतुल सहगल ने इस अत्यंत मौलिक और सर्वदा प्रासांगिक विषय को लेते हुए गुरु की विस्तृत परिभाषा प्रस्तुत की और सृष्टि में ज्ञान,शिक्षा और सत्कर्मों की प्रेरणा देने वाले अनेक स्त्रोतों की चर्चा की' वर्तमान समाज में अनेक प्रकार के शिक्षकों,प्रचारकों,प्रशिक्षण देने वालों और व्यक्तिवाद पर आधारित छोटे छोटे पंथ चलाने वालों को गुरु की संज्ञा दे दी जाती है।पर इनमें सब सच्चे गुरु की श्रेणी में नहीं आते।सच्चा गुरु सच्चे धर्म की शिक्षा देने वाला होता है।वह मनुष्य को उस्।की सर्वांगीण उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाता है।वह अर्धज्ञान,भ्रान्तियों, छल और पाखंड से कोसों दूर होता है।उन्होंने ऐसे गुरु की विवेचना की।सृष्टि में ज्ञानी मनुष्यों के अतिरिक्त अन्य प्राणी--पशु पक्षी और वृक्ष आदि भी शिक्षा के स्त्रोत हैं।उनसे साधारण मानव बहुत कुछ सीख सकता है।साथ ही सच्चे गुरु के चयन की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए स्वामी विरजानद और उनके शिष्य महर्षि दयानन्द का उदाहरण प्रस्तुत किया।आजकल अनेक मनुष्य अपनी भौतिक इच्छाओं की पूर्ति के लिए ही भटकते हैं और ढोंगी बाबाओं के पास पहुँच कर अपनी हानि करते हैं।सामान्य मनुष्य को अपने विवेक को बलवान और प्रबल बनाने पर जोर दिया,जिससे दुष्ट और पाखंडी तथाकथित गुरुओं से बच सकें।सच्चे गुरु मनुष्य हो सकते हैं जिनमें विद्वान,आप्त पुरुष सम्मिलित हैं।सच्चा गुरु धर्मज्ञ और निस्वार्थी होता है।वह अपने शिष्य को धर्म के मार्ग पर चलाकर उसका कल्याण करता है। ईश्वर की ओर संकेत करते हुए कहा कि वह सर्वोच्च सच्चा गुरु है क्योंकि वह गुरुओं का गुरु है। उसका मार्गदर्शन हमें अपने अन्तःकरण में मिलता रहता है।हमें उसके संकेत और सन्देश ग्रहण करने चाहियें।उसके साथ उपासना पद्धति से अपना जोड़ जोड़े रखना चाहिए।सच्चे गुरु की विवेचना में आर्ष ग्रंथों की चर्चा भी की और उन्हें गुरु रूप बताया। सच्चे गुरु की विस्तृत व्याख्या करते हुए,उसकी पहचान की सही कसौटी प्रस्तुत की।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के अध्यक्ष अनिल आर्य ने संचालन करते हुए कहा कि हम एक मटका भी लेते है तो ठोक बजा कर देखते हैं तो गुरु भी सोच विचार परख कर बनाना चाहिए।

मुख्य अतिथि शिक्षाविद् जगदीश पाहुजा व अरुण आर्य(प्रधानाचार्य डी ए वी स्कूल झंडेवालान) ने भी महर्षि दयानंद जी को सच्चा गुरु बताया कि जो केवल समाज के लिए कार्य करते हैं।

राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने विज्ञापन गुरुओं से सावधान रहने का आह्वान किया।

गायक सुदेश आर्या,रविन्द्र गुप्ता, कमला हंस,ईश्वर देवी,प्रतिभा कटारिया,कुसुम भंडारी,कौशल्या अरोड़ा,रेखा गौतम,जनक अरोड़ा, मृदुला अग्रवाल,कमलेश चांदना आदि के मधुर भजन हुए।

## नशा बेचने वालों का अगला लक्ष्य कांवड़िये है। रविन्द्र आर्य

### इंद्रापुरम बनता जा रहा है नशाखोरों एवं नशा बेचनेवाले का हब

गाजियाबाद ट्रांस हिंडनः अभेय खंड १२३ के स्थानीय व्यक्ति राहुल और आलोक ने आज दिनांक 22 जुलाई को सूखा नशा बेचने वालों की ऊ३५ में रिकॉर्ड कर लिया। बेचने वालों से सूखा नशा पकड़ कर पूछताछ किया गया। नशा बेचने वालों के पास करीब 1 ॅ से ज्यादा गांजा था। वह पहले पार्क में बच्चों को सूखा नशा बेचते थे। अब उनका अगला लक्ष्य कावाड़ीयों को बचेना होगा। अभेय खंड १२३ के ग्रीन पार्क से करीब 100 मीटर दूर कावाड़ीयों का रास्ता निकलता है और वहाँ 2 कैंप कांवरियों के भी हैं। 100 मीटर की दुरी में ट्रैफिक पुलिस की क्रासिंग पर एक भी चौकी है। और वहाँ से 500 मीटर दुरी पर अभेय खंड १२३ पुलिस की भी चौकी है। 3 दिन पहले वहाँ की लोकल पुलिस को रविंद्र आर्य के द्वारा गुप्त जानकारी दिया गाया था। उसके बाबजूद वहाँ खुले आम सूखा नशा 50 रुपया में हाफ पुड़िया 120 की फुल पुड़िया बच्चे से बिकवाई जाती है। और वहाँ के स्थानीय बच्चे नशा भी कर रहे है। वहाँ केल्ला भट्टा निवासी प्रदीप और सुभाष की सप्लाई है। जो आस-पास के क्षेत्र में सालों से सप्लाई करते

## गांवों में गंदगी का अंबार, सफाईकर्मी रहते हैं नदारद (ग्रामीणों को खुद करनी पड़ती है सफाई) (सफाई व्यवस्था ध्वस्त, अफसर मस्त)

कर्नलगंज/हलधरमऊ गोण्डा। एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता अभियान को बढ़ावा दे रहे हैं और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पीएम मोदी के मिशन स्वच्छता अभियान का ग्रामीण क्षेत्रों में बुरा हाल है। गांव में नियुक्त सफाई कर्मी



नदारद रहते हैं। अधिकतर सफाई कर्मी अधिकारियों व प्रधानों की सेवा कर अपनी ड्यूटी कागजों में पूरी कर रहे हैं। दरअसल कुछ साल पहले प्रदेश सरकार ने गांव को स्वच्छ रखने को लेकर सफाई कर्मियों की नियुक्ति की थी। इससे सरकार की मंशा साफ थी की सफाई कर्मी गांव में रहकर गांव को स्वच्छ बनाने रखने का काम करेंगे, लेकिन नियुक्ति के बाद कुछ दिन तक तो सफाई कर्मियों ने गांव में काम किया। उसके बाद अचानक गांव से नदारद हो गए। जिससे गांव को स्वच्छ रखने की सरकार की मंशा को अब पलीता लग रहा है। क्योंकि गांव से सफाई कर्मचारी अब नदारद हो चुके हैं वहीं गांव में जगह कूड़े का अंबार लगता जा रहा है और नालियाँ भी गंदगी से बजबजा रही हैं। यही नही मजबूरन गाँव वासियों को खुद सफाई करनी पड़ रही है। मालूम हो कि कर्नलगंज तहसील क्षेत्र के विकास खंड हलधरमऊ के अन्तर्गत कई गांवों की हालत यही है। जहां गांव में सफाई कार्य के लिए कर्मचारी तैनात हैं। निगरानी के लिए प्रधान का पहरा है, इसके बाद पर्यवेक्षण अधिकारी के रूप में एडीओ पंचायत की तैनाती है। लेकिन इन सबके बावजूद गांव में सफाई व्यवस्था दम तोड़ रही है। राजस्व ग्रामों मे तैनात सफाई कर्मी गांवों तक नही पहुँच रहे हैं। जिससे नालियों को ग्रामीण स्वयं साफ करने को विवश हैं। वहीं सफाई कर्मी की उपस्थिति सिर्फ प्रधान के घर व एडीओ पंचायत के कार्यालय तक ही सीमित है। जिसका जीता जागता उदाहरण विकास खंड हलधरमऊ के बरवलिया कुर्मी ग्राम पंचायत में देखने को मिला है। पूरे ग्राम पंचायत में जगह जगह कूड़े का ढेर लगा हुआ हैं और झाडियाँ उगी हुई हैं। यहां सफाई न होने से नालियां चोक हो चुकी हैं। हैंडपंप के चारों तरफ घास उगी हुई है। गांव मे सरकारी पक्की नाली बनी है लेकिन उसकी सफाई नही हो रही है। स्कूल के शौचालय में गंदगी की भरमार है। गांव के लोगों ने बताया कि गांव में सफाई कर्मचारी कौन है ये जानकारी नहीं है। वह लोग खुद सप्ताह मे एक दिन घर के सामने बनी नाली की सफाई करते हैं और गांव में कई वर्षों से सफाईकर्मी को देखा तक नही है। गांव मे सफाई नहीं होती है। लोगों का कहना है कि सफाईकर्मी की तैनाती होने या नही होने से कोई फर्क नही पड़ता है। ब्लाक पर ही सब कागजों में सफाई कार्य कर रहे हैं।सफाईकर्मी की उपस्थित प्रधान के घरों और एडीओ पंचायत के कार्यालय तक सीमित है। जहाँ ग्रामीणों ने बताया कि अधिकतर गांव में तो सफाईकर्मी आते ही नहीं हैं। गांव वालों को खुद ही सफाई करनी पड़ती है। सफाई कर्मी प्रधान और ब्लॉक कर्मचारियों की मिलीभगत से सेटिंग और गेटिंग के खेल से अब सफाई नहीं करते। फिलहाल जमीनी हकीकत यही है कि सफाई कर्मी अब गांव से नदारद हो चुके हैं और गांव में कूड़े का ढेर लगने के साथ ही नालियाँ भी गंदगी से पट रही हैं। जिससे मच्छरों की समस्या उत्पन्न होने से संक्रामक बीमारियों के फैलने की भी आशंका बनी हुई है। लेकिन जिम्मेदार सब कुछ जानते हुए मौन हैं।

# गैर- कानूनी तरीके से भूजल निकाल रहे हैं "आर ओ प्लांट" रविंद्र आर्य

**उत्तर प्रदेश की अधिनियम 7 अगस्त लखनऊ 2019 जल दोहन एक्ट का दुरुपयोग।**

उत्तर प्रदेश की अधिनियम 7 अगस्त लखनऊ 2019 जल दोहन एक्ट की नियमावली 2020 मे लागू हुई थी। भूगर्भ जल विभाग इसके लिए मूल विभाग है। जिसमे की 2 साल के अंतराल में अबैध आर ओ प्लांट प्रतिबंधित नहीं किये गए। जब की आर ओ प्लांट सालों से भूगर्भ से भूजल दोहन कर जमीन को खोखला कर रहे हैं। देश में सतही पानी की कमी के चलते निरंतर भूमिगत जल का अंधाधुंध दोहन हो रहा है। भूमिगत जल के तटीय क्षेत्रों में भूमिगत जल के स्तर में काफी गिरावट दर्ज की गई है। अपको बता दे की आर ओ प्लांट के संचालक बोरिंग हार्वेस्टिंग सिस्टम भी नहीं कराते। जिससे की जमीन का पानी जमीन में ही चला जाए। ओर आर ओ प्लांट सैकड़ो लीटर पानी नालियों में बहा देते है। शहरों में सैकड़ों की तादात में आर ओ प्लांट भूजल दोहन कर पानी के व्यवसाय से पैसा भी कमा रहे है।

यह जल दोहन का व्यवसाय प्रकृति के खिलाफ खिलवाड़ है। हम यह भूल जाते हैं कि हम स्वयं भी तो प्रकृति ही हैं। प्रकृति ने करोड़ों सालों में एक अनुशासन और नियंत्रण की व्यवस्था बनाई थी, जिसे हमने यह मानकर बिगाड़ दिया कि हम इसका विकल्प बना सकते हैं। दुर्भाग्य की बात यह है कि प्रकृति का यह नया संतुलन हमारे जीवन के संतुलन को बिगाड़ रहा है। हम जितनी जल्दी इस बात को समझ जाएं, उपचार की संभावनाएं उतनी ही बची रहेंगी।

बता दे की यह जल दोहन का व्यवसाय कोई गुप्त तरीके से भी नहीं होता है। मार्किट में अबैध आर ओ प्लांट खुलेआम देखे जाते है। क्यों की आर ओ प्लांट से पानी की सप्लाई टैंकरो ओर बोतलों से घर-घर ओर दुकानदारों को मार्किट में खुलेआम की जाती है।

इसमें जनता जल संबंधित विभाग जैसे भूगर्भ जल एवं लघु सिचाई खंड को शिकायत पत्र आदि भी नहीं करती। उसका मुख्य कारण है की आम जनता को भी आर ओ पानी की आदत आज एक जरुरत बन गई है। जब की बिना जनमानस की सहभागिता के भूजल दोहन पर लगाम लगाने का कार्य कभी पूरा नहीं हो सकता। इसमें जनता ही नहीं चाहती की जल दोहन कर रहे आर ओ प्लांटो पर लगाम लगे।

पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली, चेन्नई, इंदौर, कोयंबटूर, मदुरै, विजयवाड़ा, देहरादून, जयपुर, इलाहाबाद, गाजियाबाद, कानपुर और लखनऊ के कुछ हिस्सों में यह गिरावट चार मीटर से अधिक थी। दिन प्रतिदिन भूगर्भ का जलस्तर घटता जा रहा है। जिसमे की आम जनता ही जमीन में बोरिंग करके भूमि को खोखला कर व्यवसाय कर रही है। कुछ व्यवसाय व्यक्ति तो व्यवसाय भी जल दोहन से ही कर रहे है। जब की भूगर्भ जल विभाग या लघु सिचाई खंड से प्राप्त बिना एनओसी (ठङ्ग ड्डॊ३ङ्कल्ल डी१३ूंडी२) अनुमति के व्यक्ति भूगर्भ से भूजल दोहन नहीं कर सकते। भूजल का उपयोग करने से पहले सभी कंपनियों को सरकार से एक एनओसी लेनी होती है, भारत में भूजल दोहन करने के दिशानिर्देशों के मुताबिक, ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना के अंतर्गत आने वाले केवल शहरी क्षेत्रों में माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइजेज ही बिना एनओसी के एक दिन में 10 क्यूबिक मीटर से कम का भूजल उपयोग कर सकते हैं। बताते चले की एक आर ओ प्लांट छोटे पानी की क्षमता 500 छढळ आर ओ रिवर्स असमस प्रणाली एक दिन में 20 से 30 हजार लीटर भूजल दोहन करती है।




जब की एनजीटी के कितने ड्राफ्ट और नियम लागू किये हुए है। उसके बाबजूद भूगर्भ जल विभाग जनमानस जल दोहन को लेकर गभीर नहीं होती। गंभीरता का उदहारण भूगर्भ जल एवं लघु सिचाई खंड के नोटिस के उपरांत भी अबैध आर ओ प्लांट पूर्ण रूप से बंद नहीं कर पाने में असमर्थ है। जब की उ.प्र. अधिनियम 2019 जल दोहन एक्ट के अनुसार जल दोहन करने वाले व्यक्ति पर 2 लाख से 5 लाख का जुमार्ना और 6 महीने से 1 साल की सजा का प्रावधान भी है।

# संक्षिप्त न्यूज

## रविकांत पूनम महाविद्यालय में शुरू हुआ स्नातक पार्ट-1 में ऑफ लाइन नामांकन

**समाज जागरण नवादा( आर्यन मोहन)**

नवादा :मगध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022-25 के लिए सीधे कॉलेज को ऑफ लाइन नामांकन लेने का आदेश दिया गया है। जिसके बाद जिले के सभी अंगीभूत व संबद्ध कॉलेज में प्रबंधन द्वारा नामांकन लेने का काम शुरू कर दिया गया है। नवादा-जमुई पथ पर दोसूत में स्थित रविकांत पूनम महाविद्यालय में भी नामांकन लिया जा रहा है। कॉलेज के



सचिव अजय कुमार रविकांत ने बताया कि मगध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार बीए, बीएससी और बी कॉम पार्ट -1 तीनों संकाय में नामांकन लेने के लिए काउंटर खोल दिया गया है। छात्र-छात्राओं को नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की जरूरत नहीं है। नामांकन लेने को इच्छुक छात्र-छात्राएं अपने दस्तावेजों के साथ कॉलेज पहुंचकर नामांकन ले सकते हैं। इंटर में 45% अंक अनिवार्य रूप से होना चाहिए। पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर नामांकन लिया जाएगा।

बता दें कि कुलपति के आदेशानुसार विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ रवि प्रकाश बबलू द्वारा 14 जुलाई की तिथि में सीधे नामांकन का आदेश जारी किया गया था। बताया गया है कि विशेष परिस्थितियों में यह आदेश जारी किया गया है। आदेश के बाद सभी कॉलेज प्रबंधन नामांकन लेने की प्रक्रिया शुरू कर चुका है। इसी कड़ी में रविकांत पूनम महाविद्यालय में भी नामांकन लेने का काम शुरू किया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन के ऑफ लाइन नामांकन के आदेश से छात्र-छात्राओं की परेशानियां कम हुई है।

## कलयुगी पुत्र ने सगी माता को पीटकर किया घायल

**समाज जागरण**

कौआकोल( नवादा) कौआकोल थाना क्षेत्र के पचम्बा गांव में कलयुगी पुत्र ने अपनी माता को पीट पीटकर बुरी तरह घायल कर दिया। जिसके बाद बुरी तरह घायल महिला को उनके पति के द्वारा कौआकोल पीएचसी में भर्ती करवाया गया। जहां उनका ईलाज किया जा रहा है। घटना के बावत पचम्बा गांव निवासी लक्ष्मण साव ने बताया कि घरेलु विवाद में उनके ही अपने सगे पुत्र रंजीत साव ने अपनी माता मुन्नी देवी को लाठी डण्डे से बुरी तरह पिटाई कर दी एवं उनके साथ भी मारपीट करने को कोशिश की। घटना को लेकर उन्होंने थाना में लिखित आवेदन देने की बात कही है।

## करंट लगने से महिला हुई घायल

**समाज जागरण**

कौआकोल( नवादा) शुक्रवार को सोखोदेवरा गांव में विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ जाने से एक महिला घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सोखोदेवरा गांव निवासी रामचरित्र मांझी की पत्नी लिलम देवी सोखोदेवरा अवस्थित अपने घर मे विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ जाने से घायल हो गई। स्वजनों के द्वारा उसे कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां घायल महिला का उपचार किया गया।

## स्वतंत्रता सेनानी विष्णुदेव नारायण सिंह अब नहीं रहें।

**जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार**

महान स्वतंत्रता सेनानी विष्णुदेव नारायण सिंह आज प्रातः चार बजे इस दुनिया को अलविदा कर गए। उनका बचपन टिकारी प्रखंड के चितौखर ग्राम में बिता था। टिकारी प्रखंड में ही उन्होंने अंग्रेजों के झंडा को जलाया था। वर्ष 2019 में उन्हें राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित किया गया था। विगत कुछ दिनों से वे अपने जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहे थे। जीवन और मौत की इस जंग में मौत जीत गई ,और माँ भारती का एक महान सपूत दुनिया छोड़कर चले गए। उनके निधन की खबर सुनकर मुख्यमंत्री ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त किया एवं उनके पुत्र को सांत्वना दिया। उन्होंने अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी, तीन पुत्र और तीन पुत्री को छोड़ गए है। उनके छोटे पुत्र कौशलेंद्र कुमार ने अपने पिता को मुखाग्नि दिया। अंतिम संस्कार के वक्त उनके जेष्ठ पुत्र अनिल कुमार सुनील कुमार सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर धीरज कुमार परिवार के सभी सदस्य एवं जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। उनके निधन की समाचार टिकारी वासियों में शोक की लहर दौड़ गई कांग्रेसी नेता बृजमोहन शर्मा, पूर्व जिला पार्षद सतेंद्र नारायण, बाल्मीकि प्रसाद शहित अनेकों शोक व्यक्त किया है।

## ट्रेन से गिरकर शिक्षक की हुई मौत

**औरंगाबाद केशव कुमार सिंह दैनिक समाज जागरण**

औरंगाबाद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेलखंड अनुग्रह नारायण रोड एवं रफीगंज स्टेशन के बीच देवरिया को कुरहमा नरेश हॉल्ट पर गुरुवार की देर रात ट्रेन से कटकर एक 46 वर्षीय शिक्षक की मौत हो गई। शिक्षक की पहचान जम्होर थाना क्षेत्र के कुरहमा गांव निवासी रामनरेश चौधरी के रूप में की गई है। जो कुरमा पंचायत के खैरी विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे।

प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक शिक्षक की पहचान पॉकेट से मिले आधार कार्ड से की गई है। हॉल्ट के कर्मियों ने मृतक के परिजनों एवं ओबरा थाना को दी। हादसे की सूचना मिलते ही ओबरा थाना की पुलिस एवं मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्हें मृत पाया। लेकिन ओबरा थाने की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे देर रात पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया।

पोस्टमार्टम कराने पहुंचे सदर अस्पताल औरंगाबाद में मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि गुरुवार को विद्यालय से छुट्टी लेकर अपनी बेटी के घर गए हुए थे और इंटरसिटी ट्रेन से रात्रि में गया से कुरहमा लौट रहे थे।तभी घटना घटी।

## फाइनेंशियल इन्क्लूजन ट्रस्ट के द्वारा विभिन सरकारी स्कूलों में हाथ धुलाई के प्रति किया जागरूक

**समाज जागरण**

वजीरगंज (गड्डा)फाइनेंशियल इन्क्लूजन ट्रस्ट वजीरगंज के कर्मियो ने वजीरगंज के विभिन सरकारी स्कूलों में जाकर शुक्रवार को हाथ धुलाई के प्रति जागरूक किया एवं हाथ धोने का साबुन का भी वितरण किया॥




इसी कड़ी मे मध्य विद्यालय मनैनी मे ट्रस्ट के क्षेत्रीय कॉर्डिनेटर वापी राय के द्वारा बच्चों को सफाई के साथ साथ हाथ धोने के तरीको की जानकारी दी गई एवं हाथ धुलाई भी कराया गड्डा।

..इस मौके पर ट्रस्ट के प्रिया कुमारी एवं नेहा राज सहित विद्यालय के सभी बच्चे व शिक्षक मौजूद थे।

## डीएम नवादा ने अपने कक्ष मे जनता की समस्याएं सुन कर निस्पादन किया।

**समाज जागरण**
**नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)**

नवादाः- आज समाहरणालय के कार्यालय प्रकोष्ठ में उदिता सिंह जिला पदाधिकारी नवादा ने 12:00 बजे मध्या0 से 02:00 बजे अप0 तक आम जनता से मिलकर उनके शिकायतों को बड़े धैर्य से सुना और आधा से अधिक मामले को ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिये। आज जनता दरबार में काफी भीड़ थी। आज जनता दरवार में पहुंचने वाले परिवादियों की संख्या करीब 144 रही।

पूर्व की भांति प्रत्येक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को जिलाधिकारी के द्वारा 12:00 बजे मध्या0 से 02:00 बजे अप0 तक जनता दरबार आयोजित कर जिलेवासियों की समस्याओं को सुनते हैं और तत्काल निष्पादन का प्रयास करते हैं। आज जन शिकायत से संबंधित सुनवाई में 144 शिकायतकताओं जिलाधिकारी के पास आये। इन शिकातयतों में सर्वाधिक भूमि विवाद, अतिक्रमण, सेविका/सहायिका की बहाली, अनुकम्पा के आधार पर नौकरी, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, घरेलु झगड़े, जमीन संबंधी पारिवारिक विवाद, नीलामी से संबंधित गाड़ीयों का क्रय से संबंधित विवाद आये।

आज जनता दरवार में शैलेस कुमार और उमाशंकर ने शिकायत पत्र देते हुए कहा कि नगर थाना से नीलामी की मोटरसाईकिल का क्रय किया था, लेकिन नीलामी वाली गाड़ी नहीं देकर दूसरा गाड़ी दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने तत्काल अपने वेसिक फोन से पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये कि इस प्रकार के



काफी मामले आ रहे हैं, जिसमें गाड़ी का नम्बर और चेकिस नम्बर बदल-बदल कर निविदाकर्ता को आपूर्ति किया जा रहा है। इस मामले को यथाशीघ्र जॉच करते हुए निवारण करने का निर्देश दिये। अनुकम्पा के लिए प्राप्त आवेदनों को विधि-सम्मत कार्रवाई करने के लिए स्थापना प्रभारी को भेजा गया। दिव्यांग पेंशन के लिए 03 आवेदन प्राप्त हुए जिसको निवारण करने के लिए सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा दिव्यांग कोषांग को भेजा गया।

आज जनता दरबार में मो0 नैय्यर एकबाल उप विकास आयुक्त, राजीव रंजन एसडीसी, सत्येन्द्र प्रसाद जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

बिहार में शराब का व्यापार और सेवन पूर्ण रूप से अवैध और प्रतिबंधित है। इससे संबंधित जानकारी टॉल फ्री नम्बर - 15545 या 1800 3456268 और जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या- 06324-212261 पर जरूर दें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

कोरोना से डरें नहीं, बल्कि डटकर मुकाबला करें और सरकार के द्वारा निर्धारित सभी टीका और बुस्टर अवष्य लगवा लें। जिले को भी कोरोना से मुक्त करने में अपेक्षित सहयोग करें। अभी कोरोना से संक्रमित जिले में 10 मरीज है। इस बात की जानकारी डीपीआरओ नवादा ने दी है।

## नव निर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कुशल मार्ग दर्शन में देश नये कीर्तिमान स्थापित करेगा ------ सत्येन्द्र रंजन।

**समाज जागरण जिला ब्यूरो**
**अरवल मृत्युंजय कुमार**

द्रौपदी मुर्मू भारत गणराज्य के 15 वें राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर अरवल जिला लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रेस ब्यान जारी कर नव निर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जीत सही मायनों में देश के करोड़ो दलितों , गरीबों , वंचितों, आदिवासियों एवं शोषितों की आकांक्षाओं के अनुरूप जीत है । मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके कुशल मार्ग दर्शन में देश विकास , समृद्धि एवं आपसी सदभाव के नये कीर्तिमान स्थापित करेगा । बधाई देने वाले लोजपा रामविलास के नेताओं में अरवल विधानसभा के संगठन अध्यक्ष रमेश रजक , कुर्था विधानसभा के संगठन अध्यक्ष रामबचन पासवान ,किसान प्रकोष्ठ



के प्रदेश उपाध्यक्ष रामाज्ञा यादव , जिला उपाध्यक्ष दिग्विजय नारायण सिंह , आई टी सेल जिलाध्यक्ष लालबदन कुमार , जिला उपाध्यक्ष नरेश पासवान , जिला महासचिव राजेन्द्र यादव , जिला महासचिव रामानन्द भगत , अरवल प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण कुमार कुमार गुप्ता , कलेर प्रखंड अध्यक्ष एजाज अहमद , करपी प्रखंड अध्यक्ष सुबोध कुमार यादव , कुर्था प्रखंड अध्यक्ष जयप्रकाश पासवान , वंशी प्रखंड अध्यक्ष महावीर पासवान , छात्र प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार मुख्य रूप से शामिल है ।

## जमीनी विवाद में किसान को कुदाल से काटकर हत्या, तीन हिरासत में

**समाज जागरण औरंगाबाद**
**केशव कुमार सिंह**

जिले के जम्होर थाना क्षेत्र के बतवा गांव में जमीनी विवाद को लेकर शक्रवार को एक व्यक्ति को कुदाल से काटकर हत्या कर दिया गया।मृतक की पहचान उसी गांव के विलास पाल के रूप में हुई हैं।पता चला कि विलास पाल के दस कट्टा जमीन पर सगुनी पाल ने कब्जा कर रखा था।जब शुक्रवार की सुबह विलास पाल ने अपना जमीन पर कब्जा करने के लिए गया तो रघुनी पाल, सगुनी पाल, विक्रम पाल सहित आठ दस लोगों ने लाठी डंडा व कुदाल से लैस होकर जमीन पर पहुच गए और जानलेवा हमला कर दिया,इसी बीच लोगों ने विलास पाल को कुदाल से काट दिया।जिससे उसकी मौत हो



गई।फिर भी पुलिस ने उसे जिंदा समझकर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया।जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही जम्होर थानाध्यक्ष संजय कुमार, रामशंकर सिंह,प्रभु नाथ कुमार दलबल के साथ पहुंचे और सगुनी पाल ,विक्रम पाल सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया।घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल कायम हैं।मृतक के परिजनों ने हत्या करने वाले व्यक्ति का घर घेर रखा हैं।वहीं पुलिस गांव में कैम्प कर रही हैं।जबतक शव को दाह संस्कार नही हो जाता हैं।तबतक कुछ नही कहा जा सकता हैं।

## एसपी से गुहार ,कहा खुले में घूम रहे हत्यारे पुलिस वाले

**समाज जागरण**
**नवादा( आर्यन मोहन)**

नवादा में हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसपी से मिले परिजन,लगाई जान माल की सुरक्षा की गुहार।नवादा जिले मेसकौर थाना क्षेत्र के तेतरिया निवासी लखन देव शर्मा ने अपने बेटे सुनील कुमार की हत्या मामले में गांव के ही 9 लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया था . घटना के दो माह से अधिक बीत



जाने के बाद भी मामले में आरोपित लोग फरार बताये जा रहे हैं।परिजन एसएसपी से अपने बेटे के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग कीऔर पुलिस प्रशासन से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाया है।

## सीबीएससी का रिजल्ट जारी कई स्कूलों के छात्रों ने लहराया परचम

**समाज जागरण**

नवादाः-सीबीएससी का रिजल्ट आते ही फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल के कैंपस में बच्चों का चहल-पहल और शिक्षकों का मुस्कान देखते ही बनता था। अच्छे रिजल्ट आने से सभी विद्यार्थी एक दूसरे को मिठाई खिलाया और शिक्षक बच्चों को आशीर्वाद देने में मशगूल थे। विद्यालय के चेयरमैन प्रो0 बिजय कुमार ने कहा कि यह रिजल्ट हमारे शिक्षकों का सुंदर प्रयास और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का प्रतिफल है। रिजल्ट में 7 विद्यार्थी गणित में 100 अंक प्राप्त किया 8 विज्ञान में 100 अंक प्राप्त किया है 6विद्यार्थी सामाजिक विज्ञान में 100 अंक प्राप्त किया 5 विद्यार्थी संस्कृत में 100अंक प्राप्त किया इस प्रकार 50 से अधिक विद्यार्थी 90% से अधिक अंक लाया इस प्रकार सबसे अधिक अंक रितिक राज को 98.6% फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल नवादा के बच्चे अपने आपको



फ्रंटलाइन में साबित करके दिखाया। आज रिजल्ट निकलने के बाद प्राचार्य नवदीप कुमार सिन्हा, योगेंद्र प्रसाद सिंह, सत्यांशु कुमार, रतन कुमार मिश्रा ,भोला प्रसाद सिंह, आकाश आनंद, हीरा कुमार निराला, किरण कुमारी, संतोष कुमार, विद्यासागर आदि मौजूद थे।

## पोखर में मवेशियों को नहालने के दौरान डूबने से युवती की हुई मौत

**समाज जागरण**
**नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)**

नवादाः नवादा जिले के धमौल थाना क्षेत्र के बड़की गुलनी गांव के पोखर में डूबने से एक युवती की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतक रामविलास यादव की पुत्री सुलेखा कुमारी शुक्रवार को जानवर चराने के लिए गई हुई थी तभी उसी दौरान गांव के ही पोखर में जानवरों को नहलाने लगी। इसी दौरान दौरान पैर फिसल गया और वह वह डूब गई। काफी देर हो जाने के बाद जब वह घर नही लौटी तब घरवालों ने उसकी खोजबीन करने लगा तभी ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी और उसकी पहचान की गई और उसके परिवार वालों को ग्रामीणों ने सूचना दी। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

मौत की खबर मिलने के बाद गांव



के लोगों में भी कोहराम मच गया है। हालांकि परिवार के लोग का कहना है कि पानी में डूबने से ही मौत हुई है। वहीं शव को कब्जे में लेने के बाद पुलिस के द्वारा मौत के कारण का पता लगाने को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है। वही मौत के कारण अब तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चला है।

फिलहाल, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने बताया है कि लिखित आवेदन के आधार पर सुनिश्चित जांच की जाएगी प्रथम दृष्टि में परिवार के लोगों ने यह कहा है कि पानी में डूबने से ही बच्ची की मौत हुई है।

## खेतों में दरार के साथ किसानों का फट रहा कलेजा

**समाज जागरण**
**नवादा( आर्यन मोहन)**

नवादाः नवादा जिले में मानूसन ने दगा दे दिया। बारिश के अभाव में बिचड़ा लगे खेत सूख रहे हैं। दरारें फटने लगी हैं। खेतों का यह हाल देख किसानों का कलेजा फटने लगा है। मौसम का हाल यह है कि वर्षा की बूंदों के बजाए सूर्य की कड़ी तपिश धरती पर उतर रही है। खेती के लिए अनुकूल आद्रा नक्षत्र बीत गया, आषाढ़ का महीना समाप्त होने को है, दो दिन बाद सावन महीने का प्रवेश होगा। लेकिन बारिश नहीं हो रही। ऐसे में अब नवादा के निर्दलीय एमएलसी अशोक यादव ने किसानों को समस्या को लेकर सीएम से मांग की है कि वह जिले को सूखाग्रस्त घोषित करे।

उन्होंने कहा कि जुलाई का पहला पखवारा भी समाप्त होने वाला है और अबतक मात्र 30 मिलीमीटर ही बारिश दर्ज की गई है, जबकि इस महीने में सामान्य वषार्पात 261.60 एमएम है। यानि सामान्य वषार्पात से काफी कम बारिश हुई, वह भी जिले के छिटपुट स्थानों पर। पूवार्नुमान भी



किसानों की उम्मीदों से विपरित है। बता दें कि नवादा में बारिश नहीं होने से किसानों को चिंता सताने लगा है और इसी को लेकर नवादा की निर्दलीय एमएलसी अशोक यादव ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार से यह मांग किया है कि नवादा को सूखाग्रस्त जिला घोषित किया जाए। उन्होंने सर्किट हाउस में किसानों के साथ खेत में दरार पड़ने के मुद्दों पर भी बातचीत की है। और किसानों ने बिहार सरकार से नवादा को सूखाग्रस्त घोषित करने को लेकर एमएलसी को भी आवेदन दिया हैं।

एमएलसी अशोक यादव ने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार राशन पर जीएसटी लगाकर महंगाई बढ़ा दिये हैं। वही इधर किसान को अब अनाज उपजाऊ करने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश नहीं होने के कारण पूरे किसान काफी चिंतित है। जैसे जैसे खेत में दरार आ रहा है। वैसे वैसे किसानों की कलेजा भी फट रहा है।

## श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति निर्वाचित होना स्वतंत्र भारत के लिये गौरवपूर्ण क्षणः दीपक

**समाज जागरण**

भारत के राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनावों के परिणाम की घोषणा के अनुसार श्रीमती द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति हुई।वे देश के राष्ट्रपति जैसे सम्मानित और आदरणीय पद को सुशोभित करने वाली जनजातीय समाज से आने वाली प्रथम व्यक्ति होंगी। भारत के एक पिछड़े गाँव की रहने वाली जनजातीय महिला का देश का प्रथम नागरिक बनना यह बदलते भारत का नया चित्र एवं अंत्योदय का सजीव चित्रण तथा समस्त भारत के लिये गौरवपूर्ण क्षण है।

श्रीमती मुर्मू का जन्म उड़ीसा के मयूरभंज जिले में हुआ तथा वे जनजातीय समाज से संबंध रखती हैं। उन्होंने पंचायत पार्षद के चुनावों में विजय प्राप्त कर राजनैतिक जीवन आरम्भ किया था। सन 2002 और 2009 में वो रायरंगपुर से चुनाव जीतीं और विधायक बनीं। सन 2000 से 2004 के बीच वे



वाणिज्य,परिवहन तथा मत्स्य और पशु संसाधन विभाग में मंत्री रहीं। 2015 में उन्होंने झारखंड के राज्यपाल पद की शपथ ली। वे झारखंड की पहली महिला राज्यपाल तथा किसी भी राज्ये की राज्यपाल बनने वाली पहली जनजाति रहीं। श्रीमती द्रौपदी मुर्मू झारखंड की सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाली राज्यपाल रहीं।

मगध विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य दीपक कुमार ने कहा कि "श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी का देश की राष्ट्रपति बनना गौरवान्वित करता है तथा एक बार पुनः भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की विशिष्टता एवं सार्थकता को सिद्ध करता है। द्रौपदी मुर्मू जी के नाम की घोषणा के साथ ही जिस प्रकार का उत्साह एवं समर्थन समाज के सभी वर्गों की ओर से दिखा, वह भारत में ही संभव है तथा यह भारत के समरस समाज का उदाहरण है। हमें आशा है कि देश के प्रथम नागरिक के रूप में उनका नेतृत्व पूरे देश का भविष्य उज्ज्वल करने वाला एवं उन्नतिकारक होगा। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के इस पवित्र क्षण को देश के समस्त नागरिकों को उत्सव के रूप में मनाना चाहिए।"

## एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस को डीडीसी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**समाज जागरण**
**नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)**

नवादाः- बिहार सरकार के द्वारा एडवांस लाईफ सपोर्ट एम्बुलेंस नवादा जिला को दिया गया है। आज समाहरणालय परिसर से मती उदिता सिंह जिला पदाधिकारी नवादा के निर्देश के आलोक में आज मो0 नैय्यर एकबाल और डॉ0 निर्मला कुमारी सिविल सर्जन नवादा के द्वारा संयुक्त रूप से सभी 05 एम्बुलेंस को हरि झंडी दिखाकर रवाना किये। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि यह इमर्जेंसी रोगियों के लिए वरदान सावित होगा। इसमें सभी प्रकार की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध



करायी गयी है। 13 प्रखंडों के लिए इस अत्याधुनिक एंबुलेंस की सुविधा प्रदान की जाएगी।सिविल सर्जन ने बताया कि इस एम्बुलेंस में वेंटिलेटर की सुविधा है एवं फोल्डिंग स्ट्रेचर की भी सुविधा दी गयी है जिससे बहुमंजिली ईमारतों से भी रोगियों को सुरक्षित गाड़ी तक लाया जा सकता है और पहुंचाया भी जा सकता है। इस एम्बुलेंस में रोगियों को बेहतर ईलाज के लिए आवश्यक मेडिकल उपकरण से सुसज्जित किया गया है। इस बात की जानकारी डीपीआरओ नवादा ने दी है।

## जहानाबाद जनता इमरजेंसी हॉस्पीटल का विधायक ने किया उद्घाटन।

**दैनिक समाज जागरण**
**जहानाबाद के (वरुण कुमार)**

जहानाबाद शहर के कनौदी स्थित जनता इमरजेंसी हॉस्पीटल का गुरूवार को स्थानीय विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक यादव ने कहा कि चिकित्सक भगवान के रूप होते है। और वे पीड़ित मानवता की सेवा की प्रतिमूर्ति होते है। जिले के लोगों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस हॉस्पीटल के खुलने से काफी फायदा होगा। यादव ने कहा कि स्पर्धा के दौरा में अस्पताल खोलने से गरीब लोगों को काफी फायदा हुआ है। गरीब लोगों को इलाज के लिए पटना-गया जाने की आवष्यकता नहीं पड़ेगी। यादव ने हॉस्पीटल की सुख सुविधाओं को



देखते हुए कहा कि उपलब्ध योग्य चिकित्सक और बेहतर सुविधा का लाभ आने वाले मरीज को अवश्य मिलेगा। हॉस्पीटल प्रबंधक महेष कुमार एवं अमरेष कुमार ने बताया कि यहां मल्टी स्पेशलिस्ट की सुविधाएं उपलब्ध है। हॉस्पीटल में आधुनिक आईसीयू, इमरजेंसी केयर तथा प्रोटोकॉल आधारित उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि मरीजों को कम खर्च में ज्यादा सुविधा उपलब्ध कराना उनका उद्देश्य है। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष सुरेष यादव, प्रधान महासचिव परमहंस राय, विधान पार्षद प्रतिनिधि सूर्यदेव यादव, अमरजीत छोटू, अरमान मल्लिक सहित कई लोग मौजूद थे।

## जहानाबाद आँटा मिल संचालक सहित चार लोगो पर बिजली चोरी कि प्राथमिकी दर्ज।

**दैनिक समाज जागरण जहानाबाद से (बरुण कुमार)**

जहानाबाद बिजली विभाग के द्वारा बिजली चोरी करने वालो के खिलाफ पूरे जिले में सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को टीम ने मीटर बाइपास कर, बिजली बिल बकाया रहने के कारण विद्युत कनेक्शन काट देने के बाबजूद भी चोरी से बिजली का उपयोग करने वाले के खिलाफ द्वारा गठित छापेमारी दल ने बिजली चोरी करते हुए 4 लोगो को रंगे हाथो पकड़ा है। इस आशय की जानकारी देते हुए विद्युत कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि सहायक विधुत अभियंता प्रमोद कुमार निराला के नेतृत्व में जिले के नोआमा, दक्षिणी दौलतपुर एवं नेहालपुर आदि जगहों पर मीटर जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिजली चोरी करते हुए चार लोगो को पकड़ा गया। पकडे गए लोगो में बिठल पासवान पर 455657, शैलेश कुमार सिंह पर 20850 डोमन प्रसाद पर 51984 एवं बिगन यादव पर 262066 रू का आर्थिक जुमार्ना लगाते हुए संबंधित थाना में प्राथिमिकी दर्ज करवाया है।

# मिथिला विश्वविद्यालय में एमएसयू का हाई वोल्टेज आंदोलन गेट तोड़ अंदर घुसे छात्र

## रिजल्ट में अनियमितता और देरी से आक्रोषित हैं एमएसयू छात्र संगठन रिजल्ट में विलम्ब को लेकर हुआ उग्र प्रदर्शन

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

रिजल्ट प्रकाशन एवं रिजल्ट में गड़बड़ी सुधार को लेकर आज एमएसयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमन सक्सेना के नेतृत्व में परीक्षा नियंत्रक को कालिख पोतने का कार्यक्रम था। परन्तु प्रशासनिक सजगता के कारण विवि में भयंकर पुलिस बल तैनात कर दिया गया छात्र का जिद्द था कि धरना स्थल तक जाकर हमलोगों को अपनी बात रखनी चाहिए । लेकिन विवि प्रशासन और पुलिस प्रशासन उसे दमन करने का प्रयास लगातार करती रही अंततः छात्रों ने बैरिकेडिंग तोड़ पुलिस बल के साथ विवि पहुँची जहाँ परीक्षा नियंत्रक के पुतला को कालिख पोतकर अपना विरोध दर्ज कराया

मिथिला विश्वविद्यालय में शुक्रवार को मिथिला स्टूडेंट यूनियन के द्वारा उग्र आंदोलन किया गया हैं इस बात की जानकारी देते हुए एमएसयू राष्ट्रीय प्रवक्ता अमन सक्सेना ने कहा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत हमलोगो ने घोषणा किया था की परीक्षा नियंत्रक अगर अपने पद से इस्तीफा नहीं देते हैं तो शुक्रवार को उनके मुँह पर कालिख पोता जाएगा जिसके खिलाफ आज मिथिला स्टूडेंट यूनियन के दर्जनों छात्रों ने विश्वविद्यालय में उग्र आंदोलन किया हैं आंदोलन के डर से विश्वविद्यालय के द्वारा सभी गेट को बंद कर दिया गया था जिससे आक्रोषित छात्र गेट को धक्का देने लगे थोड़ी ही झटके में गेट टूट गया और आंदोलनकारी छात्र विश्वविद्यालय परिसर के तरफ चल पड़े एक बार फिर आंदोलनकारी छात्रों को सुरक्षा बलों ने मुख्य सड़क पर रोक दिया छात्र वही पर बैठ नारेबाजी और आंदोलन करने लगे आंदोलन को छात्र नेताओं ने संबोधित किया इस बाबत संगठन के विश्वविद्यालय प्रभारी जय प्रकाश झा जिला प्रवक्ता नीरज भारद्वाज जिला कॉलेज प्रभारी अनीश चौधरी विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष संदीप कुमार कन्हैया झा कश्यप अंकित आजाद विधाभूषण राय उदय नारायण झा ऋषि कुमार आदि वक्ताओ ने कहा 15 जून को हमलोगो ने 5 हजार छात्रों के साथ शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर विश्वविद्यालय को चेताने का काम किया था की समय रहते रिजल्ट प्रकाशित कर दिया जाए एकेडमिक कैलेंडर जारी किया जाए छात्र संघ का चुनाव हो समेत कई अन्य मांग




शामिल था लेकिन विश्वविद्यालय के द्वारा एक भी मांग हमलोगो का माना नहीं गया जिसका लिखित आश्वासन हमलोगो के पास हैं जिसके खिलाफ आज उग्र आंदोलन विश्वविद्यालय में किया जा रहा हैं एमएसयू विश्वविद्यालय प्रभारी जय प्रकाश झा ने कहा एमएसयू के सेनानी सोये हुए नहीं हैं अगर जरुरत पड़ा तो 15 जून से भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा अभी तो सिर्फ ट्रेलर हैं विश्वविद्यालय प्रशासन सतर्क हो जाये ससमय छात्रों का रिजल्ट प्रकाशित किया जाए नहीं तो आगे पूरा फिल्म दिखाया जाएगा आज आंदोलन के डर से तमाम पदाधिकारी विश्वविद्यालय से गायब रहे जिसके बाद परीक्षा नियंत्रक का पुतला बनाया गया और छात्रों ने पुतला के ऊपर कालिख पोतने का काम किया और साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन को संदेश दिया हैं की अगर अब भी विश्वविद्यालय प्रशासन सतर्क नहीं होता हैं तो अगली बार बिना '

किसी घोषणा का परीक्षा नियंत्रक के साथ साथ कुलसचिव और कुलपति के मुँह पर भी कालिख पोत दिया जाएगा बताते चले की 11 बजे से लगभग 3 बजे तक पुरे विश्वविद्यालय का माहौल काफी गहमा गहमी का रहा इस बिच पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा 1 बजे के करीब में छात्र पुलिस प्रशासन द्वारा लगाए बैरिकेड को तोड़ परीक्षा नियंत्रक के कार्यालय के पास पहुंच कर परीक्षा नियंत्रक इस्तीफा दो का नारा लगाना शुरू कर दिया जिसके बाद विश्वविद्यालय थाना के द्वारा छात्रों को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन आक्रोषित एमएसयू के छात्र परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के आगे में डटे रहे जिसके बाद पुतला पर कालिख पोत चेतावनी देते हुए एमएसयू ने अपना आंदोलन समाप्त किया कहा अगर अब भी विश्वविद्यालय प्रशासन सतर्क नहीं होता हैं आगे इसका पुरजोर तरीके से विरोध किया जाएगा इस मौके पर संगठन के अभिषेक कुमार झा अर्जुन कुमार सुमित कुमार अमित कुमार धीरज कुमार संत कुमार विकाश मैथिल वेदांत वत्स सूरज मिश्रा शिवम् कुमार साहू आदि छात्र मौजूद रहे भवदिय ।।

# भागलपुर में आपसी विवाद को लेकर मारपीट में चली गोली, सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार।

**भागलपुर :----समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।**

भागलपुरे जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कोयला नारायणपुर में आपसी विवाद को लेकर मारपीट में गोलीबारी शुरू हो गई, घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने जगदीशपुर पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया, घटना की जानकारी देते हुए सिटी डीएसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिला था कि मारपीट में गोलीबारी हो रही है, जिसको लेकर प्रभारी



थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की गई, जिसमें कोयला नारायणपुर निवासी तेजु यादव के पुत्र माहिर यादव को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया, पुलिस ने मौके से नौ जिंदा कारतूस भी बरामद किया है, बताया जा रहा है कि घटना में माहिर यादव ने एक राउंड फायरिंग की थी, पुलिस को घटना की सूचना मिलने पर गिरफ्तार किया है, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है ! सभी जानकारी प्रकाश कुमार, सिटी डीएसपी भागलपुर ने दिया ।

# मनरेगा में चल रहा जमकर लूट खसोट, भागलपुर में मर चुके 150 इंसान का मनरेगा से अभी तक उठ रहा पैसा।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

भागलपुर। बिहार के भागलपुर में मर चुके 150 इंसान मनरेगा में काम कर सरकार से पैसे ले रहे हैं। सरकारी पैसे के लूट खसोट जैसी हैवानियत वाला खेला 2016 से जारी है। मामला भागलपुर जिले के गोराडीह प्रखंड में मुरहन पंचायत की है। केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल मनरेगा में जमकर लूट खसोट मचा हुआ है। जाब कार्ड के नामों का आकलन करने पर भागलपुर के गोराडीह प्रखंड के मुरहन गांव से ग्रामीणों के नाम पर फर्जी जॉब कार्ड के जरिए मजदूरी राशि में हुए भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। मनरेगा एक्ट के तहत किसी भी परिवार के एक ही सदस्य को जॉब कार्ड आवंटित किया जाना है। लेकिन गोराडीह प्रखंड में गजब का खेला देखने को मिला। जहां एक पंचायत में मतदाताओं से अधिक जॉब कार्डधारियों की संख्या है। मुरहन पंचायत में वोटर की संख्या 4773 है, जबकि फैमेली जॉब कार्ड 5757 बनाया गया है। पंचायत में मजदूरों की संख्या 7400 से ज्यादा है। जिसके आंकड़े केंद्र सरकार के ऑफिशियल वेबसाइट पर प्रस्तुत किए गए हैं। आंकड़ों की मानें तो केवल मूरहन पंचायत में 150 से भी ज्यादा मृत व्यक्तियों के नाम पर जॉब कार्ड है और उन्हें अभी भी सरकारी धनराशि से मजदूरी प्राप्त हो रहा है। गौर करने वाली बात है की मनरेगा मृत व्यक्तियों वेतन कैसे दे सकती है? नीतीश कुमार के शासन काल मे "एक व्यक्ति को चार बार"। पूरे मामले की पड़ताल करने जब मीडिया की टीम मृत व्यक्तिओं के घर पहुंची तो वहां एक अलग ही माजरा था।मनरेगा योजना का लाभ लेने वाले मृतक चमकलाल गोस्वामी के पुत्र पवन गोस्वामी ने बताया कि उनके पिता को मरने से 20 वर्ष हो चुके हैं और उनके स्वर्गीय पिता के नाम मनरेगा से पैसे का भुगतान हो रहा है, इसकी जरा भी जानकारी उन्हें नहीं है। वहीं इस पूरे मामले हो रहे भ्रष्टाचार और अनियमितता में शिकायतकर्ता के रुप में आगे आने वाले चंद्रशेखर आजाद ने इसका खुलासा किया। उन्होंने बताया की पूरे मामले में दोषी गोराडीह प्रखंड के अधिकारी और यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधि हैं। जिनकी निगरानी में यह भ्रष्टाचार का सारा खेल रचा गया है। आखिर कोई मृत व्यक्ति चार अलग अलग जगहों पर काम कैसे कर सकता है। मनरेगा योजना के तहत मुरहन जैसे छोटे पंचायत में करोड़ों रुपये के घोटाले में सरकार के आधिकारी, जनप्रतिनिधि संलिप्त हैं। उस बाबत आजाद ने भागलपुर के जिलाधिकारी से लेकर मुखमंत्री नीतीश कुमार को शिकायत पत्र भेजा है। चंद्रशेखर ने छह वर्षों से हो रहे इस महाघोटाले में सरकार से जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करने कि मांग की है। भागलपुर के डीडीसी प्रतिभा रानी ने भी मामले के संदर्भ में जांच के लिए गोराडीह प्रखंड में डीआरडीए के डायरेक्टर प्रमोद पांडेय को जांच के लिए भेजा। डीआरडीए के डॉयरेक्टर प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया की गोराडीह में मनरेगा योजना के तहत चल रहे कार्यों अनियमितता पाई गई है। जहां नाले निर्माण होना था, वहां विगत दो वर्षों से न तो नाला बना है न ही नहर का कार्य हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि जॉबकार्ड मामले में भी भ्रष्टाचार की बात सामने आ रही है। जिसपर विभागीय स्तर से जांच की जा रही है। बहुत जल्द दोषियों कार्यवाही की जाएगी।

बाइट - प्रमोद पांडेय, डायरेक्टर, डीआरडीए, भागलपुर।

ब्यानकरता चंद्रशेखर आजाद, आरटीआई कार्यकर्ता, मुरहन, गोराडीह, भागलपुर।

वयानकरता पवन गोस्वामी, मृत मनरेगा मजदूर के पुत्र, मुरहन, भागलपुर।

# सुलतानगंज मे भारत के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू के बनने पर विधायक सहित एनडीए कार्यकताओं ने मिठाई बांट कर खुशीयाँ मनाएं।

**भागलपुर /सुल्तानगंज समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

भागलपुर सुलतानगंज मे विधायक डॉ.ललित नारायण मंडल के आवास पर विधायक सहित एनडीए कार्यकताओं ने भारत के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू के बनने कि खुशी मे अबीर गुलाल लगाकर मिठाई बांटी।इस दौरान विधायक डॉ.ललित नारायण मंडल ने मिडिया को बताया कि गरीब महिला को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा नवनिर्वाचित भारत के राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को बनाने पर प्रधानमंत्री एंव भारत के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय द्रोपती मुर्मू को बधाई दिये।साथ ही उन्होंने कहा कि सुलतानगंज का नाम अजगैबीनाथ. धाम होने के लिये विधानसभा में भी आवाज उठाएं हैं।बहुत जल्द अजगैबीनाथ धाम का नाम करण होगा।श्रावणी मेला को राष्ट्रीय मेला घोषित करने के लिये प्रयास किया जा रहा हैं।सुलतानगंज को अनुमंडल का दर्जा दिलाने के लिये भी प्रयास कर रहे हैं।और नमामि गंगे घाट कि तरह अजगैबीनाथ मंदिर प्रागण मे भी नमामि गंगे घाट बनाने कि पहल कि जा रही हैं।बहुत हि जल्द अजगैबीनाथ गंगा घाट मे नमामि गंगे घाट कि तरह नजर आने लगेंगे।इस दौरान एनडीए के कार्यकर्ता सदानंद सिंह,विजय



सिंह,प्रविण कुमार,चंदन कुमार,संजय चौधरी,नवीन कुमार बन्नी, मुकेश कुश्वाहा, अमर पंडित,विकास कुमार कर्ण, एस.के.प्रोग्रामर,गौतम सिन्हा, महेश दास,डॉ.अलका चौधरी, प्रेमप्रभा सिन्हा, रानी देवी,नीलम देवी सहित इत्यादि एनडीए कार्यकर्ता मौजुद थे।

# सुलतानगंज के धांधीबेलारी पंचायत में मुखिया पति द्वारा कि जा रही मनमानी,पंचायत में कागजातों पर हो रहे काम।

**भागलपुर /सुल्तानगंज समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

भागलपुर सुलतानगंज प्रखंड के धांधीबेलारी पंचायत मे मुखिया अन्नु कुमारी ने पंचायत का विकास के नाम पर वार्ड सदस्य से कई हस्ताक्षर करने का मामला प्रकाश में आया हैं।वहीं इस मामले मे धांधीबेलारी पंचायत के वार्ड 4 के विणा देवी ने बताया कि वार्ड का विकास के.नाम पर मुखिया अन्नु कुमारी ने सादा कागज सहित अन्य 16 कागजातों मे हस्ताक्षर करा लिये।जब पंचायत का कोई काम नहीं हुआ तो मुखिया अन्नु



कुमारी से पुछा तो कहा कि हमारे पति गुंजन कुमार से पुछ लिजिए। तभी मुखिया पति गुंजन कुमार से पुछा तो कहा घर आकर मिले तभी कुछ देर बाद हमारे घर पर गुंजन कुमार ने कहा कि आपको एक सौ जगह हस्ताक्षर करवाएंगे।आपको करना होगा कि बात कही।साथ ही वार्ड 1 सदस्य प्रभात कुमार ने बताया कि मुखिया द्वारा पंचायत में कोई काम सही से नहीं हो रहा जो भी काम हो रहा हैं।सिर्फ कागजात पर हो रहा हैं।एक भी बार पंचायत मे आम सभा एंव ग्राम सभा नहीं लगाए गए हैं।वहीं ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत मे मुखिया द्वारा नाला निर्माण किया जा रहा हैं।जो सही से नाला निर्माण नहीं होने पर गांव मे जलजमाव कि समस्या हो रही हैं।

# जगदीशपुर सलेमपुर का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बद से बदतर स्थिति में, सभी बीमारियों की एक ही दवा- विटामिन बी कॉन्प्लेक्स।

## मात्र 2 घंटे के लिए खुलता है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, वह भी सप्ताह में मात्र 3 दिन

**भागलपुर समाज जागरण निभाष मोदी ।**

भागलपुर।एक तरफ जहां सरकार की तरफ से स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं, कई योजनाएं बनाए जाते हैं, कई छोटे-छोटे गांव में भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवनों को तैयार किया जाता है ।हर गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाते हैं जिससे गांव के लोग प्राथमिक उपचार करा सके और स्वस्थ रह सके, वहीं दूसरी ओर जगदीशपुर के सलेमपुर का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का रबैया काफी उदासीन है ।यहां डॉक्टर साहब तो छोड़िए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की नर्स भी घड़ी देखकर 2 घंटे के लिए आती हैं और अगर आपको किसी भी तरह की बीमारी हुई है तो वहां सबों को एक ही दवा मिलती है वह है विटामिन बी कंपलेक्स। विटामिन बी कॉम्प्लेक्स यहां के लिए रामबाण दवा है । इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी रोगों के लिए नर्स के द्वारा एक ही दवा दी जाती है।

बताते चलें कि जगदीशपुर सलेमपुर का यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 15 हजार आवादियों से घिरा हुआ है। तकरीबन 10 मोहल्ले इससे सटे हैं, जो यहां प्राथमिक इलाज कराने आते हैं, लेकिन सरकार का उदासीन रवैया यहां सीधे तौर पर देखने को मिलता है। न तो समय पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुलता है ना है यहां की स्थिति सही है। जगदीशपुर के सलेमपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति पूर्णरूपेण लचर व्यवस्था होने के चलते अच्छे डॉक्टरों और अच्छी सुविधाओं के बाट जोह रहा है। सरकार को इस पर जरूर पहल करनी चाहिए।

# अजगैबीनाथ धाम मे रिमझिम बारिश होने पर 66 हजार कांवडिया देवघर के लिए हुये रवाना

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।**

बोलबम के जयकारों से अजगैबीनाथ धाम हुये गुंजायमान।

भागलपुर सुलतानगंज के अजगैबीनाथ धाम मे श्रावणी मेला के आठवें दिन



रिमझिम बारिश होने पर 66 हजार कांवडिया देवघर बाबा बैधनाथ धाम के लिये रवाना हुये।बोल बम के जयकारों से अजगैबीनाथ धाम सहित कच्ची कांवडिया पथ हुये गुंजायमान हो गये थे।वहीं बात कर रहे सरकारी आंकड़ों कि तो पुरुष डाक बम 750 महिला डाक बम 6 समान्य कांवडिया टोटल 65,058 अजगैबीनाथ धाम से उत्तरवाहिनी गंगा जल लेकर देवघर बाबा बैधनाथ धाम के लिये रवाना हुये।इसको लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा जगह जगह पुलिस बल एंव महिला पुलिस बल सहित सभी सेंक्टरो पर मजिस्ट्रेट कि नियुक्ति कि गई थी।कांवडियों को किसी भी प्रकार परेशानी नहीं हो इसके स्वास्थ्य विभाग द्वारा जगह जगह अस्थायी स्वास्थ्य केन्द्र, सहायक थाना केन्द्र भी बनाये गये थे।स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा मेला क्षेत्र कि विभिन्न जगहों मे मोनिटरिंग किये जा रहे थे।

# ईडी के द्वारा सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को बार बार प्रताड़ित करने को लेकर कांग्रेसियों ने किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन।

## मोदी सरकार को तानाशाह और बदले की भावना से प्रेरित बताते हुए कांग्रेसियों ने जमकर की नारेबाजी

**भागलपुर समाज जागरण राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

भागलपुर।नेशनल हेराल्ड मामले में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी की ईडी द्वारा बार-बार प्रताड़ित किया जा रहा है। ईडी द्वारा सोनिया गांधी से बार-बार बेवजह पूछताछ की जाने से कांग्रेसियों में काफी आक्रोश है। सोनिया व राहुल गांधी से पूछताछ के विरोध में कांग्रेस के कार्यकताओं ने देश के कई जगहों में प्रदर्शन किया साथ ही केंद्र सरकार पर सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया।

इसी बाबत भागलपुर समाहरणालय परिसर के सामने आज जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से धरना प्रदर्शन किया गया । भागलपुर कांग्रेसियों की ओर से प्रवेज जमाल ने जमकर खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने मोदी सरकार को तानाशाह और बदले की भावना से प्रेरित बताते हुए कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की। सभी प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों का एक सुर में कहना है कि केंद्र सरकार जानबूझ कर राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी व कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी को उलझा रही है। इससे विपक्ष के दोनों नेता आम लोगों की समस्याओं को नहीं उठा पाए और नेशनल हेराल्ड मामले में उलझे रहे। केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का समय बर्बाद कर रही है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी को बेमतलब में परेशान किया जा रहा है। इस एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन में परवेज जमाल सहित दर्जनों कांग्रेसी नेताओं ने वर्तमान सरकार को कोसते हुए जमकर नारेबाजी की और कहा मोदी सरकार तानाशाह सरकार बन चुकी है अंग्रेजों की तरह शासन करना चाहती है यह कतई सही नहीं है।

# बबरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बागबाड़ी के एक यूवक पर अपराधियों ने चलाई गोली, बाल बाल बचे।

## सुरक्षा की गुहार लगाने पहुंचे एसएसपी कार्यालय, अगर नहीं मिली सुरक्षा तो कर लेंगे आत्मदाह

**समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

भागलपुर।बबरगंज थाना क्षेत्र के सूर्यलोक कॉलोनी बागवाडी के रहने वाले अमरेंद्र कुमार सिंह के घर पर 3 जून को संध्या में उनके घर पर कुछ अपराधियों के द्वारा धावा बोलकर उनके ऊपर गोली चलाई गई थी। लेकिन वह बाल-बाल बच गए थे जिसके बाद उन्होंने थाने में कारू यादव नामक व्यक्ति के खिलाफ गोली चलाने का आरोप लगाया था। लेकिन आज तक पुलिस उनके घर पर जांच करने भी नहीं पहुंची और गोली का खोखा उनके घर में ही पड़ा हुआ है। वही आज फरियादी ने पुलिस को मदद कर कारू यादव को गिरफ्तार भी करवाया। लेकिन थाने से उसे बॉन्ड भरा कर छोड़ दिया गया। वही फरियादी को थाना प्रभारी के द्वारा थाने से बाहर भगा दिया गया और कहा गया कि तुम मगर थाने के अंदर आओगे तो तुम्हारी हत्या हो जाएगी। वही फरियादी जिले के सभी वरिय पदाधिकारियों के पास अपनी गुहार लगा चुका है और अब वह बिहार के डीजीपी के पास मिलने की बात कह रहा है। और यह भी धमकी दे रहा है कि अगर वहां भी फरियाद नहीं सुनी गई तो वह आत्मदाह कर लेगा। वही पूरे मसले पर थाना प्रभारी कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। भागलपुर में वरीय पुलिस अधीक्षक बाबूराम के आने के बाद लगातार उनके द्वारा थानों का निरीक्षण कर फरियादियों से अच्छे व्यवहार और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर लगातार थाना प्रभारियों को आदेश दिया जाता रहा है। उसके बावजूद भी बबरगंज थाना प्रभारी के लापरवाह रवैया से समझा जा सकता है कि थाना प्रभारी वरीय पुलिस अधीक्षक का कितना बात मान रहे हैं। अब देखने वाली बात है कि आगे पुलिस के वरीय पदाधिकारी क्या कार्रवाई करते है।

# छात्र संघर्ष मोर्चा के कार्यकताओं ने विश्वविद्यालय के बंदी में छात्र राजद को दिया समर्थन ।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।**

भागलपुर। छात्र संघर्ष मोर्चा ने आज भागलपुर के स्थानीय होटल में एक विशेष बैठक रखी। विश्वविद्यालय के चरमराई स्थिति को लेकर कई बिंदुओं पर वार्ता की गई, साथ ही साथ संगठन का भी विस्तार किया गया । संगठन विस्तार में नए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, महासचिव के अलावे कई पदाधिकारियों को नियुक्त करने की बात हुई साथ ही इस बैठक में छात्र संघर्ष मोर्चा ने विश्वविद्यालय के बदहाली को लेकर एक अहम फैसला लिया ।उन्होंने कहा विश्वविद्यालय के चरमराई स्थिति को देखते हुए छात्र राजद ने 7 दिनों से लगातार तालाबंदी कर रखा है ।आज से हम छात्र संगठनों का भी पूर्णरूपेण समर्थन है ।हमलोग भी इस चरमराई स्थिति का पुरजोर विरोध करते हैं और हमारी मांग है जल्द से जल्द विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति बहाल हो जिससे शैक्षणिक गतिविधि के साथ-साथ प्रशासनिक गतिविधियों में भी विकास का मंजर लगे।

## विश्वविद्यालय में लगातार सातवें दिन भी प्रदर्शन जारी, सभी विभागों में लटके रहे ताले।

# प्रदर्सनकारियो ने भैंस के गले में मुख्यमंत्री,राज्यपाल एवं कुलपति हनुमान पांडे का फोटो लगाकर बीन बजाकर किया प्रदर्शन

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।**

भागलपुर।तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय मे जहां कुलपति रामधारी सिंह दिनकर हुआ करते थे आज वह विश्वविद्यालय 8 महीने से कुलपति बिहीन है, विश्वविद्यालय मानो स्थाई कुलपति के लिए बाट जोह रहा हो। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में 8 महीने से कुलपति नदारद हैं। प्रदर्शनकारी कभी इश्तेहार चिपकाकर, कभी टॉर्च के लाइट से उन्हें खोजने का काम कर रहे हैं ,कभी ढोल नगाड़े झांज बजाकर खोजने का काम कर रहे हैं। बताते चले कि विश्वविद्यालय में 8 महीने से कुलपति नहीं रहने के चलते 8000 डिग्रियां फाइल की शोभा बढ़ा रही है। सारी डिग्रीया धूल फांक रही हैं। पूरी शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है।कुलपति नहीं रहने के चलते मानो विश्वविद्यालय प्रदर्शनकारियों का अड्डा बन गया हो। लगातार कुलपति को लेकर धरना प्रदर्शन तालाबंदी कार्यक्रम चालू है।

छात्र राजद के कार्यकताओं ने लगातार छह दिनों से विश्वविद्यालय में ताला जड़ दिया है, जिसके चलते पार्ट 2 की परीक्षा भी रद्द कर दी गई। आज विश्वविद्यालय में एक अनोखा ही प्रदर्शन का तरीका देखने को मिला। आज प्रदर्शनकारियों ने भैंस के गले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,राज्यपाल और कुलपति हनुमान पांडे का फोटो डालकर उसके सामने बीन बजाते दिखे मानो कहावत चरितार्थ हो रही हो भैंस के आगे बीन बजाए भैंस गए बौराय। छात्र राजद के कार्यकताओं ने कहा विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के अधिकारी कुंभकरण की नींद सो रहे हैं, हम सबों ने लगातार विश्वविद्यालय में छह दिनों से तालाबंदी कर रखा है परंतु उनके माथे पर जूं तक नहीं रेंग रहा। उन लोगों का कहना हुआ जब तक हम लोगों की मांगे पूरी नहीं होती तब तक विश्वविद्यालय में तालाबंदी रहेगा। तब तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा।

वही विश्वविद्यालय का खस्ता हाल देखकर युवा समाजसेवी विजय कुमार यादव ने भी युवा राजद के कार्यकताओं को समर्थन देते हुए प्रदर्शन में शामिल दिखे। उन्होंने भी कहा जब तक स्थाई कुलपति विश्वविद्यालय को नहीं मिल जाता तब तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा।

# अजगैबीनाथ धाम मे जिला प्रशासन के निर्देश पर कांवरियों की सुरक्षा को लेकर घुड़सवार पुलिस मुस्तैद।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।**

भागलपुर सुलतानगंज के अजगैबीनाथ धाम मे विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर कांवडियों कि सरक्षाओ को लेकर 24 घंटा घुड़सवार पुलिस कि नियुक्ति कि गई हैं।इस दौरान घुड़सवार पुलिसकर्मी चन्द्रकिशोर मंडल ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर



कांवरिया मार्ग मे कांवरियों कि सुरक्षा को लेकर पेट्रोलिंग की जा रही हैं।जो सुलतानगंज अजगैबीनाथ धाम से कांवरिया पथ तक 24 घंटे मुस्तैदी से सुरक्षा कार्य मे लगे हुये हैं।इस दौरान कई घुड़सवार पुलिस कर्मी मौजुद थे।

# मोटरसाइकिल चोरी कर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने धर दबोचा।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।**

भागलपुर के गिरधारी साह हटिया से मोटरसाइकिल चोरी कर भाग रहे युवक को लोगों ने खदेड़ कर पकड़ा। मोटरसाइकिल चोर को पकड़ कर ग्रामीणों ने जमकर धुनाई कर दी। मौके पर पुलिस पहुंची लेकिन वहां के स्थानीय लोगों उस मोटरसाइकिल चोर को पुलिस के हवाले नहीं किया। वहां के स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों ने कहा कि यहां से लगातार मोटरसाइकिल की चोरी होती है तकरीबन 20 मोटरसाइकिल 1 महीने में चोरी हो गई है। साथी वहां के लोगों ने बताया की यहां पर



जितने भी गाड़ी चोरी हुई है पुलिस को हमलोगों ने बताया लेकिन प्रशासन कभी भी कुछ नहीं करती ।इसी कारण इस चोर को हमलोग अपने तरीके से सजा दे रहे हैं। कुछ देर तक यह ड्रामा चलता रहा उसके बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों को समझा-बुझाकर उस चोर को अपनी गिरफ्त में लिया तब जाकर मामला शांत हुआ।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, भोजपुर, आरा

**दैनिक समाज जागरण आरा,,अख्तर शफी निक्की**

आगामी दिनांक 13 अगस्त 2022 को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु एक बैठक का आयोजन माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोजपुर आरा, श्री ब्रजेश कुमार मालवीय के अध्यक्षता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं सभी थानाध्यक्ष के साथ किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री मिथिलेश कुमार ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु आज



के बैठक में आए सभी थानाध्यक्ष को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं जिसमें पक्षकारों को सुलह हेतु निर्गत नोटिस को चौकीदार के माध्यम से ससमय तमिला कराना तथा पक्षकारगणों को सुलह हेतु प्रेरित करना था। आगे सचिव मिथिलेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां पूरे जोर शोर से की जा रही है तथा पारा विधिक स्वयंसेवक के माध्यम से भी नोटिस का तामिला घर घर जाकर किया जा रहा है तथा उन्हें सुलह हेतु प्रेरित किया जा रहा है। विभागीय वाद में सभी विभाग के पदाधिकारी को इसकी सूचना दी जा चुकी है की वह अपने स्तर से भी लोगों को जागरूक करते हुए निष्पादन हेतु प्रेरित करें।

# बिक्रम मे आज भारतीय जनता युवा मोर्चा पटना ग्रामीण के द्वारा 28एवं 29 जुलाई को होने वाले होने वाले कार्यक्रम के लिए बैठक किया गया!!

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार /बिहटा**

भारतीय जनता युवा मोर्चा पटना ग्रामीण द्वारा आगामी 28 एवं 29 जुलाई को होने वाले संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के विधानसभा प्रवास हेतु आज विक्रम विधानसभा की बैठक बुलाई गई जिसमें 11 बिंदु के कार्यक्रमों की चर्चा की गई इस बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा विक्रम के पूर्व प्रत्याशी श्री अतुल कुमार जी ने कार्यकताओं को कार्यक्रम की जानकारी दी वही प्रदेश द्वारा भाजयुमो प्रदेश मंत्री श्री आशीष सिन्हा जी ने कार्यक्रम की रूपरेखा




पदाधिकारियों के बीच रखी बैठक को भाजपा जिला अध्यक्ष श्री आशुतोष कुमार एवं उपाध्यक्ष श्री धर्मेंद्र कुमार जीने भी संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता बैठक की अध्याक्षाता भाजयुमो जिला अध्यक्ष अंशुमन कुमार ने की एवं इस बैठक में इस बैठक में मंडल अध्यक्ष अविनाश उपाध्याय रजनीश कुमार अरुण जयकुमार दीपक कुमार सुदीप कुमार बहादुर शर्मा अविनाश तिवारी नीरज कुमार सहित युवा मोर्चा एवं भाजपा के अन्य पदाधिकारी सम्मिलित हुए

# औरंगाबाद सांसद ने लोकसभा में उठाया महत्वपूर्ण मुद्दा।

**अजय कुमार पाण्डेय दैनिक समाज जागरण औरंगाबाद**

औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद, सुशील कुमार सिंह ने लोकसभा में अध्यक्ष को धन्यवाद देते हुए महत्वपूर्ण तथा बहुप्रतीक्षित परियोजना बिहटा - औरंगाबाद रेलवे लाइन को पुरा करने के लिए मांग किया! सांसद ने संबोधन में कहा कि पूर्व - मध्य रेल अंतर्गत वर्ष 2007 में 326 करोड़ रूपए की लागत से बिहटा - औरंगाबाद नई रेल परियोजना की स्वीकृति प्रदान की गई। इस परियोजना का कार्य 2011 - 2012 में ही पूरा किया जाना था! परियोजना से पटना, अरवल, जहानाबाद एवं औरंगाबाद की जनता लाभान्वित होगी। इस क्षेत्र का अधिकांश भाग अति पिछड़ा और एल0डब्ल्यू0ई0 के अधीन है। परियोजना के लिए कई बार सर्वेक्षण हुआ, और किसानों को भूमि



अधिग्रहण के लिए नोटिस भी जारी किया गया! अब परियोजना की प्राक्कलन राशि 326 करोड़ रुपए से बढ़कर 2,800 करोड़ रूपए हो गई।अधिकारियों की उदासीनता के कारण प्राक्कलन राशि में काफी वृद्धि हो गई है, और इस पिछड़े क्षेत्र की जनता को विकास योजना से वंचित करने का कार्य किया गया। अतः मेरा आग्रह है कि बिहटा - औरंगाबाद रेल परियोजना का कार्य शीघ्र पूरा कराने हेतु तत्काल कदम उठाया जाए। गया - औरंगाबाद - झारखंड राज्य के चतरा, हजारीबाग आदि उग्रवाद प्रभावित जिला से सटा हुआ है।वर्षों से स्थानीय लोगों की मांग है कि उग्रवाद प्रभावित इस क्षेत्र में गया, शेरघाटी, बाँके बाजार, इमामगंज - डुमरिया होते हुए झारखंड में डालटेनगंज को रेल सेवा से जोड़ा जाए। रेल सेवा का यह विस्तार बेहतर स्थानीय संपर्क के साथ उग्रवाद नियंत्रण में उपयोगी होगा।

# वारसली गंज बीडीओ ने जाते, जाते107 फर्जी शिझको पर हुए मेहरबान,कोर्ट के आदेश के विरुद्ध करवाया ज्वायनिग।

**समाज जागरण**
**नवादा ब्यूरो धर्म जीत सिन्हा**

नवादा :जिले के वारिसलीगंज प्रखंड के बीडीओ सत्यानारण पंडित ने जाते-जाते बड़ा खेल कर दिया। अवैध तरीके से बहाल जिन 107 प्रखंड शिक्षकों को दो साल पूर्व तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार चौधरी ने बर्खास्त करने का आदेश दिया था, उन सभी को फिर से स्कूलों में योगदान करने-कराने का आदेश जारी कर दिया है। बीडीओ ने अपने पत्रांक 639 दिनांक 19.7.2022 जो कि वहां के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को प्रेषित है, द्वारा जारी आदेश में 2008 के नियोजित शिक्षक-शिक्षिकाओं को विद्यालयों में उपस्थिति पंजी पर उपस्थिति दर्ज कराने और अधोहस्ताक्षरी को सूचित करने को कहा है।

बीडीओ का वारिसलीगंज से तबादला हो गया है। किसी भी दिन विदा हो सकते हैं। बीडीओ ने उक्त आदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा शिक्षकों की उपस्थित व कार्रवाई को लेकर जारी एक हालिया पत्र ज्ञापांक



1933 दिनांक 12-07-22 आधार बनाया है। डीईओ के पत्र को संलग्न कर कुछ नियोजित शिक्षकों ने बीडओ से शिकायत किया था कि उन्हें उपस्थिति बनाने से रोका जा रहा है।

बता दें कि द्वितीय चरण शिक्षक नियोजन 2008 की रीक्ति पर 2018 में नियोजित किए गए 107 शिक्षकों को नौकरी से हटाने का आदेश 18.8.2020 को तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार चौधरी द्वारा नियोजन इकाई को दिया गया था। इस बावत जिला शिक्षा पदाधिकारी ने वहां के बीडीओ को पत्राचार किया था। नियोजन को अवैध बताते हुए कार्रवाई करने को कहा गया था। संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को भी पत्र भेजा गया था, जिसमें संबंधित शिक्षकों से काम नहीं लेने और भविष्य में किसी प्रकार का वित्तीय बोझ बढ़ने पर खुद जवाबदेह होने का जिक्र पत्र में किया गया था। पत्र से साफ था कि अवैध बहाल शिक्षकों को विभाग शिक्षक मानने को तैयार नहीं है।

दरअसल, अबतक यहां के नियोजन में वरीय पदाधिकारियों के हर पत्र का अपने स्तर से विश्लेषण किया जाता रहा है। यह, अनजाने में नहीं बल्कि जानबूझकर कर किया जाता है।

# जामिया नगर की छात्राओं के लिए मदरसा साफा में एक तुलनात्मक कार्यक्रम का आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता मो0जियाउद्दीन।**

सुपौल जिले के सदर प्रखंड स्थित जामिया नगर महेशपुर में मदरसा साफा फॉर गर्ल्स की छात्राओं ने शानदार कार्यक्रम पेश किया जिसकी अध्यक्षता जामिया के मौलाना नूरूल हुदा और मदरसा साफा के संस्थापक निजामत मौलाना जियाउल्लाह जिया ने की.छात्राओं के लिए मौलाना अताअल्लाह ने आने वाले मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को आला शिक्षा के गहनों से सजाएं। शायर इस्लाम कैसर अली राना कार्यक्रम में नातीयाए कलाम से कैसर अली राणा और हाफिज मुहम्मद साजिद रहमानी ने लोगों का दिल जीता, वहीं जमीयत उलेमा सुपौल के अध्यक्ष मौलाना मुहम्मद रमजान अली कासमी ने कहा कि धार्मिक स्कूलों के महत्व और धार्मिक ज्ञान की आवश्यकता को नकारा नहीं जा सकता है. किसी भी तरह से क्षमता और उनके मूल्य और गरिमा का अपना स्थान है, लेकिन वर्तमान युग में मुस्लिम राष्ट्र की सबसे बड़ी आवश्यकता उन संस्थानों की स्थापना है जो आधुनिक विज्ञान के साथ-साथ इस्लामी प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, ताकि वे इस्लामी मदरसों की ओर बढ़ सकें और हो सकें। पूर्ण धार्मिक शिक्षा से लैस मुस्लिम बच्चों



की संख्या केवल पांच प्रतिशत है और 95 प्रतिशत बच्चे आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में अपनी किस्मत आजमाते हैं और यदि इन बच्चों को उचित इस्लामी वातावरण और प्रशिक्षण प्रणाली नहीं मिलती है, तो वे अपना दिन ईमान खो देंगे आस्था और आस्था खतरे में पड़ने का डर है,सबाए बिहार के मशहुर आलिमे दिन और माहिरे ताआलिम, प्रसिद्ध धार्मिक विद्वान और शिक्षाविद्वान हजरत मुफ्ती मजहर कासमी ने कहा कि असरी शिक्षा इस्लाम के साथ जरूरी शिक्षा ही नही बल्कि जरूरत और विभिन्न स्तरों के अनुसार प्रोत्साहित किया गया है। मौलाना निजामुद्दीन ईशआती नाईब सदर जमियते ओलमा सुपौल ईस जरूरत का एहसास कियाऔर अंग्रेजी सीखने पर जोर दिया, और कुछ अवसरों पर इस शिक्षा की शिक्षा को प्रोत्साहित किया। जमीयत उलेमा सुपौल के उपाध्यक्ष ने महसूस किया कि आजकल विद्वानों और उपदेशकों को इस्लाम के लिए अंग्रेजी भाषा से परिचित होना चाहिए। इसलिए, इन कहावतों का प्रकाश हमारे समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा देने की आवश्यकता है। समझौता मत करो शिक्षा देने के लिए पेट पर पत्थर बांधना हो तो पत्थर बांधना, लेकिन बच्चों को शिक्षा देना। ईस मौके पर उपस्थित मौलाना अताउल्लाह, मेहदी हसन, मौलाना मिनतुल्लाह, मुहम्मद अख्तर, मुहम्मद शमशीर आदि उपस्थित थे और साथही तकमिले कुरआन, करने वाली राजिया, सादकिया, रुखसार, शमा परवीन, खदीजा, जैनब को पूरा करने वाले छात्रों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# सीबीएसई दशमी बोर्ड की परीक्षा में मॉडर्न के छात्र छात्रों ने दिखाया जलवा,90/: से अधिक अंक लाकर लहराया परचम।

**समाज जागरण नवादा(का. स.)**

नवादा:जब आपकी प्रतिस्पर्धा स्वयं आपसे ही हो तो आप दिनोंदिन उत्कर्ष के नए सोपान रचते हैं और स्वयं ही अपने रिकॉर्ड को तोड़कर नित नए रिकॉर्ड बनाते हैं। यही चमत्कार कर दिखाया है मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, नवादा के होनहार विद्यार्थियों, समर्पित शिक्षकों की टीम और उनके हर कदम पर बढ़-चढ़ कर सहयोग को तत्पर विद्यालय-प्रबंधन ने।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, नवादा के विद्यार्थियों ने अपने बेहतरीन रिजल्ट से जिलेभर में धूम मचा दिया। नवादा शहर में मॉडर्न इंग्लिश स्कूल ने अपने विद्यार्थियों को जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उत्कृष्ट व्यवस्था उपलब्ध कराया है, उसका सुखद परिणाम दसवीं कक्षा के उत्कृष्ट रिजल्ट के रूप में सामने आया है। हर वर्ष के अपने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए इस बार विद्यालय के 76 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त करके जिलेभर में अपने विद्यालय और माता-पिता का मान बढ़ाया है।

इसके अलावे 125 से भी अधिक



विद्यार्थियों को 80% से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं। इसके साथ ही शेष सभी विद्यार्थियों ने 70% से अधिक अंक प्राप्त करके शत-प्रतिशत रिजल्ट के साथ विद्यालय के रिकॉर्ड को जिलेभर में सर्वोच्च बना दिया है।

98% अंक प्राप्त करके विमलेश ने जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। मुस्कान ने 97.6% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 97% अंक लाकर मोहम्मद रफीउल इमाद ने तृतीय स्थान प्राप्त करके अपने माता-पिता और शिक्षकों का गौरव बढ़ाया।

इस वर्ष गणित में 100 में से 100 अंक प्राप्त करने वाले कुल नौ विद्यार्थी विमलेश कुमार, रौनक कुमार, आकाशदीप, सचिन रॉय, शुभम राज, प्रियदर्शिनी, हर्षित कुमार, लकी कपूर और शुभम कुमार रहे। हिंदी में 100 में से 100 अंक प्राप्त करने वाले कुल तीन छात्र-छात्राओं मुस्कान, सौम्या सुमन एवं मयंक अग्रवाल के साथ विज्ञान विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त करने वाले तीन विद्यार्थी अंकित कुमार, आयुष कुमार एवं प्रियदर्शिनी रहे। इसके साथ सामाजिक विज्ञान में 100 में से 100 अंक प्राप्त करने वाले दो विद्यार्थी अंकित कुमार और प्रिया राज रहे।

# दरभंगा एसएसपी अवकाश कुमार ने घनश्यामपुर थाना का निरीक्षण

**समाज जागरण मुरारी झा**

दरभंगा एसएसपी अवकाश कुमार ने घनश्यामपुर थाना का निरीक्षण किया इस मौके पर उन्होंने विभिन्न लंबित कांडो की समीक्षा की .शराब माफिया एवम असामाजिक तत्वों पर पौनी नजर रखने वारांटी को अविलम गिरफ्तारी करने लंबित कांडो का निष्पादन करने व समय से गस्ती करने के विभिन्न बैंकों का जांच करने थाना परिसर की साफ सफाई पर ध्यान रखने सहित शराब माफियो पर नजर कसने के साथ कई अन्य निर्देश थाना प्रभारी परमानंद लाल कर्ण को दिए ।

मौके पर घनश्यामपुर थाना पुलिस पु०अ०नि० शशि भूषण सिंह संजीवन पासवान ब्रह्मदेव तुरी रत्नेश्वर कुमार चौधरी सहित सभी थाना कर्मी मौजूद रहे ।।

# चंद्रायण साधना में लीन हुए गायत्री परिवार के लोग, गुरु पूर्णिमा से कर रहे हैं साधना

**समाज जागरण**

अजय कुमार पाण्डेय औरंगाबादः ( बिहार ) जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट, औरंगाबाद के समस्त गायत्री शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ एवं चरणपीठ पर गायत्री परिजन इन दिनों चंद्रायण साधना में लीन है। ऋषियों की बताई हुई विधियों व परंपराओं का अनुसरण करने वाले लोगों ने गुरु पूर्णिमा से साधना प्रारम्भ किया है! जो निरंतर चल रही है। जो सावन महीने की पूर्णिमा तक साधना चलेगी! इसमें चंद्रमा आकार के अनुसार आहार - विहार होगा। चंद्रमा का आकार जैसे - जैसे बढ़ेगा! वैसे - वैसे आहार भी बढ़ेगा। चंद्रमा का आकार कम होने पर आहार भी कम होता जाएगा। इस साधना का मकसद महामारी उन्मूलन, सभी के निरोग जीवन, उज्जवल भविष्य, शक्ति संरक्षण तथा विश्वकल्याण है। इस संबंध में ससाराम उपजोन - समन्वयक, नीरज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चंद्रायण व्रत साधना उपजोन के ( सासाराम, कैमूर और औरंगाबाद ) तीनों जिले के समस्त शक्तिपीठों, प्रज्ञापीठों पर की जा रही



है। इस व्रत में जिस तरीके से चंद्रमा की कलाएं घटती, बढ़ती हैं! उसी तरीके से आहार - विहार में निवृत्ति के साथ में यह साधना प्रारंभ की जाती है। शुरूआत में भोजन को थोड़ा - थोड़ा सा कम करते हुए माह के मध्य भाग में एक निश्चित मात्रा में भोजन लेना और भोजन को उसी तरीके से बढ़ाना, जिस भोजन पर हमने शुरू किया था। वहां तक आना व उसके साथ में आहार निद्रा का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाता है। यह है महत्व चंद्रायण साधना के साथ में गायत्री साधना को महत्व दिया जाता है। बताया जाता है कि हमारे पाप, तापो शमन से चिंतन, चित्र, चरित्र, व्यवहार में एक प्रखरता आती है। इससे व्यक्ति का व्यक्तित्व निखरने लगता है। इस साधना को गायत्री परिजन हर साल लाखों की संख्या में करते हैं, और विश्व कल्याण की कामना करते हैं। यज्ञ में दी जाएंगी 108 आहुतियां संकल्प के साथ शुरू हुई! यह साधना गायत्री यज्ञ की पूणार्हुति देने पर समाप्त होती है। अंतिम दिन यानि श्रावण मास पूर्णिमा पर गायत्री यज्ञ के तहत 108 आहुतियां देनी पड़ती हैं। इसके अलावे उपजोन - समन्वयक नीरज कुमार सिंह ने बताया कि गायत्री यज्ञ तो साधना के दौरान हर दिन करना है।

# जन अधिकार पार्टी के पंचायत छात्र अध्यक्ष आसिफ परवेज ने बढ़ती महंगाई और प्रीपेड मीटर को लेकर विरोध।

**सुपौल दैनिक समाज जागरण /संवाददाता अख्तरुल इस्लाम।**

एक और सरकार गरीबों की दिशा और दशा बदलने को तरह तरह की योजना ला रही है वहीं दूसरी ओर आपको बता दें कि सुपौल जिला के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत धरहरा पंचायत के जन अधिकार पार्टी के छात्र नेता आसिफ परवेज ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार पर बढ़ती महंगाई और प्रीपेड मीटर को लेकर जमकर बरसे उन्होंने कहा केंद्र सरकार को जल्द से जल्द रसोई गैस पर लगाए जीएसटी को वापस कर लेना चाहिए अन्यथा इन को लेकर जन अधिकार पार्टी बड़ी आंदोलन करेंगे वहीं उन्होंने कहा गरीबों मजदूरों के मुंह के निवाले छीने का काम केंद्र सरकार कर रही हैं वही प्रीपेड मीटर को लेकर आसिफ परवेज ने कहा लगातार प्रीपेड मीटर से गरीब वर्ग के लोगों की मुश्किल है बढ़ने लगी है जबकि गरीब की आय रोज



11 से ₹15 कमाने वाले मजदूरों को प्रीपेड मीटर लगा कर सरकार उनके बच्चों का मुंह का निवाला छीनने का काम कर रही है परेशान लोगों की समस्या हमारे सामने आ रही है जहां लोगों को मात्र ₹500 का बिल आता था वही तीन हजार दो हजार का बिल आने से लोग काफी परेशान हैं वहीं उन्होंने पूरे बिहार से प्रीपेड मीटर हटाने की मांग की है ओर उन्होंने कहा जिस तरह से दिल्ली सरकार लोगों को बिजली की समस्या को लेकर निपटने का काम किया है ठीक उसी प्रकार राज्य सरकार को बिहार की जनता गरीब निशा है लोगों की बिजली जैसी समस्या से निपटना पड़ेगा साथ ही दिल्ली के सरकार केजरीवाल के द्वारा 200 यूनिट फ्री बिजली दिल्ली वासियों को दिया गया वहीं पंजाब में ढाई सौ यूनिट फ्री बिजली दे रही है वही नियम बिहार में भी राज्य सरकार जल्द से जल्द लागू करें जिससे गरीब आदमियों को राहत मिल सके

# भाजपा नगर कार्यालय बेनीपुर में आदरणीया द्रौपदी मुर्मू जी को देश के पंद्रहवी राष्ट्रपति बनने पर मिठाई बाट कर मनाई खुशी

**समाज जागरण मुरारी झा**

बेनीपुर भाजपा नगर कार्यालय पर नगर अध्यक्ष पिंटू झा की अध्यक्षता में आदरणीया द्रौपदी मुर्मू जी को देश के पंद्रहवी राष्ट्रपति जो की एक आदिवासी जनजाति परिवार से आती है उनके निर्वाचित होने पर एक कार्यकर्म रखा गया जिसमे श्री झा ने सभी उपस्थित कार्यकताओं को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दिया और देश के यशश्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी,राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जी गृह मंत्री श्री अमित शाह जी प्रदेश नेतृत्व सांसद श्री गोपाल जी ठाकुर जी और दरभंगा जिला के सभी एनडीए के विधायक जैसे विनय चौधरी जी ,संजय सरावगी जी,रामचंद्र प्रसाद जी ,जीवेश मिश्रा जिन्होंने अपना बहुमूल्य मत देकर विश्वास रूपी समर्थन दिया।।



इस कार्यकर्म में नगर मंडल के सभी मंच मोर्चा के अध्यक्ष जैसे संतोष झा,रविकांत पासवान,सुबोध कामत, शक्तिकेंद प्रमुख शिवकुमार यादव ,श्रवण झा,गोविंद ठाकुर ,संजय झा और राजीव राय,सुरेंद्र सहनी,रामभरोस पासवान,उपेंद्र पासवान,गणेश पासवान,आलोक महतो,प्रवीण पासवान, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।। जी,मुरारी मोहन झा जी ,अमन भूषण हजारी जी,स्वर्णा सिंह जी,मिश्रीलाल यादव जी,मदन सहनी जी सबों का हदय तल से धन्यवाद ज्ञापित किया

# सीबीएसई 12वीं की आज प्रकाशित रिजल्ट में दरभंगा पब्लिक स्कूल की छात्रा प्रेरणा नारायण ने लाया 92.4% प्रतिशत अंक

**समाज जागरण मुरारी झा**

बेलादुल्ला निवासी प्राध्यापक डा आर एन चौरसिया तथा विज्ञान शिक्षिका डा अंजू की पुत्री प्रेरणा नारायण ने 500 में लाया 462 अंक

स्थानीय बेलादुल्ला, दरभंगा निवासी डा आर एन चौरसिया तथा डा अंजू कुमारी की सुपुत्री प्रेरणा नारायण ने सीबीएसई 12वीं की आज प्रकाशित रिजल्ट में 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने समाज, परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। दरभंगा पब्लिक स्कूल की छात्रा प्रेरणा को 500 में 462 अंक प्राप्त हुए तथा ओवरऑल अ1 ग्रेड के साथ उसने विज्ञान संकाय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। आज दरभंगा पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल डा मदन कुमार मिश्र, निदेशक विशाल गौरव तथा सुगंधा चौधरी ने प्रेरणा को विद्यालय बुलाया और मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त किया। साथ ही साथ स्कूल के सभी शिक्षकों एवं कर्मियों ने भी अच्छे रिजल्ट की प्रेरणा को बधाई दी। सी एम कॉलेज के प्रो विश्वनाथ झा, प्रो इंदिरा झा, प्रो मंजू राय, डा प्रीति कनोडिया, डा



शशिभूषण भट्ट, डा शैलेन्द्र श्रीवास्तव, डा रीता दुबे, डा अब्दुल हई, डा अखिलेश कुमार विभू, डा मनोज कुमार सिंह, डा असदुल्लाह, डा मयंक श्रीवास्तव, डा ललित शर्मा, डा आलोक कुमार, डा रागिनी सिंह, डा सुधांशु कुमार, डा आशीष कुमार बरियार, डा सुरेन्द्र भारद्वाज, डा संदीप कुमार, डा आलोक सिंह, डा संजय कुमार पाल, डा मीनाक्षी राणा, प्रो दिव्या झा व प्रो अखिलेश राठौर सहित फातिमा, शर्मिला, सविता, कल्पना, अर्चना, मदन, डा कीर्ति चौरसिया, शंभू मंडल तथा उमाशंकर आदि ने बधाई एवं शुभकामना व्यक्त की।

प्रेरणा भविष्य में अंग्रेजी, संस्कृत या हिन्दी विषय की प्राध्यापिका बनकर छात्र-छात्राओं का भविष्य संवारना चाहती है।

ज्ञातव्य है कि प्रेरणा में पहले से ही शिक्षक के गुण दीख पड़ते हैं, जबकि उसका का बड़ा भाई प्रत्यूष नारायण आईजीआईएमएस, पटना में एमबीबीएस तृतीय वर्ष में मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है, जबकि छोटा भाई प्रणव नारायण दरभंगा पब्लिक स्कूल में छठी कक्षा का छात्र है। वहीं उसके पिता डा आर एन चौरसिया सी एम कॉलेज में संस्कृत के विभागाध्यक्ष हैं तथा माता डा अंजू कुमारी कोयलास्थान हाई स्कूल में विज्ञान की शिक्षिका हैं।

# युवा विधायक अमन भूषण हजारी पोखराम उत्तरी गांव में लगाए जनता दरबार

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

कुशेश्वरस्थान के युवा विधायक अमन भूषण हजारी आज पोखराम उत्तरी पंचायत सरकार भवन के मीटिंग हॉल में जनता दरबार लगाएं ।

जिसमें ग्रामीणों के दर्जनों समस्याओं का समाधान हेतु संबद्ध अधिकारियों से दुरभाष पर बात कर निवारण किए। साथ ही ग्रामीण कार्य विभाग से बनने वाली बोरिया- महथौर पथ, पोखराम- ददोखैरधाम सड़कों के निर्माण में हो रही लेटलतीफी पर अभियंताओं और संवेदकों को मोबाइल पर में फटकार भी लगाएं। तदुपरांत विधायक श्री हजारी प्लस टू कमला उच्च विद्यालय पोखराम का निरीक्षण किए, वहां पर आवश्यकता अनुसार वर्ग कक्ष भवन निर्माण करवाने की घोषणा किए। मौके पर रणधीर चौधरी, भाजपा जिला प्रवक्ता माधव कुमार वत्स,




युवा जदयू नेता गौरव कुमार राय, जदयू प्रखंड अध्यक्ष धिरेन्द्र चौधरी, रालोजपा प्रखंड अध्यक्ष शंकर चौधरी, जयनारायण सिंह, श्याम बहादुर चौधरी, दुगानंद चौधरी, बहुर चौधरी,मोहन चौधरी, भगवान चौधरी, विरेन्द्र पासवान, पुष्पेन्द्र चौधरी, हुलास चौधरी, कृष्ण मुरारी चौधरी, सीताराम चौधरी,हिरा चौधरी, शंभु चौधरी सहित कई ग्रामीण और एनडीए कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भाजपा कार्यकताओं की बैठक आयोजित

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

प्रखंड क्षेत्र के साकेत धाम ठाकुरबाड़ी परिसर में भाजपा कार्यकताओं की एक अहम बैठक आयोजित की गई तथा जिसकी अध्यक्षता जिला युवा मोर्चा के दीपक सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई तथा उक्त बैठक में भाजपा कार्यकताओं के द्वारा मुख्य रूप से सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के



सदस्य के प्रवास हेतु एवं आगामी 28 और 29 तारीख को कार्यक्रम को लेकर बैठक की गई तथा बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा नितिन अभिषेक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लखीसराय जिला प्रभारी युवा मोर्चा विक्की सिंह, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा दीपक सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लखीसराय विधानसभा प्रभारी सुनील सेवक, भाजपा आईटी सेल जिला सह संयोजक अमन कुमार, प्रखंड अध्यक्ष भाजपा संजीत भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अरविंद कुशवाहा, नीतीश कुमार, सोनू चंद्रवंशी, राकेश कुमार, जिला मंत्री युवा मोर्चा हिमांशु पटेल, विस्तारक सत्यम कुमार , जिला उपाध्यक्ष अमीत सागर , राजा कुमार सहित युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, एवं दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे

# शराब के नशे में दो लोग गिरफ्तार

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले के मानिकपुर पुलिस ने गुरुवार की रात्रि गश्ती के दौरान शराब के नशे में 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है तथा इस संदर्भ में मानिकपुर थाना अध्यक्ष ब्रजेश कुमार से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर संध्या मानिकपुर थाने के पुलिसकर्मी दस्त लगाने के दौरान थाना क्षेत्र अंतर्गत रेपुरा मुसहरी के समीप से शराब के नशे में जा रहे



दो लोगों को मानिकपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर चिकित्सीय जांच में पुष्टि पाए जाने के बाद मानिकपुर थाने में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है तथा गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्तों में से भीम मिश्रा और मोहम्मद कलाम हैं जो कि स्थानीय थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं दोनों अभियुक्तों के ऊपर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है

# नदी में डूब कर वृद्ध की हुई मौत

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले के मेदनी चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत झापानी गांव के समीप गंगा नदी में भैंस के सहारे नदी पार कर रहे एक वृद्ध की गंगा नदी में डूब कर मौत हो गई तथा इस संदर्भ में स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक वृद्ध सूर्यगढ़ा प्रखंड क्षेत्र के खावा राजपुर पंचायत के वार्ड संख्या 14 के रहने वाले कामों



यादव हैं जो कि भैंस की पूछ पकड़ कर गंगा नदी पार कर रहे थे अचानक बीच रास्ते में ही भैंस की पूछ छूट जाने पर गंगा नदी के गहरे पानी में चले जाने से वृद्ध की डूबकर मौत हो गई तथा उक्त घटना की खबर पाकर गंगा नदी किनारे स्थानीय ग्रामीणों की काफी भीड़ जमा हो गई जबकि उक्त घटना की खबर पाते हैं स्थानीय मेदनी चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से गंगा नदी नदी से शव निकाले जाने की पुरजोर कोशिश की जा रही है लेकिन खबर लिखे जाने तक शव गंगा नदी में ही था

# मारपीट के आरोपी को भेजा गया जेल

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है तथा इस संदर्भ में मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के ऊपर सूर्यगढ़ा थाना में मामला दर्ज था जिसके आलोक में सूर्यगढ़ा पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत रतनुपुर गांव से दिनेश शाह पेसर मिश्री शाह को गिरफ्तार कर लखीसराय जेल भेज दिया गया है

# पुलिस ने जमीन में गड़े लाखों रुपए का अंग्रेजी शराब किया बरामद

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/बिहटा**

पटना/बिहटाः- बिहटा में देर रात पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कनपा रोड स्थित लाइन होटल में छापामारी के दौरान काफी भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। मिली जानकारी के मुताबिक शराब माफियाओ ने एक झोपड़ी नुमा होटल के पीछे मिट्टी के अंदर शराब जमीन में गाड़ कर और छुपा कर रखा गया था। वही होटल में अलग अलग ब्रान्ड का शराब मिला है।बताया जा रहा है कि लगभग 300 लीटर मौके से शराब बरामद किया गया है। जिसकी कीमत बाजार में पन्द्रह लाख बताया जा रहा है।मौके से पुलिस ने एक होटल कर्मी



को भी गिरफ्तार किया है।और उससे पूछताछ किया जा रहा है। पूरी मामला की जानकारी देते हुए बिहटा थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि हम लोगों को गुप्त सूचना मिली कि कनपा रोड स्थित शिवम लाइन होटल में शराब बेचा जा रहा है। जिसके बाद हम लोग ने एक टीम गठित करके गुरुवार को बीते रात छापामारी की छापामारी के दौरान काफी भारी मात्रा में अलग अलग ब्रांड के अंग्रेजी शराब बरामद किया गया लगभग तीन सौ लीटर होटल से शराब पकड़ा गया जिसका बाजार में कीमत लगभग पन्द्रह लाख बताया जा रहा है। मौके से एक होटल कर्मी को भी गिरफ्तार किया गया है।वही अन्य लोग अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

# बाल कल्याण के दस बच्चों ने प्राप्त किए 90 प्रतिशत से अधिक अंक,सौ प्रतिशत परिणाम

**समाज जागरण मुरारी कुमार झा दरभंगा**

शुक्रवार को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,नई दिल्ली के द्वारा प्रकाशित 10वीं के परीक्षाफल में ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित बाल कल्याण पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शानदार परिणाम प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है।

प्राप्त परिणाम के अनुसार दस छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किया है जिसमे रिमझिम जैसवाल 94% ,सचिन शेखर 94%,त्रिपुरारी पाठक 94%,श्रुति सिंह 94%,हर्ष कुमार 92 %,अंकित कुमार जैसवाल 92%अमन चौधरी 91%,ज्ञान प्रकाश 90%,हर्ष कुमार ठाकुर 91%, 90%,प्रेमानन्द झा 90% एवं श्रुति मौर्या ने 90% अंक प्राप्त किया।वही पचास से अधिक बच्चों ने 80% से ऊपर अंक प्राप्त किया।विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा।विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट परिणाम लाने से विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ विद्यालय प्रबंधन भी खुश है।परिणाम के बाद विद्यालय के सचिव विनोद मिश्र ने शुभकामना देते हुए कहा कि बच्चों के द्वारा बेहतर परिणाम से विद्यालय की प्रतिष्ठा में चार चाँद लग गया है।

बच्चों के सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।वही प्रबन्धक अमीर चन्द्र झा और प्राचार्य सोनी कुमारी ने बच्चों की सफलता पर बधाई दिया।घनश्यामपुर प्रखंड के पाली गाँव अवस्थित बाल कल्याण पब्लिक स्कूल के द्वारा लगातार शानदार परिणाम लेन का सिलसिला जारी है।

## सावन मास की पहली बारिश धान के लिए अमृत तो गन्ना के लिए नुकसान साबित।

**समाज जागरण संवाददाता गौनाहा**

गौनाहा / गुरूवार को शाम में झमाझम बारिश से लोगों को जहां गर्मी भरी उमस से राहत मिली है वही धान की फसलों के लिए अमृत वरदान साबित हुआ है। लेकिन वहीं दूसरी तरफ गन्ना फसलों की भारी क्षति भी उभर कर सामने आई है। काफी दिनों से बारिश नहीं होने के कारण खेत बिल्कुल सुखा सा पड़ गया था। जब महीनो बाद बारिश हुआ तो मिट्टी की सतह पूरी तरह गीली हो गई जिसके कारण सैकड़ों



एकड़ सीओ 0238 प्रजाति के गन्ना अधिक उपज के कारण मानसूनी हवा के तेज झोंके से धराशाई होगई है । बताते चलें कि प्रखंड अंतर्गत महुई, सोनबरसा, लक्षनौता, मटियरीया, तुरकौलिया, मेहनौल,डरौल, बेलसंडी आदि अनेकों गावं के किसान गन्ना फसलो की बर्बाद होने पर दुख जाहिर करते हुए मटियरिया पंचायत के किसान बदरी राय, महुई के रमेश महतो, गोपाल महतो, रामेश्वर महतो, मेहनौल पंचायत लछनौता गांव के बुची शाह ,अंसारी मियां आदि किसानों ने बताया कि हम लोग के गन्ना का सभी फसल बर्बाद हो गया है जिसके चलते हम लोग बहुत दुखी हैं।

## छापेमारी के दौरान 5 लीटर शराब जप्त : एक को जेल।

**समाज जागरण संवाददाता गौनाहा**

गौनाहा / मटियरिया थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव में हुई छापेमारी के दौरान पुलिस ने जहां 5 लीटर चुलाई देशी शराब बरामद की है । वही सोन बरसा बाजार चौक से नशे की हालत में एक शराबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया है कि गुरुवार को संध्या गस्ती के दौरान हुई छापेमारी में जहां सोनबरसा गांव के सर्वेश




उरांव के घर से 5 लीटर चुलाई देशी शराब बरामद की गयी है । वही कारोबारी मौके से फरारा होने में सफल रहा है । जबकि तूमहवा मटियरिया गांव निवासी नंदलाल महतो पिता रामवृक्ष महतो को सोनबरसा बाजार चौक से शराब पीकर नशे की हालत में अनावश्यक लोगों से विवाद करने के हालत में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है वहीं कारोबारी सर्वेश उरांव के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है ।

## बगहा एसपी ने किया चिउटहा थाने का निरीक्षण, दिये कई निर्देश

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

बगहा पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव ने शुक्रवार को चिउटहा थाना का किया निरीक्षण. इस दौरान एसपी ने थानाध्यक्ष को कई निर्देश दिया.साथ ही उन्होंने थानाध्यक्ष को निर्देश देते हुये कहा कि सभी अभिलेखों को अपडेट रखें.तथा वारंटी सहित शराब कारोबारी व बालू माफियाओं को नकेल कसने में कोई कोताही नहीं बरतें. वही पत्रकारों से बात करते हुये कहा कि यह रूटीन निरीक्षण है. जो साल में दो से तीन बार निरीक्षण किया जाता है. जिसमें पुलिस जवानों के रहने सहने पुलिस गाड़ियों के परिचालन तथा महिला सिपाहियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो.

## शिक्षक बहाली की शिथिल रवैये ने अभ्यर्थियों की उड़ाई नींद। 5 अगस्त से अनिश्चित कालीन धरने का आह्वान!

**समाज जागरण पश्चिम चंपारण(बेतिया)**

भावी प्रारंभिक शिक्षक संघ बिहार के सभी संघर्षशील भावी शिक्षक अभ्यर्थियों ने बहाली की प्रक्रिया में सुस्ती को देखकर चिंता जताया है। आप सभी को ज्ञात हो कि मई 2022 माह के आंदोलन के निष्कर्ष में बिहार के शिक्षा विभाग द्वारा पत्रांक 566 में इंगित किया गया कि जुलाई 2022 के अंतिम सप्ताह में सातवां चरण प्राथमिक शिक्षक बहाली विज्ञप्ति जारी कर दिया जायेगा।




जुलाई का अंतिम सप्ताह भी आ चुका हैं, अभी तक विज्ञप्ति को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई हैं।

सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए 5 अगस्त 2022 शुक्रवार से अनिश्चितकालीन भावी प्रारंभिक शिक्षक संघ अपने बैनर तले सातवां चरण प्राथमिक विज्ञप्ति जारी करने हेतु आंदोलन करेगी।

## जिले में फर्जी डॉक्टर का भरमार चिन्हित के लिए टीम गठित:-अभिजीत कुमार

### स्वास्थ विभाग के लापारवाही के कारण कंपाउंड बन बैठे हैं डॉक्टर।।

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

मानवाधिकार इमरजेंसी सोशल हेल्पलाइन( अपराध एवं सामाजिक सुरक्षा) के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध सुसंगत कार्रवाई के लिए अपने कार्यालय में एक बैठक कर गोपनीय टीम का गठन किया है इस संदर्भ में प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि जिले के विभिन्न इलाकों से सूचना प्राप्त हो रही है कि बिना एमबीबीएस, बीएएमएस बीयूएमएस के डिग्री के बजाप्ता बोर्ड लगाकर दलालों के माध्यम से शहर के बीचोबीच बेंता हॉस्पिटल



रोड एवं जिले के विभिन्न ना थाना क्षेत्रों में दर्जनों फर्जी डॉक्टर बिना डर भय के अपना अवैध किलनिक ,नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटल का संचालन कर लाखों रुपए की अवेध कमाई की जा रही है स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य विभाग सुस्त दिखाई पड़ रही है सिविल सर्जन एवं अन्य आला अधिकारी द्वारा भी जांच कर कार्रवाई की बात कह मामले को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं जिस कारण ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों का मनोबल बढ़ता जा रहा है और इसका खामियाजा मरीज को भुगतना परता है कई ऐसे तथाकथित डॉक्टरों का साक्ष्य मिला है जो पूर्व में किसी डॉक्टर के यहां बतौर कंपाउंडर के रुप में कार्य कर चुके हैं ऐसे फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट एवं भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं में कार्रवाई होना बेहद आवश्यक है आगे प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि गठित टीम के सदस्यों को अलग-अलग कार्यक्षेत्र दिया गया है जिसका कार्य फर्जी डॉक्टरों और अवैध पैथो जांच घर एवं अल्ट्रासाउंड को चिन्हित कर प्रदेश कार्यालय में रिपोर्ट सौंपना है।

## जिलाधिकारी ने की नगर निगम, बेतिया द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा।

**समाज जागरण समीर कुमार**

जिलाधिकारी, श्री कुंदन कुमार द्वारा आज कार्यालय प्रकोष्ठ में नगर निगम, बेतिया द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर निगम द्वारा जल निकासी हेतु अबतक किया गया कार्य अच्छा है। शहर के सभी बड़े-छोटे नालों की साफ-सफाई नियमित रूप से होनी चाहिए ताकि अत्यधिक वर्षा की स्थिति में सुगमतापूर्वक जल निकासी हो सके।

उन्होंने कहा कि क्विक रिस्पॉस टीम को आवश्यक संसाधनों के साथ हमेशा तैयार रखी जाय ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित गति से जल की निकासी करायी जा सके। उन्होंने निदेश दिया कि आवश्यकतानुसार ड्रेनेज सिस्टम में जाली का अधिष्ठापन कराना सुनिश्चित किया जाय ताकि नाला अवरूद्ध होने की समस्या से बचा जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि जल निकासी के साथ-साथ शहर की साफ-सफाई भी समुचित तरीके से कराना सुनिश्चित किया जाय। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन नियमित रूप से करायी जाय। साथ ही शहर के वैसे स्थलों को चिन्हित किया जाय, जहां मुहल्लेवासी कचरा वगैरह एकत्र करते हैं। ऐसे जगहों पर पर्याप्त कैपिसिटी वाला बॉक्स रखा जाय और उसका भी नियमित रूप से उठाव कराना सुनिश्चित किया



जाय। साथ ही नगर निगम के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर मॉड्यूलर शौचालय का अधिष्ठापन कराना सुनिश्चित किया जाय।

आयुक्त, नगर निगम द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कराया जा रहा है तथा सड़कों की साफ-सफाई करायी जा रही है। कुछ जगहों पर लोग सड़क और नालों में कूड़ा-कचरा फेंक दे रहे हैं, जिससे परेशानी हो रही है। ऐसे लोगों को चिन्हित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि शहर में लगने वाले जल जमाव को तुरंत निष्पादित करने के लिए 05 क्विक रिस्पॉस टीम का गठन किया गया है, जिसमें अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाईकर्मी शामिल हैं। इनके द्वारा लगातार निरीक्षण, पर्यवेक्षण किया जा रहा है तथा आमलोगों की समस्याओं का शत-प्रतिशत निदान किया जा रहा है। वार्ड नंबर-01 से 09, 10 से 18, 19 से 26, 27 से 32 तथा 33 से 45 तक के वार्ड के लिए अलग-अलग क्विक रिस्पॉस टीम का गठन किया गया है।

उन्होंने बताया कि आमलोगों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए नगर निगम कार्यालय में जन शिकायत कोषांग क्रियाशील है, जिसका दूरभाष संख्या-06254-240128 है। जन शिकायत कोषांग के सफल संचालन के लिए अधिकारियों तथा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है, जो लगातार अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निवर्हन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सड़क, नाली में कचरा फेंकने वालों को चिन्हित करते हुए नियमानुसार जुमार्ना किया जाय। साथ ही सड़क अथवा नालों में कचरा नहीं फेंकने के लिए शहरवासियों को जागरूक भी कराना सुनिश्चित किया जाय।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, श्री अनिल कुमार, अपर समाहर्ता, श्री नंदकिशोर साह, एसडीएम, बेतिया, श्री विनोद कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बनाहवा परसा विद्यालय में जल जमाव से बच्चों हो सकते हैं बीमार।

**समाज जागरण संवाददाता गौनाहा**

गौनाहा / प्रखण्ड के महुई पंचायत के वार्ड संख्या एक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में जल जमाव के कारण बदबू आने से शिक्षक और छात्रो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही ग्रामीण सरिता देवी , शिखा देवी , शिला देवी , अमरावती देवी , प्रिया देवी आदि ने बताया कि इस विद्यालय में एक हैंड पंप है। जीससे विद्यालय के बच्चे व शिक्षको को पीने से लेकर मध्यान भोजन बनाने तक का पानी उपलब्ध होता है। लेकिन बरसात का सीजन शुरू होते ही उसका पानी विद्यालय परिसर में जमा होकर सड़ने लगता है जिससे संक्रमित बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। उक्त विद्यालय में पानी निकासी का कोई दूसरा रास्ता नही है जिसके चलते बरसात हैंडपंप की पानी भी विद्यालय प्रांगण में इकट्ठा हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि




बदबू के कारण इस विद्यालय में बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ मध्यान भोजन करने में भी बहुत परेशानी होती है। बहुत बच्चे इस विद्यालय परिसर में खाना भी नही खाते है । और बहुत बच्चे खाना खाते समय उल्टियां भी करने लगते हैं। वही प्रधानाध्यापक परमेश्वर सिंह ने बताया कि इस विषय मे सम्बन्धित पदाधिकारी को अनेको बार लिखित आवेदन दिया गया है। लेकिन विभाग के तरफ से अभी तक कोई कदम नही उठाया गया। और प्रधानाध्यापक ने दुःख व्यक्त करते हुए बताया कि इस विद्यालय में चहार दिवारी कराना भी अति आवश्यक है। वही पँचायत के मुखिया शहर चौधरी ने बताया कि बरसात के मौसम समाप्त होते ही इस विद्यालय के पानी निकासी के लिए नाली व चहारदीवारी कार्य करवाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी।

## भैरोगंज में अवैध रूप से दर्जनों क्लिनिक का हो रहा संचालन स्वास्थ्य विभाग अनभिज्ञ

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

भैरोगंज बाजार में अवैध रूप से, धड़ल्ले से क्लिनिक का संचालन किया जा रहा है. बगैर डिग्री के बिना बोर्ड लगाए चिकित्सक बेफिक्र मरीजों का इलाज करते हैं.वही डॉक्टर के द्वारा मरीजों के जिंदगी से खिलवाड़ किया जाता रहा है. कुछ ऐसे क्लिनिक हैं - जहां ऑपरेशन भी किए जाते है. एक दो क्लिनिक के आगे डिग्री धारी डॉक्टर का बोर्ड लगा दिया गया है. परंतु चिकित्सक का कार्य झोलाछाप डॉक्टर ही करते हैं. जांच में आने वाले अधिकारियों को भ्रमित करने के लिए यह बोर्ड लगा दिया गया है. भगवान भरोसे भैरोगंज के मरीजों का काम चलता है.

प्राप्त खबरों के मुताबिक भैरोगंज बाजार में दर्जनों क्लिनिक का संचालन बगैर डिग्री के चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जाता है. हालांकि चिकित्सक सतर्क रहते हैं. जहां किसी पदाधिकारी के आने की भनक मिलते ही चिकित्सक फटाफट किलनिक बंद कर फरार हो जाते हैं. इस संदर्भ में बगहा एपीएससी प्रभारी सूर्यनारायण महतो ने बताया कि बहुत जल्द भैरोगंज में अवैध रूप से संचालन कर रहे झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध छापेमारी की जाएगी. छापेमारी के दौरान पकड़े गए चिकित्सकों को बख्शा नहीं जाएगा.

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए सामुदायिक शौचालय का स्थिति जर्जर

**समाज जागरण**
**बगहा से नीरज मिश्रा**

बगहा, नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 21 में नगर परिषद के द्वारा बनाए गए हैं स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत सामुदायिक शौचालय जिसका स्तिथि हद से बदतर है किस शौचालय 3,86,826 रुपए की लागत से बना हुआ हैं। लेकिन इस सामुदायिक शौचालय का उपयोग वार्ड के लोग अभी नहीं कर पाए हैं। बावजूद इसके सभी शौचालय के दरवाजे टूट चुके हैं और वहां पर लगे चपाकल भी वहा से गायब है अब ऐसे में लोग इस सामुदायिक शौचालय में शौच करने जाए तो कैसे इससे अब यही पता है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी




चलता है कि सरकारी संपत्ति का नुकसान किया जा रहा है और 5 साल बेमिसाल यूं ही फेल दिख रहा के अनुसार जब से या शौचालय बना है इस शौचालय में अभी तक कोई व्यक्ति सोच नहीं किया है

## दिव्यांगों को भी मिले मनरेगा में जाब, संघ ने प्रखंड प्रोग्राम अधिकारी को लिखा पत्र।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा बगहा/हरनाटांड़**

बिहार पीडब्ल्यूडी संघ ने प्रखंड प्रोग्राम अधिकारी को छः मांगो का एक ज्ञापन सौंपा है। प्रोग्राम अधिकारी को दिए ज्ञापन में संघ ने दिव्यांग जनों को मनरेगा के अंतर्गत रोजगार सहित छः सूत्री मांगों को लिखा है। बगहा पीडब्ल्यूडी संघ ने अपने पत्र में मांग किया है कि दिव्यांगों को उनकी क्षमता के अनुसार कार्य दिया जाए। उनमें स्किल डेवलपमेंट, वध पोषक हरियाली में नियुक्ति, बकरी एवं गाय शेड के निर्माण, क्षेत्र में जहां कहीं भी मनरेगा के तहत कार्य हो रहा है वहां पर दिव्यांग जनों को मौका मिले, मोमबत्ती,अगरबत्ती, पेपर लिफाफा



बनाने के लिए इनको प्रशिक्षण दिया जाए। ताकि सभी दिव्यांग आत्मनिर्भर बन सके तथा अपनी जीविका चला सके।

पीडब्ल्यूडी संघ बगहा के अध्यक्ष दिव्यांग रुदल कुमार ने बताया कि दिव्यांग किसी के मोहताज नहीं है। वे चाहते हैं कि उन्हें सरकार के तरफ से आत्मनिर्भर बनने का मौका दिया जाए ताकि वे अपने व अपने परिवार की जीविका चला सके। इसी संबंध में बगहा दो प्रखंड के प्रोग्राम अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में दिव्यांगों के लिए छः सूत्री मांग रखी गई है जिस पर प्रोग्राम अधिकारी ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

## जिलाधिकारी द्वारा फीता काटकर ग्रामीण विकास शिविर का किया गया विधिवत उद्घाटन।

### दूरस्थ क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए सरकार एवं जिला प्रशासन कृतसंकल्पित : जिलाधिकारी।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभुकों को समयबद्ध तरीके से आसानी से दिलाने के लिए किया जा रहा है मिशन मोड में कार्य।

बगहा- सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय जनता को सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने, स्थानीय स्तर पर प्रशासन की सभी इकाईयों के माध्यम से सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाने एवं जन शिकायतों को दूर करने के लिए आज बगहा अनुमंडल अंतर्गत मधुबनी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत राज तमकुहाँ के राजकीय उ0 मा0 विद्यालय, तमकुहाँ में "आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम" के तहत ग्रामीण विकास शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से सैकड़ों निवासियों को लाभ पहुँचाया गया।

जिलाधिकारी, पश्चिमी चम्पारण, बेतिया, श्री कुंदन कुमार द्वारा फीता काटकर ग्रामीण विकास शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व विभाग, आपूर्ति विभाग, पशुपालन विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग आदि विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों का मुआयना किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों, कर्मियों एवं लाभुकों से विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी ली गयी।

ग्रामीण विकास शिविर में स्वास्थ्य के 411, कोविड टीका के 60, कोविड जाँच के 378, ब्लड टेस्ट के 102, कृषि के 09, शिक्षा के 02,आवास योजना के 54, सामाजिक सुरक्षा के 25, जन्म-मृत्यु के 02, अंचल कार्यालय के 17, मनरेगा के 17, मातृ वंदना के 04 कन्या सुरक्षा के 01,राशन कार्ड के 28, पशुपालन के 40, पशुपालक दवा वितरण के 114, बिजली के 20 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया।

इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुँचे ग्रामीणों वीरेंद्र मद्देशिया, छविलाल बैठा, हरिमोहन प्रसाद सिंह, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, रामभरोस कुशवाहा, कैफ अंसारी, रमाशंकर यादव, संगीता देवी, फूल कुमारी, विनोद राम, वंशी खटिक, कुसमी देवी, फुलवा देवी, फूलमती देवी, बंधु राम आदि को जिलाधिकारी ने सुना और समस्याओं का निष्पादन कराया तथा कुछ मामलों का निष्पादन नियमानुकूल तरीके से अविलंब कराने का निदेश अधिकारियों को दिया।

इंदिरा आवास की शिकायत लेकर पहुँची फुलवा देवी ने बताया कि वह बैरवा बाजार



मुशहरी की रहने वाली है। उसे रहने के लिए पक्का मकान नहीं है। वार्ड सदस्य रमेश हरिजन द्वारा इंदिरा आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए 10 हजार रुपया भी ले लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा इसे अत्यंत गंभीरता से लिया गया और एसएचओ को तुरंत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही बीडीओ को निदेश दिया गया कि उक्त फरियादी की समस्या का निराकरण कराना सुनिश्चित किया जाय।

शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से बातचीत के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र में जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर ग्रामीण विकास शिविर का आयोजन किया गया है। स्थानीय प्रशासन द्वारा लगातार इस क्षेत्र की समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभुकों को समयबद्ध तरीके से आसानी से मिल जाया करे, इस हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा है। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण विकास शिविर इसका उदाहरण है। ऐसे कई शिविर लगाकर यहाँ के सभी लाभुकों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

इस दौरान जिलाधिकारी से स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मिले और अपनी-अपनी बातों को रखा। सभी जनप्रतिनिधि काफी खुश थे और जिलाधिकारी के आगमन को लेकर उन्हें धन्यवाद दिया। जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों से विद्यालय संचालन सहित अन्य विषयों से संबंधित फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधिगण बच्चों, युवाओं के लिए बेहतर प्रयास करें ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। उन्होंने कहा कि अपने-अपने पंचायत को बेस्ट बनाएं, आदर्श पंचायत बनाएं। इससे पंचायत के विकास के साथ-साथ प्रखंड, जिला, राज्य और देश का विकास होगा।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता, श्री अनिल राय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, श्री मो0 इमरान, विशेष कार्य पदाधिकारी, श्री वैद्यनाथ प्रसाद सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## लगुनाहा-चौतरवा पंचायत के अहिरौलिया राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय लगुनाहा (अनु0 जाति) बगहा एक के परिसर में विकास शिविर का हुआ आयोजन।

**समाज जागरण**
**बगहा से नीरज मिश्रा**

बगहा एक प्रखंड के लगुनाहा चौतरवा पंचायत में आयोजित विकास शिविर में विभिन्न योजनाओं से वंचित लाभुकों की भारी संख्या उमड़ी। पंचायत की मुखिया शैल देवी ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्र के निर्देश के आलोक में आयोजित विकास शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन ,कन्या विवाह योजना, बिहार शताब्दी कुष्ठ कल्याण योजना, सभी प्रकार के विकलांग, वृद्धजन जो सरकारी लाभों से वंचित है उनकी भारी भीड़ उमड़ी। शिविर राजकीय उत्क्रमित



माध्यमिक विद्यालय लगुनाहा ( अनु0 जाति) बगहा एक के परिसर में लगाया गया था। जिसमें लाभुकों के सहायतार्थ सभी वार्डों के वार्ड सदस्य जुटे हुए थे। साथ ही पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि आनंद शाही लाभुकों से उनकी परेशांनी पूछताछ कर रहे थे।उन्होंने बताया कि विभिन्न योजनाओ से वंचित लाभुकों की संख्या लगभग 274 तक पहुंच गई थी। आवेदनों को मौके पर जांचकर ऑन लाइन दर्ज कराया जा रहा था।

## बोर्ड एग्जाम में सिटी मांटेसरी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम। 93 प्रतिशत अंक के साथ रविकेश कुमार बने टॉपर ।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

बोर्ड एग्जाम का रिजल्ट सीबीएसई द्वारा जारी करते ही छात्रों के चेहरे पर खुशियाँ दौड़ पड़ी. लम्बी प्रतीक्षा के बाद बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया. सुबह से ही छात्रों में रिजल्ट जानने की उत्सुकता रही. सिटी मांटेसरी पब्लिक स्कूल के छात्रों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा. 93 प्रतिशत अंक के साथ रविकेश कुमार विद्यालय टॉपर रहे. खुशी के इस पल में विद्यालय प्रबंधक सौरभ के.स्वतंत्र ने सभी परीक्षार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस परीक्षा में विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा. उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन शिक्षकों और छात्रों के परिश्रम का फल है. गौरतलब है कि रविकेश कुमार ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया तो वही धनंजय कुमार ने 90 प्रतिशत, आकृति कुमारी 89 प्रतिशत, मो. अमार 88 प्रतिशत, शीतल कुमारी और कुमारी आकांक्षा गुप्ता ने 87 प्रतिशत अंक अर्जित किया. वही अमीषा, रिया एवं नितंजय यादव ने 85%, हर्ष एवं इकरा तब्बसुम ने 84 प्रतिशत अंक अर्जित किया. दीपू कुमार एवं कार्तिक ने 82% प्रतिशत, गुडिया कुमारी 81 प्रतिशत, लक्की कुमार 80 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रौशन किया. वही शुभमपति तिवारी, नीलम तथा आयुषी प्रभा का भी प्रदर्शन सराहनीय रहा. विद्यालय के इस प्रदर्शन पर प्रधानाचार्या डा. सीमा स्वधा ने कहा कि अगर मन में लगन हो तो कोई भी चीज असंभव नहीं है. मौके पर विद्यालय निदेशक प्रमोद गुप्ता, शैक्षणिक प्रबंधक प्रिया कुमारी, सहायक शिक्षक राकेश कुमार पाण्डेय, संजय कुमार वर्मा, राकेश तिवारी, आसिफ खान, उदय प्रताप सिंह, नरेन्द्र श्रीवास्तव, धीरज चौबे, निरंजन त्रिपाठी, प्रभुनाथ मिश्र, रामाकांत प्रसाद, धनञ्जय यादव, दीपक कुमार, फरहान खान, विरंजन राव,पंकज मिश्र, अभिलाष कुमार, जय प्रकाश श्रीवास्तव उपस्थित थे.

## 65वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बगहा के प्रांगण मे वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ आयोजन।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

65वी वाहिनी के मुख्यालय प्रांगण मे वृक्षारोपण कार्यक्रम श्री आर बी सिंह, उप कमांडेंट (कार्यवाहक कमांडेंट) 65वी वाहिनी कि अगुआई मे किया गया। इस कार्यक्रम मे क्छक्छक ाङ्घ४ल्लाँ३ङ्क्ल्ल, नौरंगिया, पश्चिमी चंपारण, बिहार के श्री मुकुल कुमार तथा श्री शैलेश कुमार भी शामिल हुए जिसमे जामुन के 6, अमरूद के 6 कुल 12 पौधे लगाए गए ।

कार्यवाहक कमांडेंट महोदय ने बल कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाएं। इसके अलावा अपने लगाए गए पौधे कि जिम्मेदारी के साथ ही इसका हमेशा खयाल रखें तथा अगर किसी कारण वस पौधे सूखते है तो उसके स्थान पर नए पौधे लगाना सुनिश्चित करें ।

बताते चले कि 65वी वाहिनी के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कुल 20,000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके अंतर्गत अभी तक कुल 1693 पौधे लगाए जा चुके है। इसमे जामुन, अमरूद, गुलमोहर, आम, लिची, अनार, कटहल, गम्हार, बकेन, मूलचेरी, अशोक, टिक, पीपल, बनयान इत्यादि के पौधे 65वी वाहिनी के सीमा चौकियों व वाहिनी के कार्य क्षेत्र मे लगाए जा चुके है ।

आज के कार्यक्रम मे श्री आर बी सिंह, उप कमांडेंट (कार्यवाहक कमांडेंट) 65वी वाहिनी, श्री सौरभ कुमार उप कमांडेंट 65वी वाहिनी, ICICI foundatio, नौरंगिया,




पश्चिमी चंपारण, बिहार के श्री मुकुल कुमार तथा श्री शैलेश कुमार, निरीक्षक सामान्य रितेश कुमार, उप निरीक्षक सामान्य सुरेश कापड़ी, सहायक उप निरीक्षक सामान्य रौशन लाल ठाकुर के अलावा अन्य बल कर्मी के द्वारा वृक्षारोपण किया गया ।

## मधुबनी पुलिस को मिली कामयाबी हथियार के साथ 7 अपराधी अरेस्ट, बड़े वारदात की थी योजना

**समाज जागरण मुरारी झा**

मधुबनी : खबर है मधुबनी से जहां पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि इलाके में कुछ अपराधी किसी बड़े वारदात को अंजाम देने के फिराक में एकत्रित हुए हैं। वहीं पुलिस ने छापा मार कर मौके से 7 हथियारबंद अपराधियों को अरेस्ट कर लिया है।

मामला मधुबनी के जयनगर थाना क्षेत्र के बस स्टैंड इलाके का है। जहां पुलिस को गुप्त सूचना मिलने के बाद एसपी सुशील कुमार ने डीएसपी विप्लव कुमार के नेतृत्व में स्पेशल टीम का गठन किया। छापेमारी में पुलिस ने 7 हथियारबंद अपराधियों को अरेस्ट कर लिया। गिरफ्तार अपराधी में गुरुदेव कुमार ,नितेश कुमार ,प्रेम कुमार, सुमन कुमार ,प्रमोद कुमार और मनोज कुमार शामिल है। अपराधियों के पास से दो लोडेड पिस्टल 5 जिंदा कारतूस 9 मोबाइल व दो बाइक बरामद किया गया है।

वहीं पुलिस की माने तो ये अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए जुट रहे थे। गुप्त सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर सभी को गिरफ्तार कर लिया। इन अपराधियों का इतिहास खंगालने में पुलिस जुट गई है। आशंका जताया जा रहा है कि जयनगर में हुए कई मामलों का उद्भेदन करने में पुलिस को इससे सफलता मिल सकती है ।

## 21 जुलाई को राणीश्वर प्रखंड के बृन्दाबानी पंचायत के निपनिया तरनि गांव में भारतीय जनता पार्टी रानीश्वर मंडल कमिटी द्वारा

दैनिक समाज जागरण दुमका (सुधांशु शेखर)

देश के पहला आदिवासी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी के बेमिशाल जीत के खुशी में आदिवासी परम्पराओ के तहत नित्य-गीत का आयोजन किया गया।भाजपा नेत्री सह पंचायत समिति सदस्य सेफली हांसदा के नेतृत्व में ग्राम के महिलाओं ने कार्यक्रम में बर चरकर हिस्सा लिया।देश के आदिवासी महिला राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर ग्राम के महिलाओं ने खुशी जाहिर किया।पंचायत समिति सदस्य सेफली हांसदा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने देश के आदिवासियों को जो सम्मान दिया ,बह आज तक किसी ने सोचा भी नही,उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व को आभार ब्यक्त किया।मोके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य बीमाम सिंह के कहा कि काँग्रेस सहित सभी आंचलिक दल ने आदिवासीओं को वोट बैंक के तहत उपोजोग किया लेकिन भाजपा के आदिवासीओ को उचित सम्मान दिया।मोके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रघुनात दत्त,जिला परिषद सदस्य बिमान सिंह,सोमन घोष,कार्तिक घोष,सुमन घोष,ग्राम प्रधान विशेश्वर किस्कु,जोसेफ मुर्मू,उत्पल चेतरेजी,मनोज कुमार हेम्ब्रम,प्रोमोड हेम्ब्रम,सहित सभी ग्रामवासी उपस्थित थे।



## द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर आदिवासियों ने जताई खुशी,दी शुभकामनाएं

दैनिक समाज जागरण दुमका (सुधांशु शेखर

दुमका सांसद सुनील सोरेन के तार बंधा स्थित आवास में आदिवासियों ने परम्परागत नृत्य गीत के साथ द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर किया खुशी का इजहार



जामा प्रखंड क्षेत्र के तारबंधा गांव स्थित दुमका सांसद सुनील सोरेन के आवासीय परिसर में गुरुवार को झारखंड की प्रथम महिला राज्यपाल रह चुकी आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर आदिवासियों ने खुशी जाहिर की एवं जीत की शुभकामनाएं दी। अवसर पर आदिवासी महिला पुरुषों ने परम्परागत नृत्य गीत के साथ पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर खुशी का इजहार किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सीताराम मिश्रा, शोले मरांडी, शोमाय सोरेन, हेमलाल हेंब्रम, रुसीलाल हेंब्रम, करनेल हांसदा, सेवाधन हांसदा, बाबु सल हेंब्रम ,नरेंद्र हांसदा ,सुरेश मरांडी, नागेश्वर पूजहर सहित अन्य मौजूद थे

## शिकारीपाड़ा थाने के एसआई विनय कुमार और सुग्ना मुंडा , सरैयाहाट एवम हंसडीहा थाना के बने थाना प्रभारी

दैनिक समाज जागरण शिकारीपाड़ा/दुमका

शिकारीपाड़ा थाना के पुलिस अवर निरीक्षक विनय कुमार सरैयाहाट थाना के थाना प्रभारी, एवं शिकारीपाड़ा थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सुगना मुंडा हंसडीहा थाना के थाना प्रभारी बने,



इसको लेकर पुलिस अधीक्षक दुमका ने निर्देश जारी किया है। जारी किया गया निर्देश में कहा है कि पुलिस अवर निरीक्षक अनुज प्रसाद यादव थाना प्रभारी सरैयाहाट को प्रशासनिक के दृष्टिकोण से निर्लंबित करते हुए पुलिस केंद्र वापस किया जाता है एवं थाना प्रभारी सरैयाहाट के पद पर पुलिस अवर निरीक्षक विनय कुमार शिकारीपाड़ा को पदस्थापित किया जाता है। और हंसडीहा के पुलिस अवर निरीक्षक आकृष्ट अमन थाना प्रभारी हंसडीहा को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित करते हुए जरमुंडी थाना में पदस्थापित किया जाता है और सुगना मुंडा को हंसडीहा थाना के थाना प्रभारी बनाया जाता है

साथ ही थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है

## धूमधाम से की बाबा जरलाही की पूजा भक्तों का लगा तांता

दैनिक समाज जागरण संवाददाता/ झारखण्ड

मोहनपुरः प्रखंड के झालर पंचायत के अजुर्ना गांव में शुक्रवार को बाबा जरलाही पूजा बड़े ही परंपरागत तरीके से किया गया। पूजा अर्चना को लेकर अहले सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा । इस दौरान श्रद्धालु कतार बद लाइन में खड़े होकर पूजा करते नजर आए। पूजा को लेकर काफी उत्साह का माहौल था महिलाओं द्वारा भक्ति गीत गाकर पूरे माहौल को भक्ति में बनाए रखा पूजा में ग्रामीण महिला की संख्या अधिक थी यहां के स्थानीय लोग बताते हैं कि दूरदराज से भी श्रद्धालु पूजा करने आते हैं। साथी महिला ने अपने अपने घरों में पकवान बनाकर उसका प्रसाद चढ़ाया। पुजारी द्वारा बाबा का प्रसाद चढ़ाकर श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। परंपरा एक ढंग से बलि दी गई।।



## श्रावण मास में भगवान भोले नाथ को जल चढ़ाने का सिलसिला शुरू हो गया है।

दैनिक समाज जागरण गिरिडीह प्रतिनिधि

बड़ी संख्या में कांवरियां भगवा वस्त्र धारण किए हुए जयकारे के साथ नाचते गाते बाबा धाम के लिए रवाना हुए। शहर से लेकर ग्रामीण इलाके बाबा के जयकारे से गूंजते रहे। कई स्थानों पर कांवरियों का स्वागत किया गया। गुरूवार की संध्या शिवसेना ग्रुप द्वारा शहर के गार्डना गली से बभनटोली स्थित मां दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात जुलूस गाजे बाजे धूम धाम के साथ सुल्तानगंज के लिए रवाना हुए। वहां से जल लेते हुए बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना होंगे। जत्थे में सत्यम सिंह, नीरज कुमार, नीतीश रवानी, गंगाधर रवानी, प्रेम रवानी, आदर्श कुमार, शिवम सिन्हा आदि शामिल



# कहा- पिछले 20 वर्षों में मात्र 6 लाख 50 हजार लोगों को मिल रहा था पेंशन

**हमारी सरकार ने मात्र ढाई साल में 17 से 18 लाख पेंशन धारकों को जोड़ने का किया है काम कहा राज्य के हर वर्ग और तबके के हित को ध्यान में रखकर बनाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं**

दैनिक समाज जागरण दुमका (सुधांशु शेखर)

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार सर्वजन पेंशन योजना से सभी बुजुर्ग, दिव्यांग, परित्यक्ता, एकल महिला और विधवा आदि को अभियान चलाकर जोड़ रही है। जो भी इस योजना की पात्रता रखते हैं, वे छूटे नहीं। इसका निर्देश अधिकारियों को दिया जा चुका है।सरकार इन सभी का सहारा तो बन रही है। इनके साथ उनका मान- सम्मान और हक भी उन्हें दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद पिछले 20 वर्षों में मात्र 6 लाख 50 हजार लोगों को ही पेंशन का लाभ मिल रहा था वहीं हमारी सरकार ने मात्र ढाई साल में 17 से 18 लाख पेंशन धारकों को जोड़ने का काम किया है। वे आज पुलिस लाइन मैदान दुमका, में आयोजित सर्वजन पेंशन योजना, पेंशन वितरण-सह- जागरूकता कार्यक्रम तथा विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पुलिस लाइन मैदान स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

**समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने का हो रहा है काम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर वर्ग और तबके के हित को ध्यान में रखकर कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। आपके आशीर्वाद से हमारी सरकार बनी है तो आपको आपका हक और अधिकार मिले यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। हमारा प्रयास है कि राज्य के सबसे अंतिम व्यक्ति तक हमारी आवाज और सरकार की योजना पहुँचे। उन्होंने कहा कि राज्य के हर व्यक्ति के चेहरे पर हमें खुशी देखना है। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार अपनी कार्य योजनाओं को बना रही है और उसे धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है।

**जनता के बीच पहुंचकर जनता के लिए हो रहा काम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कोने-कोने में लोग गरीबी के साथ जी रहे थे, कुपोषण जैसी समस्याओं से समाज का पिछड़ा वर्ग जूझ रहा था, राज्य आगे बढ़ेगा कि नहीं ऐसी चिंता सता रही थी। सरकार बनते ही कोरोना ने कहर मचा रखा था, हम सब ने आपसी सहयोग से इसे परास्त कर देश के सामने मिसाल देने का काम किया है। अभी आने वाला समय में सुखाड़ जैसी स्थिति बन रही है, किसान अभी तक रोपनी भी नहीं कर पाए हैं। जहाँ खेती-बाड़ी से लेना-देना नहीं है वहाँ बाढ़ आ गया है और जहाँ 80% लोग खेती पर आश्रित हैं वहाँ एक बूंद पानी भी नहीं मिल पा रहा। हमारी सरकार कागजी सरकार नहीं है, हम लोगों के बीच जाकर काम करते हैं। हम किसानों, मजदूरों के हित के लिए कार्य कर रहे हैं।

**लोगों को मान सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले राशन कार्ड के माध्यम से लोगों को चावल के साथ-साथ तेल, नमक, चीनी, दाल मिलता था जो विगत कि सरकारों ने बंद करवा दिया हमारी सरकार फिर से लोगों के खोये सम्मान को वापस देने का काम कर रही है। अब हम राशन कार्ड धारकों को चावल, गेहूं और नमक तो दे ही रहे हैं जल्द ही उन्हें दाल भी उपलब्ध कराया जाएगा।



**गरीबों को 10 रुपये में दे रहे हैं धोती-साड़ी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत गरीबों को साल में दो बार 10 रुपए में धोती साड़ी दे रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया और कहा कि वे इससे जुड़े और दूसरों को भी जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

**बीपीएल बच्चे अब बन रहे अफसर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार व्यवस्थित तरीके से कार्य कर रही हैं। रिकॉर्ड टाइम में हमने जेपीएससी में पदाधिकारियों की नियुक्ति कराई। इस बहाली में 30-32 बच्चे बीपीएल परिवार के थे । उन्हें अफसर बनाकर बीपीएल से बाहर निकालने का काम किया है। राज्य में किसी तरह की बहाली के लिए नियमावली नहीं बानी थी। लोगों को प्राईवेट और ठेका पर रखकर काम कराया जा रहा था ।उनके सामाजिक सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था । अब नियुक्ति नियमावली बनाकर नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है।

**वर्षो से लंबित समस्याओं का कर रहे समाधान**

पारा शिक्षक 12 महीने में 11 महीना आंदोलन करते थे । लेकिन हमारी सरकार ने उनकी लंबित समस्याओं का समाधान कर एक नई मिसाल पेश की है। आज सरकार 65 से 70 हजार लोगों को रोजगार से जोड़ने का काम किया है। पारा शिक्षक अब 12 में से 11 महीना स्कूल में काम करते हैं। सरकार सभी वर्गों के हित के लिए सोच रही है। हम जितने भी अनुबंध पर कार्य कर रहें हैं उनकी समस्या का जल्द ही समाधान करेंगे।

**प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी का खर्च देगी सरकार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि 16 जुलाई को रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में निजी क्षेत्र के लिए लगभग चयनित 11,000 से ज्यादा युवाओं को जॉब ऑफर दिया गया। बेरोजगारों को आगे बढ़ाने के लिए रास्ते खोले हैं। जल्द ही किसी तरह के कंपटीशन के एग्जाम की तैयारी करने वाले बच्चों के तैयारी के लिए पूरा खर्च सरकार उठाने का काम करेगी, आने वाली पीढ़ी को बेहतर शिक्षा के लिए विदेश भेजने का भी खर्च सरकार उठा रही है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 59 योजनाओं का शिलान्यास किया, जिसकी लागत 31920.9849 लाख रुपये है। वहीं 8191.4133 लाख रुपये लागत की 53 योजनाओं का भी उद्घाटन किया।

अवसर पर मंत्री महिला,बाल विकास एवं सामाजिक कल्याण विभाग श्रीमति जोबा मांझी, विधायक शिकारीपाड़ा श्री नलिन सोरेन, विधायक पोड़ैयाहाट श्री प्रदीप यादव, विधायक दुमका श्री बसंत सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती जॉयस लुप्सी बेसरा, प्रधान सचिव महिला विकास एवं समाज कल्याण विभाग श्री अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय चौबे, संथाल परगना के डीआईजी श्री सुदर्शन मंडल, उपायुक्त श्री रवि शंकर शुक्ल, जिला प्रशासन के पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में लाभुक उपस्थित रहे

## श्रद्धालुओं की सेवा हेतु स्वैच्छिक रूप से विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा वॉलेंटियर्स के रूप में किया जा रहा है कार्य..

दैनिक समाज जागरण देवघर (सुधांशु शेखर)

छात्र, छात्राएँ वोलेन्टीयर के रूप में निःस्वार्थ भाव से श्रद्धालुओं की सेवा रूट लाईन में कर रहे है, ताकि उन्हें जलार्पण करने में किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े राजकीय श्रावणी मेला, 2022 के मद्देनजर काफी संख्या में श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ धाम की पावन नगरी देवघर आ रहे हैं। इस दौरान देवतुल्य श्रद्धालुओं को हर-संभव सुविधा व सहयोग उपलब्ध कराने के उदेश्य से रूट लाईन (तिवारी चौक, शिवराम झा चौक, हदहदियापुल आदि) में स्वैच्छिक रूप से वॉलेंटियर्स के रूप में विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राएं कांवरियों/श्रद्धालुओं की सेवा कर रहे है। इन वॉलेंटियर्स द्वारा चिकित्सीय उपचार, पेयजल, मेडिकल कैम्प ले जाने में सहयोग करने के अलावा थके हुए एंव लम्बी दूरी चलने के कारण शारीरिक कष्ट की अवस्था में आने वाले श्रद्धालुओं को सहयोग करते हुए उन्हें हर-संभव सुविधा मुहैया कराने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही इनके द्वारा थके हुए कांवरियों को उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाया जा रहा है। इसके अलावे सभी कॉलेज के छात्र, छात्राएँ वोलेन्टीयर के रूप में निःस्वार्थ भाव से श्रद्धालुओं की सेवा रूट लाईन में कर रहे है, ताकि उन्हें जलार्पण करने में किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। इसके अलावा सहायता शिविरों की सहायता से भूले-बिछड़े हुए कांवरियों को उनके सगे संबंधियों, परिजनों से मिलाने का भी कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन का यह दायित्व है कि आगंतुक श्रद्धालुओं/कांवरियों को हर संभव सुविधा, सहायता और सुरक्षा मुहैया कराई जाय ताकि वे यहां से एक सुखद अनुभूति लेकर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें।



ज्ञात हो कि श्रावण मास के दौरान इन वॉलेंटियर्स की महत्ता इसलिए भी बढ़ जाती है कि इसके माध्यम से न जाने कितने श्रद्धालुओं को निःस्वार्थ भाव से सहयोग किया जाता है। इसके साथ अगर उन्हें चिकित्सीय उपचार की आवश्यकता है तो वो भी उपलब्ध कराई जाती है।

## लाताकांदर ग्राम मे गहराया पेय जल संकट, कुआं सुख जाने के कारण ग्रामीण परेशान

दैनिक समाज जागरण शिकारीपाड़ा/दुमका

शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र के लाताकांदर ग्राम में दिन प्रतिदिन गहराता जा रहा है पेयजल संकट, ग्राम के प्राणिक मोहल्ले में एक ही कुआं है एवं उस कुआं के भरोसे लगभग 70 घर आश्रित है वही गर्मी के दिनों में कुआं सुख जाता है और इस वर्ष भी कुआं सूख गया है इस कारण लोगों को पेयजल के लिए काफी असुविधा हो रही है जिस कारण आज ग्रामीणों के द्वारा सफाई की गई एवं नीचे जमा कचरा को उठा कर बाहर फेका गया,इस उम्मीद से की कुंआ मे थोड़ा बहुत पानी निकल आए, इस संबंध में आज शुक्रवार को ग्रामीणों ने कहा कि कुंआ सुख गया है और हम सभी ग्रामीण मिल कर कुआं से रस्सी बाल्टी के सहारे सफाई कर रहे हैं क्यों की कुआं के नीचे मलवा एवम कचरा जमा हुआ है और उस कचरा को निकालने के बाद थोड़ा बहुत पानी शायद आ जायेगा है और तो और कुआं का पानी काफी गंदा है फिर भी मजबूरी मे हमलोग यही गंदा पानी पीने को विवश है, ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले कई बार जनप्रतिनिधि, जल विभाग को पेयजल संकट के बारे में जानकारी दी गई है लेकिन आज तक ना तो जनप्रतिनिधि और ना ही विभाग किसी की ओर से पेयजल के लिए एक भी चापाकल तक नहीं लगवाया गया है, ग्रामीणों ने मांग की है कि मोहल्ले में जल्द से जल्द चापाकल लगवाया जाए ताकि पेय जल के लिए जो समस्या हो रही है उससे निजात मिल सके



## बीचगढ़ा माध्यमिक स्कूल बनाने की मांग को लेकर शिक्षा विभाग अधिकारी को सौंपा आवेदन

दैनिक समाज जागरण संवाददाता/ अनिल कुमार

मोहनपुरः प्रखंड के बीचगढा पंचायत में माध्यमिक विद्यालय कि मांग को लेकर शुक्रवार को पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया सुलेखा देवी और पंचायत समिति सदस्य कविता देवी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को एक आवेदन सौंपा है। उस आवेदन में माध्यमिक विद्यालय की मांग को लेकर मांग पत्र संकलन है। आवेदन के जरिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को कहा गया है कि पंचायत के 10 किलोमीटर के अंतर्गत कोई माध्यमिक विद्यालय नहीं है। जिसके चलते यहां के छात्र छात्राओं को आठवीं पास करने के बाद उच्च विद्यालय के अभाव में पठन-पाठन नहीं कर पाती है। ऐसे में छात्र छात्राओं को प्लस टू उच्च विद्यालय मोहनपुर पहुंचकर शिक्षा ग्रहण करते हैं साथ ही छात्र-छात्राओं को 10 किलोमीटर दूरी तय करने के दौरान आगमन में दुर्घटना का शंका बनी रहती है खासकर छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में मध्य विद्यालय बीचगढा में उत्क्रमित करते हुए उच्च विद्यालय में उत्क्रमण करने की आवश्यकता है। बताते चलें कि यहां के ग्रामीणों ने कई वर्ष पहले से इसकी मांग किया था की जल्द ही माध्यमिक विद्यालय खोला जाए ताकि यहां के छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण कर सके उधर शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि मांग जायज है । जल्द ही इस आवेदन के जरिए वरीय अधिकारी को सूचना दी जाएगी।



## डी ए वी सातर के छात्रों ने सीबीएसई बारहवीं की परीक्षा में परचम लहराया

**साइंस में आर्यन 95.4% अंक लाकर बने स्कूल टॉपर इस बार भी छात्र-छात्राओं का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा**

दैनिक समाज जागरण संवाददाता/ अनिल कुमार

देवघरः सीबीएसई की बारहवीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया। सीबीएसई की ओर से बारहवीं की परीक्षा का आयोजन 26 अप्रैल 2022 से लेकर 15 जून 2022 तक आयोजित किया गया। गौरतलब है कि कोरोना महामारी के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा का अयोजन दो सत्रों में किया था। स्थानीय विद्यालय डी ए वी पब्लिक स्कूल सातर से इस परीक्षा के विज्ञान संकाय में 91 एवं वाणिज्य संकाय में 46 छात्रों ने भाग लिया। सभी परीक्षार्थी उत्कृष्ट अंकों के साथ सफल हुए। विज्ञान संकाय में इस विद्यालय के आर्यन सिंह 95.4% अंक प्राप्त कर स्कूल का टॉपर बना, वहीं कामर्स संकाय में हार्दिक जलान 94.8% अंकों के साथ स्कूल टॉपर रहा। विज्ञान संकाय में 7 छात्रों एवं कामर्स संकाय में 5 छात्रों ने 90% से ज्यादा अंक प्राप्त कर स्कूल को गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सफलता पर बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं बताया कि विद्यालय के दो छात्रों ने जे ई ई के मेंस परीक्षा उत्तीर्ण कर के भी विद्यालय का नाम रोशन किया । उनकी सफलता पर डीएवी सीएमसी फेस-1 के निदेशक श्री जे पी शूर एवं विद्यालय की अध्यक्षा श्रीमती गीता देवी तुलस्यान ने दूरभाष पर सफल छात्रों, विद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकों को बधाई दी ।



## बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच हुआ गंगा मईया की भव्य आरती का आयोजन

दैनिक समाज जागरण

छपरा/दिघवारा (सारण)। सोनपुर अनुमंडल के दिघवारा प्रखंड के मथुरापुर गंगा घाट पर शुक्रवार को सावन की दशमी तिथि को गंगा मईया की भव्य पूजन एवं आरती का आयोजन सैदपुर निवासी समाजसेवी आदित्य, प्रमोद कुमार सिह के द्वारा आयोजित किया गया। गंगा तट पर आयोजित इस आरती में नगर पंचायत के विभिन वार्डों के निवासी, सैकड़ों, महिलाएं एवं पुरुषों के साथ ही अमुमण्डल के विभिन्न गांवों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर माता गंगा के दर्शन पूजन एवं विधिवत आरती की।



इस दौरान आमी अम्बिका भवानी के पुजारी आचार्य प्रेम तिवारी, सीपू तिवारी, कुंदन तिवारी, रणजीत तिवारी, धीरज तिवारी, बटुक बाबा, रमाकांत बाबा आदि के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मुख्य यजमान प्रमोद कुमार सिंह एवं पंकज कुमार ने सबसे पहले कलश पूजन व गणेश पूजन के साथ ही माता गंगा का आवाहन व विधिवत पूजन कर माता गंगा का आशीर्वाद लिए। वहीं उसके उपरांत माता गंगा की भव्य आरती बटुकों द्वारा वाराणसी की तर्ज पर की गई। उल्लेखनीय है कि मथुरापुर गंगा तट पर यह पहली बार गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस कारण आरती को देखने के लिये भी काफी भीड़ एकत्र हो गई। डंके व गाजे बाजे की ध्वनि एवं आचार्यों के उद्घघोषण ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से पंकज कुमार, राजकुमार, शैलेस कुमार, सुमन पासवान, हरेंद्र सिंह, नीतू सिंह, पवन कुमार के अलावा सैकड़ों युवा शामिल थे।

## डीएसपी तावडू सुरेन्द्र कुमार की हत्या के मामले में तीसरे सह-आरोपी को दबौचा

समाज जागरण नूंह जुबैर खान

नूंह डीएसपी तावडू सुरेन्द्र कुमार की हत्या के मामले में तीसरे सह-आरोपी जाबिद उर्फ बिल्ला पुत्र मगरू निवासी गंडवा थाना चौपानकी जिला अलवर(राजस्थान) को नूंह पुलिस ने गांव बीबीपुर थाना सदर नूंह से गिरफ्तार करके अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है ।बता दें कि, बता दें कि, डीएसपी तावडू सुरेन्द्र कुमार को 19 जुलाई को थाना सदर थाना के गांव पंचगांव में खननकताओं ने डंपर से मौत के घाट उतार दिया था जिसमें पुलिस ने उसी दिन आरोपी इक्कर को दबौच लिया था तथा बुधवार को डंपर चालक शब्बीर उर्फ मित्तर को राजस्थान के भरतपुर जिला से दबौचा गया है और गुरूवार को पेश अदालत कर रिमाण्ड लिया गया और अब तीसरे सह-आरोपी को भी दबौचा है।



## सड़क हादसा में 7 लोगों की दर्दनाक मौत 4 लोग गंभीर रूप से घायल

समाज जागरण नूंह जुबैर खान

नूंह जिला के पुन्हाना -होडल मार्ग पर गांव मढिया की मोड़ पर हाईवा डंपर की भिड़ंत में 7 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई तथा 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत पुन्हाना सामुदायिक स्वास्थ्य में दाखिल कराया जहां से डॉक्टरों ने घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उनका प्राथमिक उपचार कर नलहड के मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर बिछोर थाना पुलिस मौके पर पंहुची और कार्रवाई में जुट गई। खबर लिखे जाने तक केवल दो मृतकों की पहचान हो पाई हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए मांडी खेड़ा के जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को करीब तीन बजे पुन्हाना से सवारी लेकर एक ऑटो (थ्री व्हीलर) होडल के लिए चला। ऑटो में करीब के 11 सवारियां बताई जा रही थी। मढियाकी मोड के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे हाईवा डंपर ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ऑटो अनियंत्रित होकर सडक के साथ बने नाले में पलट गया और उपर से हाईवा डंपर भी ऑटो के उपर पलट गया। कीचड्डुक्त कच्चे नाले में दबने के कारण 7 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई । घटना के बाद आस पास के ग्रामीणों की भीड़ इका हो गई और हाइवा डंपर के नीचे दबी सवारियों को निकालने की कोशिश करने लगे। हादसा इतना भयानक था की ऑटो हाईवा डंपर के नीचे दबने से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इका हो गई और अपने स्तर पर फंसे हुए लोगों को निकालने लगे लेकिन कामयाब नहीं होने पर ग्रामीणों ने क्रेन की सहायता से ट्रक को ऑटो से हटाकर यात्रियों को बाहर निकाला। ट्रक से दबने के कारण ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आनन फानन में ग्रामीणों ने घायलों अस्पताल तक पंहुचाया।

हादसे के 40 मिनट बाद मौके पर पहुंची बिछोर पुलिस-

बिछोर थाना से मात्र चार सौ मीटर दूर हुए हादसे तक पहुँचने के लिए बिछोर पुलिस को 40 मिनट लग गए। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद पुलिस को सूचना दी गई लेकिन जब काफी देर बाद भी पुलिस नहीं आई तो मौके पर खडे ग्रामीण थाना पहुंचे और पुलिस को घटना के बारे में बताया। करीब 40 मिनट बाद पुलिस मौके पर पहुंची । ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीणों ने अपने स्तर पर क्रेन बुलाकर ट्रक को हटवाया और नाले मे दबे यात्रियों को बाहर निकाला।

मृतकों में दो लोगों की हुई शिनाख्त-

हादसे में मारे गए 7 लोगों में से खबर लिखे जाने तक केवल दो लोगों की शिनाख्त हुई है। जिनमें एक तिरवाडा गांव निवासी हाकम तथा

